राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 08 अंक: 59 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



आईपीएल 2023 शुरू होने में अभी एक महीने से ज्यादा समय बचा है। इससे पहले ही मुंबई इंडियंस को बड़ा झटका लगा है। भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईपीएल 2023 से बाहर हो गए हैं।

## तीन मार्च को ही होगा पंजाब का बजट सत्र




**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**पंजाब** विधानसभा का बजट सत्र तीन मार्च से ही होगा। पंजाब सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को यह जानकारी दी। सॉलिसिटर जनरल ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि राज्यपाल ने 3 मार्च को सुबह 10 बजे विधानसभा बुलाने का आदेश पारित किया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पंजाब सरकार राज्यपाल द्वारा मांगी गई जानकारी देने के लिए बाध्य है। पंजाब सरकार और गवर्नर के बीच टकराव पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संवैधानिक अधिकारियों को आधिकारिक संचार में निश्चित स्तर की बातचीत को बनाए रखना है। साथ ही, विधानसभा बुलाने पर कैबिनेट की सिफारिशों को स्वीकार करना भी राज्यपाल का कर्तव्य है।

## प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत: शिवराज सिंह चौहान



**भोपाल/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश विधानसभा में मंगलवार को पेश आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़ों पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि जो तथ्य सामने आए हैं, वह यह सिद्ध करते हैं कि मध्यप्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत है। उन्होंने कहा कि हमने वित्तीय अनुशासन और सुशासन के साथ सर्व-समावेशी विकास किया है। वहीं, दूसरी तरफ राज्य के बजट का आकार लगातार बढ़ा है। हमारा कर संग्रहण लगातार बढ़ता चला जा रहा है। मुझे यह कहते हुए गर्व है 2022-23 में मध्यप्रदेश की आर्थिक विकास दर में 16.43% की वृद्धि हुई है। आपको याद होगा। पिछली बार 2021-22 में हमारी आर्थिक वृद्धि दर 18.02% थी। अब 18.02% की वृद्धि दर के ऊपर फिर से 16% से ज्यादा वृद्धि दर हासिल करना अपने आप में यह सिद्ध करता है कि मध्यप्रदेश आर्थिक दृष्टि से भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।
**जीडीपी में कई गुना बढ़ोतरी:** शिवराज ने दावा किया कि मध्यप्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 2001-02 में 71, 594 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर अब 13.22 लाख करोड़ रुपये हो गया है। अब इससे अंदाज लगा सकते हैं, हमारी जीएसडीपी किस गति से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय देखें तो 2001-02 में 11,718 रुपये थी, जो 2011-12 में बढ़कर 38,497 रुपये और अब 2022-23 में 1.40 लाख रुपये हो चुकी है। प्रति व्यक्ति आय बढ़ने का मतलब है कि लोगों के पास लगातार आय के साधन बढ़ रहे हैं।
**कर्ज के आरोपों पर दिया जवाब:** शिवराज ने कहा कि विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि हम कर्ज लेते जा रहे हैं। जबकि हकीकत तो यह है कि कर्ज का अनुपात घटा है। ऋण और जीएसडीपी का 2005 में अनुपात 39.5 प्रतिशत था। कोविड महामारी के बावजूद यह अनुपात 2020-21 में घटकर 22.6 प्रतिशत रह गया था।

## एलन मस्क फिर दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी



**वॉशिंगटन:** टेस्ला के फाउंडर एलन मस्क ने फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति की पोजिशन फिर से हासिल कर ली है। टेस्ला के शेयर 5.5% बढ़कर 207.63 डॉलर पर पहुंच गए है जिस कारण मस्क की नेटवर्थ बढ़ी है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार मस्क की कुल नेटवर्थ 187.1 बिलियन डॉलर (करीब 15.4 लाख करोड़ रुपए) हो गई है। दुनिया के सबसे बड़े फैशन ग्रुप लुई वितॉ मोएट हेनेसी के बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ 185.3 बिलियन डॉलर (करीब 15.32 लाख करोड़ रुपए) है। अरनॉल्ट ने मस्क को दिसंबर के मिड में नंबर 1 की पोजिशन से हटाया था। तब से वो टॉप पर बने हुए थे।


# सिसोदिया को नहीं मिली 'सुप्रीम' राहत

### सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया की याचिका खारिज करते हुए कहा कि आपके लिए दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत याचिका सहित विभिन्न कानूनी उपाय उपलब्ध है



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को आबकारी नीति मामले में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की याचिका खारिज करते हुए कहा कि आपके लिए दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत याचिका सहित विभिन्न कानूनी उपाय उपलब्ध हैं। बता दें कि आबकारी नीति मामले में मुश्किलों में फंसे मनीष सिसोदिया ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।
**मनीष सिसोदिया की रविवार को हुई थी गिरफ्तारी:** बता दें कि दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को आबकारी नीति घोटाला मामले में रविवार को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। सोमवार को मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी ने देश भर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आप नेताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला था।
**मनीष सिसोदिया को पांच दिन की हिरासत में भेजा:** उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू की विशेष सीबीआई अदालत ने चार मार्च तक के लिए सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। रविवार को आठ घंटे की पूछताछ के बाद उनकी गिरफ्तारी हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक- चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा- आपको हाईकोर्ट जाना चाहिए था, सीधे सुप्रीम कोर्ट से जमानत क्यों मांग रहे हैं? यह ठीक परंपरा नहीं है। आम आदमी पार्टी ने इस फैसले पर कहा- हम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं। जमानत लेने के लिए अब हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाएगी। इधर, सीबीआई सिसोदिया से पूछताछ कर रही है।

### मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली:** दिल्ली में भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल सरकार के दो मंत्रियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दोनों का इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है। सिसोदिया को जहां शराब नीति केस में सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था, वहीं सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग केस में पिछले साल 30 मई से तिहाड़ जेल में बंद हैं। सिसोदिया केजरीवाल सरकार के सबसे ताकतवर मंत्री थे। उनके पास कुल 33 में से 18 विभाग थे। वहीं जैन के पास स्वास्थ्य, उद्योग समेत 7 मंत्रालयों की जिम्मेदारी थी। इन्हें बाद में सिसोदिया को सौंप दिया गया था। इधर, दोनों मंत्रियों के इस्तीफे के 15 मिनट बाद भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, 'हमें पता चला है कि मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने 9 महीने के बाद जैन का इस्तीफा स्वीकार किया। सिसोदिया 18 विभाग देखते हैं। जब उन पर आरोप लगे तो सफाई देने के बजाय वो इन विभागों पर बैठे रहे।'
**इस्तीफे में सिसोदिया ने शिक्षा मंत्री बनना सौभाग्य बताया:** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भेजे इस्तीफे में मनीष सिसोदिया ने लिखा- शिक्षा मंत्री के तौर पर मिली जिम्मेदारी शायद मेरे पिछले जनमों का कुछ पुण्य रहा होगा, जिनके फलस्वरूप मुझे इस जन्म में मां सरस्वती की सेवा का ऐसा महान अवसर मिला।

## दिसंबर 2024 तक देशभर में होगी 5जी सेवाएं: अश्वनी वैष्णव

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा है कि 2024 के दिसंबर माह तक पूरे देश में अत्याधुनिक संचार सेवा 5जी की पहुंच होगी। केन्द्रीय मंत्री ने एक पत्रकार वार्ता में इससे जुड़ी उपलब्धि साझा करते हुए बताया कि 5जी के रोलआउट से जुड़ा पहले चरण का लक्ष्य 31 मार्च के निर्धारित समय से काफी पहले ही प्राप्त किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 387 जिलों तक दूरसंचार कंपनियों की 5जी सेवा पहुंच चुकी है। केन्द्रीय मंत्री ने पत्रकार वार्ता में बताया कि भारत में टेलीकॉम क्षेत्र सनराइज सेक्टर बनकर उभरा है। यह बड़े गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के दूरसंचार क्षेत्र को जीएसएमए द्वारा गवर्नमेंट लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

## टारगेट किलिंग पर कश्मीरी पंडितों का प्रदर्शन



**पुलवामा/जम्मू/टीम एक्शन इंडिया**
**जम्मू-कश्मीर** के पुलवामा में टारगेट किलिंग में मारे गए कश्मीरी पंडित संजय शर्मा का सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके अंतिम संस्कार में पुलिस अधिकारियों समेत कई नेता और स्थानीय लोग शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी संजय शर्मा के परिजनों से मुलाकात की। आतंकियों ने रविवार को सुरक्षाकर्मी शर्मा को उस समय गोली मार दी थी, जब वह बाजार में पत्नी के साथ जा रहे थे। वहीं, हत्या के विरोध में सैकड़ों कश्मीरी पंडितों ने जम्मू में विरोध प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री पैकेज के तहत नौकरी कर रहे कश्मीरी पंडितों ने कश्मीर से बाहर ट्रांसफर की अपनी मांग दोहराई। भाजपा, शिवसेना, डोगरा फ्रंट और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने टारगेट किलिंग के खिलाफ प्रदर्शन किया। पीडीपी प्रमुख और पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने सवाल किया कि अगर आतंकवाद खत्म हो गया तो उसे किसने मारा? सरकार क्या कर रही है?

**नाराजगी**
= प्रधानमंत्री पैकेज के तहत नौकरी कर रहे कश्मीरी पंडितों ने कश्मीर से बाहर ट्रांसफर की अपनी मांग दोहराई

# आतंकियों का एनकाउंटर: कश्मीरी पंडित की हत्या करने वाला ढेर

**अवंतीपोरा/टीम एक्शन इंडिया**
कश्मीर में अवंतीपोरा के पडगामपोरा इलाके में सेना और आतंकियों के बीच सोमवार रात से चल रही मुठभेड़ खत्म हो गई। मंगलवार दोपहर तक सेना ने 2 आतंकियों को ढेर कर दिया। पुलिस ने मारे गए आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। बाकी आतंकियों की तलाशी अभी भी चल रही है। डीआईजी रईस मोहम्मद भट ने बताया कि पहले मारा गया आतंकी अकीब मुश्ताक भट और दूसरा आतंकी एजाज अहमद भट है। एजाज, जैश के लिए काम करता था।

**मुठभेड़**
= पुलिस ने मारे गए आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है



**अकीब ने ही संजय की टारगेट किलिंग की थी:** अकीब वही आतंकी था, जिसने रविवार को सुरक्षाकर्मी और कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या कर दी थी। अकीब ए कैटेगरी का लिस्टेड आतंकी था। उसने शुरूआत में हिजबुल मुजाहिद्दीन के लिए काम किया, इन दिनों वह टीआरएफ के साथ काम कर रहा था।
**मुठभेड़ में घायल जवान शहीद:** इस मुठभेड़ दौरान सेना के दो जवान घायल हो गए थे। इनमें से एक जवान की 92 बेस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कश्मीर जोन पुलिस के मुताबिक इलाके में और भी आतंकियों के छिपे होने की खबर है। सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सेना ने इलाके के अपने कब्जे में ले लिया है और आतंकियों की तलाश की जा रही है।
**रविवार को हुई थी संजय शर्मा की हत्या:** आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में रविवार को सुरक्षाकर्मी शर्मा को उस समय गोली मार दी थी, जब वह बाजार में पत्नी के साथ जा रहे थे।


## कर्नाटक: युवक की तलवार मारकर हत्या

**बेंगलुरु:** कर्नाटक के बीदर जिले में एक 26 साल के युवक की बीच सड़क हत्या कर दी गई। त्रिपुरांथ गांव में हुई यह घटना किसी ने अपने फोन में रिकॉर्ड कर ली। हमलावर तलवार और धारदार हथियार लेकर आए थे। आनंद फुले नाम के इस शख्स पर जब हमला हो रहा था, वहां खड़े लोग वीडियो बनाते रहे। पुलिस के मुताबिक, हमलावरों ने पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए आनंद की हत्या की। अधिकारी ने कहा कि हमलावर आनंद को मारने के बाद वहां से भाग गए। घायल फुले को उमरगा अस्पताल लाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

## तीसरी तिमाही में 4.4 फीसद रही विकास दर




**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**सांख्यिकी** और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने अक्टूबर-दिसंबर 2022 तिमाही के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों को जारी कर दिया है। ताजा आंकड़ों के अनुसार तीसरी तिमाही में भारत की जीडीपी 4.4 फीसद रिकॉर्ड की गई है। जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की जीडीपी की वृद्धि 6.3 प्रतिशत थी, जबकि अप्रैल-जून तिमाही में भारत की वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत आंकी गई थी । इसके अलावा सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय FY2022-23 के लिए जीडीपी का दूसरा अग्रिम अनुमान भी जारी कर दिया है। पिछले महीने जारी पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, भारत की जीडीपी वृद्धि को वित्त वर्ष 23 के लिए 7 प्रतिशत पर आंका गया था। इसके साथ ही सरकार ने FY2021-22 के भारत के आर्थिक विकास के संशोधित अनुमान भी जारी कर दिए गए हैं। मई 2022 में मंत्रालय द्वारा इसके 8.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। आपको बता दें कि केंद्रीय बैंक ने तीसरी और चौथी तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि के क्रमशः 4.4 प्रतिशत और 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।




**वार्षिक पारितोषिक** विद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यमंत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की

# 'उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला बनेगा स्मार्ट स्कूल'



**शिमला/चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि शिक्षा वर्तमान प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है ताकि वह भविष्य की चुनौतियों का सामना कर अपना ध्येय प्राप्त कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रदेश में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने आगामी 10 वर्षों में सम्पूर्ण शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और सरकार का पहला बजट शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में केन्द्रित होगा। विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए अध्यापकों को विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय बदल रहा है और राज्य सरकार बजट में शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के साथ.साथ नए पाठ्यक्रम शुरू करेगी ताकि विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार शिक्षा ग्रहण करें।

उन्होंने कहा कि अनाथ बच्चों की मदद के लिए सरकार ने 101 करोड़ रुपये की लागत से मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना शुरू की है, जिससे छः हजार अनाथ बच्चे लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में गोद लेगी और उनकी शिक्षाए पॉकेट मनी आदि आवश्यकताएं पूर्ण करने के लिए धन उपलब्ध कराएगी।

# हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल कारगर सिद्ध हो रहा

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई हाई पॉवर वर्किंग कमेटी में लगभग 155 करोड़ रुपये की 4 परियोजनाओं को मिली मंजूरी

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा इंजीनियरिंग वर्क्स के लिए पहली बार ई-निविदाएं आमंत्रित करने के लिए आरंभ किया गया हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स (एचईडब्ल्यू) पोर्टल कारगर सिद्ध हो रहा है। पहली बार 10 करोड़ रुपये से अधिक के इंजीनियरिंग कार्यों के आवंटन के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई हाई पॉवर वर्किंग कमेटी में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण की लगभग 155 करोड़ रुपये की 4 परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में गुरुग्राम की मुख्य सड़क एमजी रोड का दिल्ली के लौधी रोड की तर्ज पर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इफको चौक से सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन तक सर्विस लेन, वेंडर जोन तथा बस क्यू शेल्टर को भी नया रूप दिया जाएगा। धनवापुर में 100 एमएलडी एसटीपी के निर्माण, बसई व बहरमपुर में सब स्टेशन से संबंधित परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि पहली बार इंजीनियरिंग कार्यों के लिए एचईडब्ल्यू पोर्टल एक नया प्रयोग है। अब निविदाओं में भाग लेने वाले ठेकेदारों में से एल-1 और एल-2 बुलाया गया। ठेकेदारों से बातचीत कर कुल 2.62 करोड़ रुपये की बचत की गई। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में गुरुग्राम व फरीदाबाद की 10 परियोजनाओं के कार्य आवंटन का एजेंडा रखा गया था। इनमें से 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। कुछ तकनीकि खामियों के कारण शेष परियोजनाओं को आगामी बैठक में रखा जाएगा। जी-20 के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देश के लिए गौरव की बात है कि भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिली है। गुरुग्राम में 1 से 4 मार्च तक बैठकें होनी हैं। वे स्वयं भी इन बैठकों का हिस्सा होंगे। हरियाणा सरकार का प्रयास है कि सभी जी-20 सदस्य देशों के प्रतिनिधि हरियाणा से अच्छी यादें लेकर जाएं। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डी एस ढेसी, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण व फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री ने नगर निकाय के दो अधिकारियों को सस्पेंड करने के दिए

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कार्य में कोताही बरतने पर सख्त संज्ञान लेते हुए नगर निगम, सोनीपत में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता गौरव गुलिया तथा नगर पालिका, जुलाना के सचिव ललित गोयल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री नगर दर्शन पोर्टल की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता उपस्थित थे। मनोहर लाल नगर दर्शन पोर्टल पर शहरी निकायों से संबंधित नागरिकों द्वारा विकास कार्यों से संबंधित भेजी गई मांगों और उन पर चल रहे कार्यों के बारे में विस्तार से समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान विकास कार्यों के क्रियान्वयन में देरी तथा कुछ अनियमितताएं पाए जाने पर मुख्यमंत्री ने उपरोक्त दोनों अधिकारियों को सस्पेंड करने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य आमजन को सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ सभी विकास कार्य समयबद्ध तरीके से करवाना सुनिश्चित करना है। अधिकारियों व कर्मचारियों के स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## माइनर में डूबने से बच्चे की मौत

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
गांव खरकरामजी के निकट खेलते समय माइनर में डूबने से बच्चे की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक बालक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। गांव पाथरी (पानीपत) निवासी गोपाल गांव खरकरामजी हैचरी मे मजदूरी करता है और परिवार समेत वहीं पर रह रहा है। गोपाल का छह वर्षीय बेटा प्रिंस थापा अपने हम उम्र दोस्तों के साथ माइनर पर खेल रहा था। इसी दौरान प्रिंस की चप्पल माइनर में जा गिरी। चप्पल निकालने के फेर मे प्रिंस माइनर में गिर कर डूब गया। प्रिंस के माइनर गिरा देख उसके साथी हैचरी पहुंचे ओर उसके डूबने के बारे में बताया। जब तक प्रिंस को माइनर मे तलाशा जाता काफी देर हो चुकी थी। प्रिंस को पहले सीएचसी खरकरामजी तथा बाद में सामान्य अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सदर थाना पुलिस ने मृत बालक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

# 'कनाडा की तकनीक और हरियाणा के किसानों की मेहनत, खेती में स्थापित करेंगी नए आयाम'

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी दलाल ने कहा कि कनाडा की तकनीक और हरियाणा के किसानों की मेहनत खेती में एक नया आयाम स्थापित करेगी। इस तकनीकी के लिए कृषि प्रधान देश कनाडा और कृषि प्रधान राज्य हरियाणा एक-दूसरे के साथ आधुनिकतम तकनीक, मशीनरी को सांझा करेंगे। दलाल ने यह बात मंगलवार को पिहोवा वेजिटेबल प्रोड्यूसर कम्पनी द्वारा जिला कुरुक्षेत्र के गांव तलहेड़ी के एफपीओ पैक हाऊस में आयोजित स्वच्छ बीज उत्तरी किसान प्रौद्योगिकी प्रदर्शन एवं कनाडा के प्रतिनिधि मंडल के साथ आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि प्रधान देश कनाडा की स्मार्ट सीडर मशीन का डेमो पिहोवा-कुरुक्षेत्र में दिखाया गया है। इस डेमो के बाद इस आधुनिक तकनीक की मशीन को भारत सरकार के माध्यम से खेती के लिए उपयोग किया जाएगा। इससे किसानों को निश्चित तौर पर फायदा होगा। उन्होंने कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर, कनाडा के स्कैचवन राज्य के प्रीमियर स्कॉट मोई और बागवानी विभाग के महानिदेशक डा. अर्जुन सिंह सैनी के साथ एफपीओ पैक हाउस का अवलोकन किया। इस दौरान स्मार्ट सीडर मशीन का डेमोंस्ट्रेशन देखा तथा उसके बारे में विस्तार से जानकारी ली है। उन्होंने कहा कि पेरिस, फ्रांस, हॉलैंड जैसे देशों में स्थापित दुनिया की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय मंडियों की तर्ज पर हरियाणा के गन्नौर में 550 एकड़ में अंतर्राष्ट्रीय सब्जी मंडी स्थापित की जाएगी। इसके लिए जल्द ही टेंडर अलाट कर दिए जाएंगे। इससे किसानों के उत्पाद विदेशों तक पहुंचेंगे, इससे न केवल किसानों की आमदनी बढ़ेगी, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार मिलेगा तथा मंडी में विश्व स्तर की सुविधाएं उपलब्ध होंगी और सुविधाएं उपलब्ध होने से व्यापारी भी भारी संख्या में वहां आएंगे। दलाल ने कहा कि किसानों के लिए पिछले कई वर्षों में मशीनीकरण हुआ है और कृषि के आधुनिक तरीके अपनाए गए हैं। वर्तमान में ड्रोन स्मार्ट एग्रीकल्चर का जमाना है, इसी तरह क्लीन सीड कृषि बदलाव की एक बेहतरीन तकनीक है।



> 8 कृषि प्रधान देश कनाडा की स्मार्ट सीडर मशीन का डेमो पिहोवा-कुरुक्षेत्र में दिखाया गया है

# दस हजार एकड़ में केन्द्र सरकार बनाएगी अरावली सफारी पार्क

**नारनौल/टीम एक्शन इंडियाी**
हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि राज्य का बजट प्रदेश के विकास को नई दिशा देने वाला है। किसी प्रकार का नया टैक्स लगाए बिना एक लाख 83 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार अफ्रीका की तर्ज पर गुरुग्राम के पास अरावली पर्वत श्रृंखला में लगभग दस हजार एकड़ में एक सफारी पार्क बनाएगी। बिजली मंत्री रणजीत सिंह मंगलवार को जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने हरियाणा के बजट को ऐतिहासिक बताते हुए क कहा कि इसमें हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। एक सवाल के जवाब में मंत्री सिंह ने कहा कि हरियाणा को पर्यटन के क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए अफ्रीका की तर्ज पर गुरुग्राम के साथ अरावली पर्वत श्रृंखला में लगभग दस हजार एकड़ में एक सफारी पार्क बनाया जाएगा। यह केंद्र सरकार का प्रोजेक्ट है। इसे अरावली सफारी के नाम से जाना जाएगा। दिल्ली के नजदीक यह सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र होगा। यह देश ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटकों के लिए भी बड़ा आकर्षण का केंद्र होगा। विभाग की टीमें लगातार औचक निरीक्षण कर रही है। उन्होंने कहा कि अब उपभोक्ता ईमानदारी के साथ अपना बिजली का बिल भर रहे हैं।



# वर्ष 2015 में एचटेट पास अभ्यर्थी कर सकेंगे टीजीटी के लिए आवेदन

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग टीजीटी भर्ती में वर्ष 2015 में एचटेट पास करने वाले अभ्यर्थियों को भी मौका देगा। इस संबंध में आयोग ने अधिसूचना जारी कर दी है। आयोग के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि ऐसे अभ्यर्थी, जिनके पास विज्ञापन संख्या 02/2022 के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि यानी 26 अक्तूबर, 2022 को वैध एचटेट / एसटेट प्रमाण पत्र थे, वे भी अब टीजीटी भर्ती के लिए नए विज्ञापन संख्या 02/2023 (विभिन्न श्रेणी) में आवेदन कर सकते हैं। बशर्ते कि इन उम्मीदवार के पास वैध एचटेट, एसटेट प्रमाणपत्र हो और विज्ञापन में उल्लिखित 26 अक्तूबर, 2022 को या उससे पहले आयु मानदंड को पूरा करते हों। प्रवक्ता ने बताया कि शिक्षा विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती करने के लिए 27 सितंबर, 2022 को आयोग ने अपने विज्ञापन संख्या 02/2022 के माध्यम से पदों को विज्ञापित किया गया था। हालांकि, वर्ष 2015 से 2022 की अवधि के दौरान टीजीटी के पदों पर भर्ती नहीं की गई और आयोग ने बिना कोई आवेदन स्वीकार किए विज्ञापन संख्या 02/2022 को वापस ले लिया। इस विज्ञापन में आवेदन भरने के लिए आरंभ तथा अंतिम तिथि क्रमशः 5 अक्तूबर, 2022 एवं 26 अक्तूबर, 2022 थी। हालांकि, प्रशासनिक, तकनीकी कारणों से कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया गया। इसलिए वर्ष 2015 में एचटेट पास करने वाले अभ्यर्थी भर्ती परीक्षा में आवेदन व उपस्थित हुए बिना ही अपात्र हो गए। इसके अलावा, इस अवधि के दौरान दो साल तक कोविड महामारी रही।

# ट्रैक्टर ट्राली ने मारी टक्कर, मां-बेटी की मौत, एक गंभीर

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
सफीदों स्थित पुराना बस अड्डे के निकट मंगलवार को एक धान से भरी ओवरलोडिड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार बालिका ओर उसकी मां की मौत हो गई। जबकि महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव निम्नाबाद निवासी आजाद (30), उसकी पत्नी पारूल (26), उनकी बेटी सीरत (चार साल) मंगलवार को बाइक पर सवार होकर सफीदों शहर से घर वापस लौट रहे थे। जब वे पुराना बस अड्डे के निकट अग्रसेन चौक पर पहुंचे तो तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें आजाद, उसकी पत्नी तथा बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों ने तीनों को सामान्य अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने पारूल तथा उसकी बेटी सीरत को

# गुरुग्रामः 40 लाख की गाड़ी में जी-20 के लिए सजावट के गमले किए गायब

## वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर हो रही फजीहत, जीएमडीए के नोडल अधिकारी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुग्राम-दिल्ली सरहौल बॉर्डर पर जी-20 की बैठक में आने वाले विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए लगाया गया जी-20 की प्रतीक चिन्ह और उसके आसपास फूलों से सजे गमलों की दो लोगों ने दिन-दहाड़े चोरी ही कर ली। वे एक महंगी गाड़ी में आए और गाड़ी में काफी गमलों को उठाकर ले गए। किसी ने उनकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पुलिस ने इस मामले में शिकायत मिलने पर केस दर्ज किया है। बता दें कि जी-20 की गुरुग्राम में होने वाली बैठक को लेकर गुरुग्राम को विशेष तौर पर सजाया गया है। कहीं पर पेंटिंग से तो कहीं रंग-बिरंगे फूलों से सजावट करके विदेशियों को यहां गुड फील कराने की भरपूर तैयारियां हैं। इन सब तैयारियों के बीच दो लोगों की हरकत ने गुरुग्राम की सिर शर्म से झुका दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दो लोग सरहौल बॉर्डर पर की गई सजावट से गमलों को उठाकर अपनी गाड़ी में रख रहे हैं। करीब 40 लाख रुपये की गाड़ी में कुछ हजार के गमलों की उन्होंने चोरी करके ना केवल अपनी संकीर्ण मानसिकता का परिचय दिया, बल्कि उनके बारे में सोशल मीडिया पर लोग खुलकर भड़ास निकाल रहे हैं। विदेशियों की नजर में अच्छा नजर आने के लिए सरकार, प्रशासन कई दिनों से अलग-अलग तरह से तैयारियों में जुटे हैं। शहर के चौक-चौराहों, फ्लाईओवर, मेट्रो समेत अन्य स्थानों पर पेंटिंग, हॉर्डिंग के माध्यम से खूब सजावट की गई है। दूसरी तरह गमले चोरी करने वाले दो लोगों की हरकत ने गुरुग्राम को शर्मिंदा करने का भी काम किया है। उनके द्वारा गमलों की चोरी करने के मामले में जीएमडीए के नोडल अधिकारी सुभाष यादव की ओर से डीएलएफ फेज-2 थाने में शिकायत देकर केस दर्ज कराया गया है। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है। जीएमडीए के ज्वाइंट सीईओ एसके चहल का कहना है कि विदेशों से आने वाले लोगों के समक्ष हमें अपनी छवि अच्छी बनाकर रखनी चाहिए। हमें अच्छे काम करने चाहिए। सभी को सहयोग भी करना चाहिए।



> 8 गाड़ी में कुछ हजार के गमलों की उन्होंने चोरी करके ना केवल अपनी संकीर्ण मानसिकता का परिचय दिया

# अंडरपास को लेकर महापंचायत का क्रमिक अनशन शुरू करने का फैसला

**नारनौल/टीम एक्शन इंडिया**
अटेली मंडी में अंडरपास के निर्माण की मांग को लेकर मंगलवार को एक महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में अटेली कस्बा के अलावा अनेक गांव के ग्रामीण शामिल हुए। महापंचायत में निर्णय लिया गया कि जब तक अंडरपास का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक धरने पर बैठे लोग क्रमिक अनशन करेंगे तथा अपना आंदोलन तेज करेंगे। एकत्रित लोगों ने बताया कि अटेली में बने हुए रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे अंडर पास नहीं होने के कारण कस्बा वासियों को काफी परेशानी हो रही है। अटेली कस्बा के बहरोड़ रोड पर रेलवे ओवरब्रिज बना हुआ है। इसके नीचे से 3 रेलवे लाइन जाती हैं। जिसमें से एक मुख्य लाइन के अलावा 2 लाइनें कॉरिडोर की हैं, जो माल गाड़ियों के आवाजाही के लिए काम आती है। इस ओवरब्रिज के नीचे दोनों ओर काफी बस्तियां बनी हुई है तथा पुल की लंबाई ज्यादा होने के कारण यहां के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। यहां के लोगों ने अंडरपास बनाने की मांग की थी, लेकिन लंबे समय से उनकी यह मांग पूरी नहीं हो पाई है। जिसके चलते यहां के लोगों को रोजाना रेलवे लाइन पार करनी पड़ती है। जिसके चलते यहां के लोग करीब एक माह से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ हैं। लोगों ने बताया कि वे 3 साल से समस्या उठा रहे हैं।

> 8 लोगों ने अंडरपास बनाने की मांग की थी, लेकिन लंबे समय से उनकी यह मांग पूरी नहीं हो पाई है

## कार दुर्घटना में सिपाही की हुई मौत

**यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया**
साढ़ौरा-बिलासपुर रोड पर सोमवार देर रात दो कारों की टक्कर में एक कार चालक हरियाणा पुलिस में तैनात सिपाही की मौत हो गई। वह यमुनानगर पुलिस के यातायात विभाग में राइडर की ड्यूटी कर रहा था। कार चालक मौके से कार सहित फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौप दिया। अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक सिपाही की पहचान गुरुदेव सिंह निवासी मारवाकलां के रूप में हुई।

# 'चारों ग्राम पंचायतों को उपलब्ध करवाए जाएंगे टैंकर'

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
हिसार लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा है कि गांव बास की चारों ग्राम पंचायतों को सांसद निधि से एक-एक पानी का टैंकर उपलब्ध करवाया जाएगा, ताकि लोगों को पानी की कोई कमी नहीं रहे। उन्होंने बताया कि गांव में जलापूर्ति के लिए बुस्टिंग स्टेशन व सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण को मंजूरी मिल चुकी है। सांसद बृजेंद्र सिंह मंगलवार को नारनौंद हलके के गांव बास में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस गांव में गंदे पानी की निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। इस विकास परियोजना के लिए जगह भी चिन्हित कर ली गई है। पर्याप्त जलापूर्ति के लिए राज्य सरकार द्वारा एक बुस्टिंग स्टेशन बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इन सभी विकास परियोजनाओं पर जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा। सांसद ने कहा कि गांव बास के चारों पंचायतों को एक-एक पानी का टैंकर भी उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले किसी भी घर में पानी की कोई कमी न रहे। पानी के टैंकर आगामी एक-दो माह में ग्राम पंचायतों को वितरित किए जाएंगे। सांसद ने कहा कि जल्द ही पोंड अथॉरिटी ऑफ हरियाणा के अधिकारियों से बातचीत कर गांव के दो-तीन तालाबों का जीर्णोद्धार करवाया जाएगा। तालाबों के जीर्णोद्धार होने के बाद पशुओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। ग्रामीणों द्वारा गांव के विकास को लेकर सांसद के सम्मुख कई मांगे रखी। सांसद ने कहा कि सभी कामों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाए जाने के प्रयास किए जाएंगे।



> 8 सांसद ने कहा कि सभी कामों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाए जाने के प्रयास किए जाएंगे

# बुआई आरंभ होने से पहले घोषित किये जाते हैं फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य

## कृषि आदानों के लिए फिर प्रधानमंत्री ने जारी की है किसान सम्मान निधि की 13वीं किस्त

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने सदैव किसान हितैषी निर्णय लिए हैं। पिछले 8 वर्षों से फसलों की बुआई सीजन आरंभ होने से पहले न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किये जाते हैं ताकि किसान अपनी मर्जी से फसल बुआई का चयन कर सके और अपनी आमदनी बढ़ा सके। इतना ही नहीं कृषि आदानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत हर साल 2-2 हजार रुपये की तीन किस्त जारी की जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के खातों में 13वीं किस्त जारी की है, इसके लिए मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर हरियाणा वासियों की ओर से प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य के नाम पर किसानों को बहकाती रहती थी। परन्तु अब सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य का स्थाई फार्मूला तय कर दिया है और बुआई सीजन आरंभ होने से पहले ही किसानों को पता चल जाता है कि आगामी खरीद सीजन में कौन सी फसल किस मूल्य में बेची जा सकती है, उसी के अनुसार वह फसलों की बुआई करना का फैसला ले सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारें स्वामीनाथन आयोग के नाम पर भी किसानों को बरगलाती थीं। हरियाणा सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए 12 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा वर्ष 2015 में ही देने की शुरुआत की थी जबकि स्वामीनाथन आयोग ने अपनी सिफारिशों में 10 हजार प्रति एकड़ देने की बात की थी। हरियाणा सरकार ने तो किसानों को स्वामीनाथन प्लस दिया है। अब सरकार ने इस राशि को बढ़ाकर 15 हजार प्रति एकड़ किया है जो देश में सर्वाधिक है। पिछली सरकारें किसान को बेचारा ही रहना देना चाहती थी परंतु आज आईटी के युग में किसान आधुनिक तकनीक के साथ खेती कर रहा है। हरित क्रांति में अपनी कड़ी मेहनत से देश को खाद्यान्नों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला हरियाणा का किसान आज नील क्रांति व श्वेत क्रांति की ओर अग्रसर है।



> 8 पहले की सरकारें स्वामीनाथन आयोग के नाम पर भी किसानों को बरगलाती थीं

# नगर परिषद का बिल्डिंग इंस्पेक्टर सस्पेंड

**नारनौल/टीम एक्शन इंडिया**
नारनौल पंचायत भवन में मंगलवार को जन परिवेदना एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने एक शिकायत पर सुनवाई करते हुए नगर परिषद के बिल्डिंग इंस्पेक्टर विकास शर्मा को सस्पेंड कर दिया। साथ ही उन्होंने इस मामले में एडीसी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित कर जांच के आदेश भी दिए हैं। जांच में अगर नगर परिषद के एक्सइएन भी अगर दोषी पाए गए तो उन्हें भी सस्पेंड किया जाएगा। इस बैठक में निर्धारित 11 परिवादों को सुनने के बाद लोगों की समस्याएं भी सुनी गई। इसी दौरान समाजसेवी उमाकांत छक्कड़ ने एक मामला उठाते हुए कहा कि नगर परिषद में व्यापक भ्रष्टाचार फैला हुआ है तथा इसकी वे सभी अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। इसके बावजूद भी ऐसे अधिकारियों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद में प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर बहुत बड़ा घोटाला हो रहा है। उन्होंने खुद का उदाहरण देते हुए बताया कि उनका भी एक कार्य कई महीनों से अटका हुआ है तथा बिना रिश्वत के वह काम नहीं हो रहा। इसी बीच ग्रीवेंस मेंबर छोटू पहलवान ने भी कहा कि नगर परिषद में व्यापक भ्रष्टाचार है तथा नगर परिषद के एक्सइएन और बिल्डिंग इंस्पेक्टर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। जिसके कारण लोग परेशान हैं। इस पर लगभग सभी सदस्यों ने पुष्टि की कि नगर परिषद में इस प्रकार के भ्रष्टाचार के किस्से उन्होंने सुने हैं। जिसके बाद मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने नगर परिषद के बिल्डिंग इंस्पेक्टर विकास शर्मा को सस्पेंड करने के ऑर्डर दिए। मंत्री ने कहा कि इस पूरे मामले की जांच एडीसी की अध्यक्षता में आयोजित एक कमेटी करेगी। अगर इस कमेटी की उनकी रिपोर्ट में नगर परिषद के एक्सइएन दोषी पाए गए, तो उन्हें भी सस्पेंड किया जाएगा।

> 8 बिजली मंत्री ने एक शिकायत पर सुनवाई करते हुए नगर परिषद के बिल्डिंग इंस्पेक्टर शर्मा को सस्पेंड कर दिया

# गुरुग्राम के ग्रामीण अंचल में 44 सरकारी स्कूलों को मिले स्मार्ट क्लास रूम

## सरकारी स्कूलों में आएगी डिजिटल क्रांति, कंप्यूटर शिक्षा व निपुण हरियाणा मिशन को मजबूत करने की पहल

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों में बच्चों को स्मार्ट क्लास रूम के माध्यम से शिक्षा देने के लिए व निपुण हरियाणा मिशन को मजबूत करने के लिए, हरियाणा शिक्षा विभाग, लोटस पेटल चैरिटेबल फाउंडेशन व पंजाब नेशनल बैंक हाउसिंग एंड फाइनेंस ने एक अनोखी पहल की है। इसके तहत जिला के 44 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूप बनाए गए हैं। इसकी शुरूआत जिले के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय बजघेड़ा में मुख्य अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी शशि बाला अहलावत ने स्मार्ट क्लास रूम का रिबन काटकर की। इस अवसर पर लोटस पेटल फाउंडेशन की सह-संस्थापक और सीटीओ सलोनी भारद्वाज, परमजीत कालरा, जिले के निपुण हरियाणा मिशन के जिला



नोडल अधिकारी मनोज कुमार लाकड़ा, बजघेड़ा गांव के सरपंच श्रीनिवास राणा सोनू, प्राचार्या चंचल नोहरिया, कुसुमलता हेड टीचर, एलएलएफ फाउंडेशन से उषा सोलंकी भी मौजूद रहे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी शशि बाला अहलावत ने कंप्यूटर का बटन दबाकर 44 स्कूलों में ई-अवसंरचनात्मक प्रतिष्ठानों या स्मार्ट क्लास रूम का उद्घाटन किया गया। राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित राष्ट्रीय अवॉर्डी शिक्षक व जिला समन्वयक मनोज कुमार लाकड़ा ने बताया कि ई-लर्निंग कार्यक्रम विद्या सहयोग में सोहना ब्लॉक में 7 और गुरुग्राम ब्लॉक में 37 सरकारी मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में इसकी शुरूआत की गई है। लोटस पेटल फाउंडेशन की सह संस्थापक सलोनी भारद्वाज ने बताया कि 44 सरकारी मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में ई-लर्निंग इंफ्रास्ट्रक्चर लगभग 1400 वंचित बच्चों की सीखने की खाई को पाटने में मदद करेगा। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी शशि बाला अहलावत ने गूगल मीटिंग में सभी स्कूलों को संबोधित करते हुए कहा कि इसके माध्यम से विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर प्रदान करके छात्रों के बीच मूलभूत शिक्षा को बढ़ावा देना मुख्य लक्ष्य है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे को डिजिटल रूप से नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में गुरुग्राम के 43 सरकारी स्कूलों ने वर्चुअली भाग लिया।

> 8 नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में गुरुग्राम के 43 सरकारी स्कूलों ने वर्चुअली भाग लिया

# सामाजिक सरोकार कार्यक्रम परस्पर सहयोग की मिसाल: सांसद डा. वत्स

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यसभा सांसद डा. डीपी वत्स ने कहा है कि सामाजिक सरोकार कार्यक्रम के तहत विभिन्न संस्थाओं का समाज निर्माण में सहयोग करना और अपने अर्जित लाभ में से कुछ अंश समाज के जरूरतमंदों को देना का कदम बेहतर समाज की नींव है। उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थाएं अपने इस सामाजिक दायित्व को भलीभांति पहचानते हुए बड़े ही शानदार तरीके से इसका निर्वाह भी कर रही हैं। वे मंगलवार को अग्रोहा स्थित महाराजा अग्रसेन मेडिकल कालेज के विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर रहे थे। उन्होंने गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना न्यूक्लियर पावर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा सामाजिक सरोकार परियोजना के तहत महाराजा अग्रसेन मेडिकल कालेज को प्रदत्त की गई एंबुलेंस का निरीक्षण कर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने नारियल फोड़ कर और हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस का विधिवत शुभारंभ किया और इसे




मरीजों की सेवा के लिए समर्पित किया। जनरल वत्स ने गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना के प्रोजेक्ट डायरेक्टर निरंजन कुमार मित्तल, सीएसआर चेयरमैन हृदयेश निगोतिया, डॉ. योगेंद्र प्रसाद को उनके इस सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और सराहना की। सांसद डीपी वत्स ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम रच रहा है और पूरा विश्व उनके नेतृत्व का लोहा मान रहा है। भारत के प्रत्येक नागरिक को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए मोदी सरकार ने विभिन्न योजनाओं को हर तबके को उपहार स्वरूप दिया है। उन्होंने कहा कि सेवा और सहयोग की जो मिसाल हमारे प्रधानमंत्री ने तुर्की को तत्काल मदद भेज कर पेश की है उसने हर भारतवासी का सीना गर्व से चौड़ा किया है। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज भी हर दिन अपने डॉक्टर्स और अन्य स्टाफ के बलबूते स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई परिभाषाएं गढ़ रहा है जो काफी प्रशंसनीय है और इसके लिए पूरा महाविद्यालय बधाई का पात्र है। इस दौरान सांसद जनरल डीपी वत्स ने कॉलेज परिसर के कैफिटेरिया के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया और सांसद निधि से मरीजों के परिजनों के लिए निर्माणाधीन धर्मशाला के निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए उचित निर्देश भी दिए।

# पहली कक्षा की मासूम छात्रा से दुष्कर्म करने वाले को उम्रकैद की सजा

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
पहली कक्षा की मासूम बालिका को रात्रि झोपड़ी से उठाकर उससे दुष्कर्म के दोषी को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश व फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज सुनील जिंदल की अदालत ने उम्रकैद व 95 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की राशि में से 80 हजार की राशि पीड़िता बालिका को मिलेगी। अदालत ने दोषी को आईपीसी की धारा 450, 363 व 366 में 5-5 साल की सजा व 5-5 हजार जुर्माना की सजा सुनाई है। पुलिस ने पीड़िता के दादा की शिकायत पर 10 जून 2022 को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी अशोक उर्फ शाका को इस मामले में गिरफ्तार किया था। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता के दादा ने बताया कि उसकी 8 वर्षीय पोती पहली कक्षा में पढ़ती है। पीड़िता का पिता जेल में है। उसकी माता का निधन हो चुका है। पीड़िता उसके साथ झोपड़ी में रहती है। 9 जून 2022 की रात्रि आरोपी पीड़िता को उठाकर ले गया और उससे गलत काम किया। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आरोपी अशोक उर्फ शाका को पोक्सो एक्ट की धारा 6 व आईपीसी की धारा 450, 363, 366 के तहत दोषी करार दिया था।

# महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपि. के लिए 8 महिला बॉक्सर चयनित

**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 15 से 26 मार्च तक होने वाली आईबा महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप को 12 सदस्यीय टीम में 8 महिला बॉक्सर हरियाणा की है। मंगलवार को बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भारतीय टीम की घोषणा की है। कैथल की मनीषा मौन का 57 किलोग्राम भार वर्ग में की का चयन हुआ है। मुक्केबाजी टीम में भिवानी की 5 महिला बॉक्सरों का भी चयन हुआ है। हरियाणा से एक साथ इतने खिलाड़ियों का चयन होने का लोगों ने स्वागत किया है। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रवक्ता राजनारायण पंघाल ने बताया कि



बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा चयनित 12 सदस्यीय टीम में आठ खिलाड़ियों का चयन अकेले हरियाणा से हुआ है जो हरियाणा प्रदेश के लिए गौरव की बात है। दिल्ली में आयोजित होने वाली इस द्विवार्षिक वैश्विक प्रतियोगिता में 74 से अधिक देशों के 350 से अधिक मुक्केबाज हिस्सा लेंगे, जबकि पिछली प्रतियोगिता में 73 देशों के 310 मुक्केबाजों ने भाग लिया था।

**हरियाणा की इन महिला मुक्केबाजों का हुआ चयन:** विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के लिए जिन खिलाड़ियों का चयन हुआ उनमें भिवानी से 48 किलोग्राम भार वर्ग में नीतू घनघस, 52 किलोग्राम में साक्षी, 60 किलोग्राम में जैस्मिन लंबोरिया, 81 किलोग्राम भार वर्ग में नूपुर श्योरान व 54 किलोग्राम भार वर्ग में प्रीति पंवार है। इसके अलावा 63 किलोग्राम भार वर्ग में हिसार की खिलाड़ी शशी चोपड़ा, 81 किलोग्राम भार वर्ग में स्वीटी बूरा व 57 किलोग्राम भार वर्ग में कैथल की मनीषा मौन का चयन हुआ है।

> 8 भारतीय टीम की घोषणा की है। कैथल की मनीषा मौन का 57 किलोग्राम भार वर्ग में की का चयन हुआ है

# जेई पर केस दर्ज, ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए मांगी थी रिश्वत

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
किसान से रिश्वत मांगने के मामले में पुलिस ने बिजली निगम की सबडिवीजन बड़ोपल के तत्कालीन सहायक फोरमैन कम जेई के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फिलहाल इस मामले में गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस को लिखे पत्र में सबडिवीजन के एसडीओ (ऑपरेशनल) नागेंद्र ने बताया कि वर्ष 2022 में बड़ोपल के एक किसान सुभाष चंद्र ने शिकायत देकर आरोप लगाया था कि सबडिवीजन के तत्कालीन सहायक फोरमैन कम जेई ओमकुमार ने उसका ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने के नाम पर उससे रिश्वत मांगी है। विभाग ने शिकायत के आधार मामले की जांच करवाई। एसडीओ ने बताया कि 16 मई 2022 को जांच रिपोर्ट में आरोप सही पाए गए, जिसके बाद अब जनवरी माह में उन्होंने एसपी को पत्र लिखकर इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की। सदर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पढाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लें विद्यार्थी: डा. विनोद

## लुवास को हिन्दी कविता व चित्रकारिता में दूसरा, मेहंदी व रंगोली में तीसरा स्थान

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ की ओर से अंतर-विश्वविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव सम्पन्न-2023 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक महोत्सव में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय सहित आठ विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। कॉलेज ऑफ डेयरी साइंस की छात्रा कोमल ने मेहंदी



व रंगोली में तीसरा स्थान, वीएलडीडी की छात्रा शिवानी ने हिंदी कविता में द्वितीय व वीएलडीडी की छात्रा दीक्षा ने चित्रकारिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जीत के बाद लुवास की पूरी टीम डॉ. विशाल शर्मा एवं डॉ. ऋचा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा, छात्र कल्याण निदेशक एवं एस्टेट ऑफिसर डॉ. डीएस दलाल, कुलसचिव, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग एवं सहायक छात्र कल्याण निदेशक (सांस्कृतिक) डॉ. दिव्या अग्निहोत्री से मिले। इस मौके पर कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि विद्यार्थी को पढाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। प्रो. वर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी एवं

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला की मौत

**पलवल/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर स्थित रसूलपुर चौक पर स्कूटी के साथ सड़क किनारे खड़ी दो महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई । घायल महिला का जीएच में ईलाज कराया जा रहा है। और मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। कैंप थाना के सब इंस्पेक्टर लक्ष्मीनारायण ने मंगलवार को बताया कि कृष्णा कॉलोनी निवासी नीरज ने दी लिखित शिकायत में कहा है कि दोपहर करीब एक बजे वह अपने पत्नी 32 वर्षीय मनीषा के साथ स्कूटी पर सवार होकर किसी काम से जा रहा था। रसूलपुर चौक पर वह सामान लेने के लिए रुका था। इसी दौरान मनीषा को उसकी सहेली प्रियंका मिल गई। वह सामान लेने के दुकान की तरफ चला गया। दोनों सहेली सड़क किनारे खड़ी होकर बातचीत करने लगी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आए ट्रक ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मनीषा को मृत घोषित कर दिया।

> 8 इसी दौरान तेज रफ्तार से आए ट्रक ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई

# विदेशी मेहमानों का ऐसा स्वागत होगा कि विश्व में गूंजेगा 'देसा मै देस हरियाणा, जित दूध दही का खाणा': धनखड़

## विश्व एक परिवार की भावना लेकर लौटेंगे विदेशी मेहमान, हरियाणा में जी -20 की बैठक पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश ने पत्रकारों को दी जानकारी

> 8 विदेशी मेहमान चार मार्च को करेंगे प्रदेश का भ्रमण, उनकी भाषाओं में लगाए जा रहे स्वागत बोर्ड

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुग्राम में बुधवार से शुरू होने वाली जी-20 देशों के एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक के बारे में बोलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि विदेशी मेहमानों का हरियाणवीं संस्कार और संस्कृति के हिसाब से ऐसा स्वागत किया जाएगा कि विदेशी मेहमान हरियाणा की माटी की सौंधी खुशबू और खाने का स्वाद लेकर जब अपने देश लौटेंगे तो विश्व में देसा मै देस हरियाणा, जित दूध दही का खाणा नारा गूंजेगा। श्री धनखड़ मंगलवार को गुरुग्राम के पार्टी कार्यालय गुरुकमल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों द्वारा विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए की गई तैयारियों की जानकारी भी दी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी, जिला महामंत्री मनीष गडौली, जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव भी उपस्थित थे।




श्री धनखड़ ने कहा कि अन्य देशों के लिए, भले ही विश्व एक बाजार हो, लेकिन भारत के लिए, विश्व एक परिवार है और इसी भावना से भारत जी-20 की बैठकों में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि 4 मार्च को विदेशी मेहमान हरियाणा के कुछ स्थानों पर भ्रमण के लिए निकलेंगे, इसलिए उनकी भाषा में भी जगह-जगह स्वागत बोर्ड लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में समाज के लोगों और पार्टी के कार्यकर्ताओं में इन बैठकों में शामिल होने आ रहे मेहमानों को लेकर काफी उत्साह है और वे उनका स्वागत हरियाणवीं संस्कृति और संस्कारों से करने के लिए तैयार हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जी-20 की बैठकें 56 देशों में होने वाली हैं। हम इसे सौभाग्य मानते हैं कि ये बैठकें भारत में भी हो रही हैं। हरियाणा को भी जी-20 समूह की बैठक का आतिथ्य करने का अवसर पर मिला है, इस नाते से भारत सरकार और राज्य सरकार पूरे जोश के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने और मेहमानों के आतिथ्य में लगी है। श्री धनखड़ ने कहा कि वैसे तो बैठक में प्रमुख रूप से 20 देश शामिल होने हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश, मॉरिसस, सिंगापुर, ओमान यूएई, नाइजीरिया, अफ्रीका, स्पेन व नीदरलैंड समेत 9 देशों को भी शामिल किया है। जी-20 बैठक के बारे में श्री धनखड़ ने कहा कि यह वर्ल्ड आर्गेनाइजेशन है इसलिए डब्ल्यूएचओ, वर्ल्ड बैंक जैसी बहुत सारी वैश्विक संस्थाएं भी प्रक्रिया में हिस्सा बन रही है।

# एक किलो 18 ग्राम अफीम के साथ एक काबू

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
गढ़ी थाना पुलिस ने गांव कालवन में मंगलवार को एक व्यक्ति के कब्जे एक किला 18 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस आरोपित से नशे से जुड़े नेटवर्क के बारे मे पूछताछ कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव कालवन निवासी पवन नशीले पदार्थों का कारोबार करता है। वह नशीले पदार्थों के साथ गांव के ही माता दरवाजे की तरफ आने वाला है। जिसके आधार पर पुलिस ने माता दरवाजे के निकट आने जाने वाले लोगो पर निगाह रखनी शुरू कर दी।

# गुजवि के पांच विद्यार्थियों को मिली बद्दी में प्लेसमेंट

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पांच विद्यार्थियों का हिमाचल प्रदेश की बद्दी आधारित प्रतिष्ठित कंपनी एडेलमान पैकेजिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में ऑनलाइन कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से चयन हुआ है। ऑनलाइन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के सौजन्य से आयोजित की गई थी। प्लेसमेंट निदेशक प्रताप सिंह ने मंगलवार को बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग के 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया था।



भर्ती प्रक्रिया में शामिल प्री-प्लेसमेंट वार्ता के बाद हुई लिखित परीक्षा व व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के पांच विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इस ड्राइव का संचालन कंपनी के ऑपरेशन हेड उमेश साहू, हेड-एचआर योगेश ठाकुर व सहायक प्रबंधक एचआर नीलम ने किया। इस ड्राइव के लिए प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. पंकज कुमार, ट्रेनिंग प्लेसमेंट कोर्डिनेटर्स बिजेंद्र कौशिक व अंकित बूरा ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। सहायक निदेशक डॉ. आदित्यवीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी के 2023 पासिंग आउट बैच की अन्नु, मुलकराज, शुभम सैनी, वैशाली व विकास शामिल हैं। प्लेसमेंट ड्राइव का समन्वय बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी के मुलकराज ने किया। एडेलमान ग्रुप यूरोप, उत्तर व दक्षिण अमेरिका तथा एशिया में स्थित अग्रणी पैकेजिंग निर्माताओं व सिस्टम आपूर्तिकर्ताओं में से एक है।

# आईटीबीपी भानू में राज्यपाल ने किया भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता का शुभारंभ

## प्रतियोगिता के दौरान ब्रासबैण्ड, पाईपबैण्ड और बिगुल तीन प्रकार के मुकाबले करवाए जाएंगे

**पंचकूला/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मंगलवार को आईटीबीपी भानू पंचकूला में तेईसवीं अखिल भारतीय पुलिस बैण्ड प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समस्त केन्द्रीय सशस्त्र बलों एवं राज्य पुलिसों के बीच खेल प्रतिस्पर्धा के माध्यम से आपसी सामंजस्य एवं तालमेल को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर अंबाला लोकसभा सांसद रतन लाल कटारिया तथा आईटीबीपी बीटीसी भानू के महानिरीक्षक ईश्वर सिंह दूहन भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा कि



इस प्रकार के तालमेल से समस्त सुरक्षा बलों को कानून व्यवस्था व सुरक्षा संबंधी कर्तव्यों के निर्वहन में सहायता मिलती है। 23वें अखिल भारतीय पुलिस बैण्ड प्रतियोगिता का आयोजन ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के मार्गदर्शन में 28 फरवरी से 4 मार्च तक किया जा रहा है, जिसमें राज्यों, केन्द्रीय शासित प्रदेशों और केन्द्रीय सशस्त्र बलों के 23 टीमों के लगभग 1500 बैण्ड प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इसके अलावा पांच महिला टीम भी इस प्रतियोगिता का हिस्सा होंगी। प्रतियोगिता के दौरान ब्रासबैण्ड, पाईपबैण्ड और बिगुल तीन प्रकार के मुकाबले करवाए जाएंगे।

**संगीत को भी पर्याप्त समय देना चाहिए:** राज्यपाल ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति को आत्मिक संतुष्टि हेतु संगीत को भी पर्याप्त समय देना चाहिए। बैंड वादन से शरीर एवं मन स्वस्थ एवं ऊर्जा से परिपूर्ण रहते हैं तथा टीम में कार्य करने से सामाजिक भावना का विकास होता है जो कि आज के परिपेक्ष में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय पुलिस बैण्ड प्रतियोगिता के विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभागियों को अपना कौशल प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इस प्रतियोगिता के दौरान सभी वादक अपने पूरे जोश एवं उत्साह से टीम भावना के साथ अपनी टीम को विजयी करवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे सच्ची खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लें तथा अपनी-अपनी टीमों के लिए पदक जीतें।

> 8 वे सच्ची खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लें तथा अपनी-अपनी टीमों के लिए पदक जीतें।

# 'केजरीवाल की पूरी कैबिनेट भ्रष्टाचार में लिप्त है, 2 मंत्रियों के साथ उन्हें खुद भी इस्तीफा देना चाहिए'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया** – दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस के लगातार दबाव के कारण मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन का इस्तीफा स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा मनीष सिसोदिया की जमानत की अपील को खारिज करने के बाद केजरीवाल यह समझ चुके है कि अब आम आदमी पार्टी की भ्रष्ट सरकार बचने वाली नही है। उन्होंने कहा कि आखिर देर से सही सत्य की जीत हुई और भ्रष्टाचार की हार। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले को सबसे पहले दिल्ली वालों के हितों की रक्षा के लिए दिल्ली कांग्रेस




ने उठाया था, सुप्रीम कोर्ट का निर्णय कांग्रेस की जीत है, जिसके बाद मनीष सिसोदिया का जेल में रहना तय है। उन्होंने कहा कि पूरी केबिनेट सहित केजरीवाल स्वंय भ्रष्टाचार में लिप्त है, 2 मंत्रियों के बाद केजरीवाल तुरंत इस्तीफा दें। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि मनीष सिसोदिया को शराब घोटाले की जांच में दोषी पाने के बाद 5 दिन की रिमांड पर रखा हुआ जिससे राहत के लिए सिसोदिया ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील की जिस पर मुख्य न्यायाधीश ने यह कहकर कर खारिज कर दिया कि वे हाई कोर्ट में अपील करें। उन्होंने कहा कि जब मनीष सिसोदिया शराब घोटाले में प्रथम दोषी करार हुए हैं उनके साथ शराब घोटाले के मास्टर माईंड मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से भी पूछताछ करके उनके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए, क्योंकि उनके पी.ए. से सी.बी.आई. ने पूछताछ के बाद कुछ अनियमितताएं की जानकारी सीबीआई को मिली है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के कट्टर ईमानदार बेईमान मंत्री बेईमान साबित हो रहे है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि कल दिल्ली कांग्रेस ने अरविन्द केजरीवाल से मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन को मंत्री पद से हटाने की आवाज उठाई थी जिसके बाद जेल में बंद सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसोदिया ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस भ्रष्ट शराब नीति लागू करने के पहले दिन से इसका विरोध कर रही थी जिसका नतीजा दिल्लीवालों के सामने आया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सिसोदिया की जमानत खारिज करने के बाद सत्येन्द्र जैन और सिसोदिया का इस्तीफा केजरीवाल को मजबूरन स्वीकार करना पड़ा। अरविन्द केजरीवाल पहले ऐसे मुख्यमंत्री है जिनके पास पिछले 9 वर्षों में किसी भी मंत्रालय का प्रभार नही है, क्योंकि वे दिल्ली सरकार हर भ्रष्टाचार के आदेश देने के बावजूद उनसे बचे रहने की साजिश अपना रहे हैं।

# पावरग्रिड द्वारा जी20 भ्रष्टाचार विरोधी कार्य समूह की तैयारियों की समीक्षा की

**8 गर्ल्स कॉलेज, सेक्टर 14, गुरुग्राम के छात्रों के लिए विभिन्न प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया**

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
**विद्युत** मंत्रालय भारत सरकार के अधीन महारत्न सीपीएसई, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड), ने केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के तहत दिनांक1-3 मार्च, 2023 से गुरुग्राम में आयोजित किए जाने वाले जी-20 फोरम के भ्रष्टाचार रोधी कार्य समूह (एसीडब्ल्यूजी) की आगामी बैठक के लिए जन जागरूकता बढ़ाने हेतुविभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। गुरुग्राम विश्वविद्यालय, सेक्टर 51, गुरुग्राम




और गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज, सेक्टर 14, गुरुग्राम के छात्रों के लिए विभिन्न वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सुखराली, गुरुग्राम, गवर्नमेंट हाई स्कूल, उल्लावास, गुरुग्राम और गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सुशांत लोक, गुरुग्राम में निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। केंद्रीय विद्यालय, ओल्ड जेएनयू कैंपस, नई दिल्ली, एमसीडीप्राइमरी स्कूल (बालक) और एमसीडी प्राइमरी स्कूल (बालिका), कटवारिया सराय, नई दिल्ली में क्विज और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

# एग्रीगेटर संग परिवहन विभाग की जल्द हो सकती है बैठक

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**बाइक** टैक्सी पर लगी पाबंदी के बाद एग्रीगेटर के साथ परिवहन विभाग की बैठक जल्द हो सकती है। निजी दोपहिया वाहनों के वाणिज्यिक इस्तेमाल पर परिवहन विभाग की सख्ती से हजारों बाइक टैक्सी के पहिये थम गए हैं। इसे देखते हुए एग्रीगेटर ने इस मामले में अपना पक्ष रखने के लिए परिवहन विभाग के साथ बैठक का आग्रह किया था। माना जा रहा है कि नई एग्रीगेटर नीति के लागू होने से पहले अगर बैठक होती है तो कई पहलुओं पर दोनों पक्षों में संशय खत्म हो जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कसते शिकंजे को देखते हुए चालक भी गंतव्य तक यात्रियों के साथ जाने से इन्कार कर रहे हैं। इससे यात्रियों को काफी मुश्किलें पेश आ रही हैं। दिल्ली सरकार ने



कैब एग्रीगेटर नीति तैयार करने के बाद इसमें कुछ बदलाव के बाद इसे विधि विभाग के पास भेज दिया है। इसमें यात्रियों की सुरक्षा मानकों, लाइसेंस सहित दूसरे पहलुओं पर मानक तय किए गए हैं। परिवहन विभाग की तरफ से एग्रीगेटर को नोटिस भेजकर सात दिन में जवाब देने को कहा था। उन्होंने परिवहन विभाग के साथ बैठक करने का आग्रह किया है, ताकि नीति के लागू होने पर उन्हें भी राहत मिल सके। परिवहन विभाग की ओर से जारी सार्वजनिक नोटिस का उल्लंघन करने वालों पर जुमार्ना भी किया जा रहा है। एग्रीगेटर और रोजाना बाइक टैक्सी का इस्तेमाल करने वालों को नई नीति के लागू होने का इंतजार है। चालकों का कहना है कि सुरक्षा के लिए जरूरी नियमों का पालन किया जा रहा है लेकिन पाबंदी से उनका काम बंद हो गया है।

**ई-दोपहिया वाहनों को प्रोत्साहित किया जाएगा:** नीति के तहत ई-दोपहिया वाहनों को प्रोत्साहित किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि इस नीति के तहत ई-वाहनों को ही शामिल करने की इजाजत दी जा सकती है, ताकि प्रदूषण पर भी शिकंजा कसा जा सके। 2030 तक कई चरणों में सभी वाहनों को ई-वाहनों में बदला जाएगा।

निजी दोपहिया वाहनों पर किराये पर यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के दौरान कई बार सुरक्षा मानकों की अनदेखी की शिकायतें भी मिलती रही हैं। अब तक दिल्ली सरकार ने दोपहिया वाहनों के वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए एग्रीगेटर को इजाजत नहीं दी है।

# केबल ऑफिस में दिनदहाड़े चली गोलियां

## दो बदमाशों ने घुसकर मचाया उत्पात, फायरिंग से बचते दिखे लोग

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
राजधानी दिल्ली में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक केबिल ऑफिस में घुसकर तीन बदमाशों ने कर्मचारियों और वहां बैठे लोगों पर ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग की। जिससे हड़कंप मच गया। इस घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है। कॉलर के जरिए मिली सूचना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की है। वहीं, पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है। चंचल पार्क के सोमबाजार रोड स्थित केबल ऑफिस में मंगलवार को यह घटना सामने आई। वीडियो में दिख रहा है कि बेखौफ बदमाश बेधड़क केबल ऑफिस के अंदर घुस आए और जमकर फायरिंग की। पुलिस के मुताबिक एक बाइक पर तीन लोग आए थे। जिसमें से केबल ऑफिस के अंदर केवल दो लोग गए और बंदूक निकालकर कई राउंड गोलियां बरसा दीं। इस घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है। फायरिंग की इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक घटना के वक्त ऑफिस में केबल ऑपरेटर हितेश और उसके



**8 इस घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है। कॉलर के जरिए मिली सूचना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की है**

दो दोस्त रोहन और वरुण बैठे थे। इस गोलीबारी में 22 वर्षीय हितेश को गोली लगी है। जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। गोली लगने से घायल हुए हितेश को पास के ही राठी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। डीसीपी आउटर हरेंद्र सिंह ने बताया कि दिल्ली के चंचल पार्क स्थित केबल ऑफिस में फायरिंग की घटना के संबंध में पीसीआर कॉल आई थी। तीन लड़के ऑफिस में घुसे और अंदर बैठे लोगों पर फायरिंग कर दी। एक व्यक्ति


## उत्तर मध्य रेलवे

G20

शुद्धि पत्र सं.। निविदा अनुभाग/विविध **प्रथम शुद्धि पत्र** दिनांक: 28.02.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा जारी ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 23/12 दिनांक 17.02.2023 एवं आर.ओ संख्या 266/23(A) के हिन्दी संस्करण में क्रम संख्या 01 से 15 तक निविदा संख्या, विवरण, मात्रा तथा निविदा खुलने की तिथि में निम्नलिखित शुद्धि पत्र जारी किया जाता है।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 80231020 | मशीन टूल | 5210 लीटर | 09.03.2023 |
| 2 | 80235040 | वाइब्रेशन शाफ्ट बेयरिंग | 32 नग | 10.03.2023 |
| 3 | 80225033 | रोलर बेयरिंग | 55 नग | 10.03.2023 |
| 4 | 80224101 | एच. वाई डी ऑयल | 70,400 लीटर | 10.03.2023 |
| 5 | 80231031 | ट्रान्सफार्मर ऑयल | 24,150 लीटर | 10.03.2023 |
| 6 | 80235002 | बॉल बेयरिंग | 184 नग | 13.03.2023 |
| 7 | 80235024 | सिलिंड्रिकल रोलर बेयरिंग | 56 नग | 13.03.2023 |
| 8 | 80235043 | स्फेरिकल रोलर बेयरिंग | 44 नग | 13.03.2023 |
| 9 | 80235057 | रोलर बेयरिंग | 96 नग | 13.03.2023 |
| 10 | 80235048 | टापर रोलर बेयरिंग | 90 नग | 13.03.2023 |
| 11 | 80235053 | नीडल बेयरिंग | 21 नग | 13.03.2023 |
| 12 | 80235067 | यूनिवर्सल जोईंट | 20 नग | 13.03.2023 |
| 13 | 80235069 | बुश पार्ट | 168 नग | 13.03.2023 |
| 14 | 80235019 | रोलर बेयरिंग | 61 नग | 14.03.2023 |
| 15 | 70232403 | वायर रोप स्टील | 19925 एमटीआर | 15.03.2023 |

अन्य नियम एवं शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी। 266/23 (A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @cpro

## उत्तर रेलवे

G20 आजादी का अमृत महोत्सव

**सीमित निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/गतिशक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए इ-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | ब्यौरा | निविदा पत्र का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | "सीमित निविदाओं" के माध्यम से उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल पर पंद्रह (15) स्टेशनों के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के उन्नयन के लिए संकल्पना योजना, मास्टर प्लान, तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट, अनुमान, निविदा अनुसूची, संरचनात्मक डिजाइन और ड्राइंग तैयार करने के लिए वास्तुकला और तकनीकी सलाहकार प्रदान करना। | | | |
| 2. | NIT No. | स्टेशन का नाम (Code) | रेलवे स्टेशन की सूची | बोली प्रतिभूति / EMD | परामर्श कार्य की अनुमानित लागत (in Rs.) |
| | CPM-GSU-DLI-ABSS-NIT-01A | पलवल (PWL) | NSG-3 | 63,200/- | 31,61,191/- |
| | CPM-GSU-DLI-ABSS-NIT-02A | बल्लभगढ़ (BVH) | NSG-4 | 44,700/- | 22,34,072/- |
| | CPM-GSU-DLI-ABSS-NIT-03A | फरीदाबाद NT (FDN) | NSG-4 | 25,900/- | 12,94,123/- |
| | CPM-GSU-DLI-ABSS-NIT-04A | पटेल नगर रोड (PTRD) | NSG-4 | 25,000/- | 12,50,069/- |
| | CPM-GSU-DLI-ABSS-NIT-05A | मानसा (MSZ) | NSG-5 | 29,500/- | 14,76,625/- |
| | CPM-GSU-DLI-ABSS-NIT-06A | नरवाना (NRW) | NSG-5 | 30,900/- | 15,42,629/- |
| | CPM-GSU-DLI-ABSS-NIT-07A | जींद (JIND) | NSG-5 | 42,800/- | 21,38,118/- |
| | CPM-GSU-DLI-ABSS-NIT-08A | रोहतक (ROK) | NSG-3 | 44,300/- | 22,16,255/- |
| | CPM-GSU-DLI-ABSS-NIT-09A | बहादुरगढ़ (BGZ) | NSG-4 | 30,500/- | 15,25,429/- |
| | CPM-GSU-DLI-ABSS-NIT-10A | सोनीपत (SNP) | NSG-2 | 41,400/- | 20,67,335/- |
| | CPM-GSU-DLI-ABSS-NIT-11A | नरेला (NUR) | NSG-4 | 29,100/- | 14,55,486/- |
| | CPM-GSU-DLI-ABSS-NIT-12A | सब्जी मंडी (SZM) | NSG-5 | 23,900/- | 11,92,238/- |
| | CPM-GSU-DLI-ABSS-NIT-13A | शामली (SMQL) | NSG-5 | 26,700/- | 13,35,701/- |
| | CPM-GSU-DLI-ABSS-NIT-14A | मोदी नगर (MDNR) | NSG-4 | 24,400/- | 12,18,214/- |
| | CPM-GSU-DLI-ABSS-NIT-15A | गोहाना (GHN) | NSG-6 | 24,700/- | 12,35,216/- |
| 3. | समापन अवधी | 12 माह | | | |
| 4. | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 14.03.2023 (भारतीय समयानुसार अपराह्न 15:00 बजे) | | | |
| 5. | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 14.03.2023 (भारतीय समयानुसार अपराह्न 15:00 बजे) | | | |
| 6. | टेंडरिंग का तरीका | सिंगल पैकेट (ECI के माध्यम से) आर.एल.डी.ए., डी.एम.आर.सी. और सी.पी.डब्लू.डी. पैनल पर आर्किटेक्ट्स/आर्किटेक्चरल फर्मों के सीपीडब्ल्यूडी पंजीकृत और सूचीबद्ध फर्मों को आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) के माध्यम से सीमित निविदाएं (एकल चरण) आमंत्रित की जाती हैं। | | | |
| 7. | बोली प्रस्तुत करने का तरीका | भारतीय रेल पर ऑनलाइन तंत्र (IREPS) | | | |
| 8. | ई-निविदा पोर्टल | www.ireps.gov.in | | | |
| 9. | प्रत्येक निविदा के लिए RFP डाउनलोड शुल्क (NIT) Non-refundable (Through IREPS Portal Only) | Rs. 5900/- (Including GST) | | | |
| 10. | बोली प्रतिभूति / EMD (Through IREPS Portal Only) | बोली लगाने वाले स्टेशन NIT के अनुसार | | | |
| 11. | बोली की वैधता | 60 दिन | | | |

पत्र संख्या:- CPM/GSU/DLI/ABSS/Consultants/NITs/2022-23 दिनांक: 27.02.2023 624/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## आबकारी घोटाला : पांच आरोपितों को जमानत

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के सीबीआई से जुड़े मामले के पांच आरोपितों को जमानत दे दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश दिया। कोर्ट ने 17 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने समीर महेंद्रू , कुलदीप सिंह, नरेंद्र सिंह, अरुण रामचंद्र पिल्लै और मुत्थु गौतम को जमानत दी है। कोर्ट ने 15 दिसंबर, 2022 को सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 25 नवंबर, 2022 को सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की थी।


## उत्तर रेलवे

G20 आजादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धिपत्र**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 82230335 | बोतल 200 मिली में सिरप लैक्टुलोज 667mg प्रति 5mL | 48471 | 31.03.2023 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. 82230066/MED/PART-1 दिनांक : 28.02.2023 632/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

G20 आजादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल अभियंता द्वितीय रेलवे नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए दिनांक 24.03.2023 को 15:00 बजे खुलेगी, नई निविदा आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, स्टेट एन्ट्री रोड नई दिल्ली के निविदा कक्ष में खोली जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | A. गाजियाबाद स्टेशन पर अतिरिक्त सुविधा ट्रेन रखरखाव प्रदान करने के लिए धोने योग्य एप्रन, नाली, रास्ते, पानी की व्यवस्था, पार्सल गोदाम, उच्च स्तरीय प्लेटफार्म, सम्बद्ध भवन का प्रावधान। |
| | B. वरिष्ठ मण्डल अभियंता द्वितीय के सेक्शन में LC नंबर 31 और 72 की इंटरलॉकिंग। |
| | C. 6.10 मीटर तक स्टील गर्डर पुलों का प्रतिस्थापन। ADEN/SMQL, ADEN/GZB और ADEN/MUT के खंड में PSC स्लैब के साथ और Br की स्थापना और मरम्मत। संख्या 40, 46, 87, 90, 102, 162, 185, 198, 225, 245, 254, 255, 238, 281, 307, 316, 342 और 414 पुल o/w बढ़ाई AXLE लोडिंग CC+8T+2t (22.82t) Sr.DEN-II के अधिकार क्षेत्र में। |
| अनुमानित लागत | 43(A,B,C)-22-23-W-2-IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार |
| धरोहर राशि | 43(A,B,C)-22-23-W-2-IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार |
| कार्य समापन अवधि | 43(A,B,C)-22-23-W-2-IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | 43(A,B,C)-22-23-W-2-IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार |
| समान कार्य की परिभाषा | 43(A,B,C)-22-23-W-2-IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार |

नोट–1. निविदा प्रपत्र रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in 10.03.2023 से 24.03.2023 को 1500 बजे तक डाउनलोड कर सकते है। 2. निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी टेंडर दस्तावेज से देख सकते हैं। NIT No. 43(A,B,C)-22-23-W-2 दिनांक 27.02.2023 629/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## Change of Name

**I Salim Khan S/o Kallu Khan R/o House No-235, Gali No-18, Karan Vihar, Kamal, Haryana-132001, have changed my name to Sallan Khan**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# नैनो यूरिया से किसानों की आमदनी दोगुनी करने में मिलेगी मदद

## इफको ने गांव महमुदपुर में किया खेत दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**इफको द्वारा** गांव महमुदपुर में किसान जयप्रकाश के गेहू फसल में नैनो यूरिया प्लाट पर नैनो यूरिया जागरुकता अभियान के अन्तर्गत खेत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डा. योगेश कुमार, वैज्ञानिक केवीके, एन.डी.आर.आई. मौजूद रहे। कार्यक्रम में महेश यादव आर.एम.ई. इफको-एम.सी. हरियाणा, कुलबीर सिंह सहायक तकनीकी अधिकारी (कृषि) केवीके., एनडीआरआई, राकेश कुमार सहारण कृषि विकास अधिकारी कुंजपुरा, डा. सुरेश गर्ग बागवानी विकास अधिकारी, राहुल कुमार (एस.एफ.ए. इफको करनाल) समेत 60 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

वरिष्ठ क्षेत्र प्रबन्धक, इफको करनाल डा निरंजन सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए भागीदारों का स्वागत किया व इफको द्वारा विश्व में सबसे पहले परम्परागत यूरिया के विकल्प के तौर पर तैयार किए गए। नैनो यूरिया के कृषि में महत्व के बारे में किसानों को जागरुक करते हुए उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया की 500 एम एल की एक बोतल दानेदार यूरिया के एक 45 किलो के बोरे के बराबर कार्य करती है। इसका प्रयोग फसलों पर स्प्रे के रूप में किया जाता है, इसलिए इसकी प्रयोग क्षमता परम्परागत यूरिया से अधिक है। पौधे, पत्तों व तने के माध्यम से इसको अवशोषित कर लेते हैं। यूरिया की तरह नैनो यूरिया भूमिगत जल, जमीन व वातावरण को प्रदूषित



नहीं करता है। उन्होंने इफको के जैव उर्वरक, जल घुलनशील उर्वरकों एवं सागरिका के बारे में सम्पूर्ण जानकारी साँझा की।

इसके उपरांत महेश यादव ने गेहूं व गन्ना की फसल में आने वाले बीमारियों व कीटों के बारे चर्चा की व इनके प्रबंधन पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अभी गेहूं फसल में आ रही हल्दी रोग की पहचान व निदान बारे किसानों को जानकारी दी।
डा.सुरेश गर्ग ने उद्यान विभाग द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने फल,सब्जियों, पोलीहाउस व मधुमक्खी पालन पर सरकार की अनुदान योजना पर जानकारी दी।
डा. योगेश कुमार ने बताया कि नैनो यूरिया इफको द्वारा एक नई खोज है, जिससे किसानों की आमदनी दोगुनी करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया का निर्माण नैनो तकनीक के आधार पर किया गया है। इसकी प्रयोग क्षमता परम्परागत यूरिया से अधिक है इसका असर यूरिया से ज्यादा दिन तक रहता है। उन्होंने मौसम पूवार्नुमान जो जिला कृषि मौसम सेवा, कृषि विज्ञान केंद्र, राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान द्वारा जारी किया गया पर बताया कि अब सर्दियों के अंतिम दिनों में 2 लगातार डबल्यूडी के आने से 28 फरवरी से 3 मार्च के बीच करनाल के अधिकांश इलाकों मे तेज हवाओं और गरज के साथ बारिश की गतिविधियां देखी जाएगी।

कुलबीर सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र, राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान मे चल रहे प्राकृतिक खेती पर चर्चा करते हुए इसे अपनाने पर बल दिया व बताया की किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र मे प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। राकेश कुमार सहारण ने कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी सांझा की व इस किसानो को पराली न जलाने बारे शपथ दिलाई। किसान चन्द्रशेखर विरमानी ने अपने खेत पर नैनो यूरिया उपयोग के फायदे बारे विचार साझां किये तथा किसानों को इसको अपनाने का सुझाव दिया ताकि फसल उत्पादन बढ़ाया जा सके साथ ही पर्यावरण को भी बचाया जा सके।

# सैशन जज नेचाइल्ड केयर इंस्टिट्यूट का किया दौरा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सैशन** जज चंद्रशेखर और सीजेएम सुजसबीर ने मंगलवार को श्रद्धानंद अनाथालय आश्रम चाइल्ड केयर इंस्टिट्यूट का दौरा किया तथा बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर चंद्रशेखर ने श्रद्धानंद अनाथ आश्रम में रह रहे बच्चों का व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से साक्षात्कार किया। बच्चों ने बताया कि उन्हें दी जा रही सुविधाओं से वे पूरी तरह संतुष्ट हैं। उन्होंने यह भी बताया कि श्रद्धानंद अनाथालय आश्रम चाइल्ड केयर इंस्टिट्यूट का प्रबंधन बहुत देखभाल करने वाला संस्थान है। वर्तमान में बच्चों के लिए नृत्य, संगीत की कक्षाएं, योग और शिल्प का आयोजन किया जाता है। संस्था द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं के संबंध में संस्था में रहने वाले बच्चों द्वारा कोई शिकायत नहीं की गई। वर्तमान में 80 बच्चे अर्थात 39 लडके और 41 लड़कियां संस्था में रह रही हैं। संस्था द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं से बच्चे बहुत खुश हुए और उन्होंने यह भी बताया कि संस्थान के अधिकारी बहुत देखभाल करने वाले व्यक्ति हैं। यात्रा के दौरान अध्यक्ष राधेश्याम दुदेजा, पर्यवेक्षक राजेंद्र, मुन्ना शास्त्री और अनीता और गरिमा काउंसलर एवं हाउस मदर सोनिया मौजूद रही।

## न्यूज फ्लैश

### डाक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ को दिया गया एचआईवी/एडस एक्ट 2017 का प्रशिक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सिविल** सर्जन के आदेशानुसार उप सिविल सर्जन डा. सिम्मी कपूर की अध्यक्षता में डाक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ को एचआईवी-एडस एक्ट 2017 का प्रशिक्षण दिया गया। जिला करनाल से मेडिकल ऑफिसर डा. सौभाग्या, एडीए संदीप चौहान तथा आईसीटीसी काउंसलर ममता ने डाक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ को एचआईवी/एडस एक्ट 2017 की ट्रेनिंग दी। इस ट्रेनिंग में खंडों से एसएमओए एमओ और अन्य हैल्थ स्टाफ ने भाग लिया तथा डा. सौभाग्या व संदीप चौहान ने उनके द्वारा किये गए प्रश्नों का सहजता से जवाब दिया। साथ ही कन्सेंट फॉर्म व रजिस्टर मैंटेन के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर डा. सिम्मी कपूर ने सभी को एचआईवी/एडस से संबंधित जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में जिला करनाल से 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
एचआईवी/एडस पर यह जानकारी डा. सौभाग्या ने वक्तव्य के द्वारा प्रशिक्षण में आए सभी प्रतिभागियों को एचआईवी एक्ट 2017 एचआईवी से संबंधित आईईसी मैटिरियल और कम्पलेन ऑफिसर से संबंधित कार्यकारिणी बुकलेट्स आवश्यक जानकारी हेतु दी गई। एचआईवी/एडस एक्ट 2017 किस प्रकार से एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को उनके अधिकारों की रक्षा करके उन्हें समाज में एक समान जीवन व्यतीत करने में सहायता करता है। इसके साथ ही एचआईवी/एडस टोल फ्री नम्बर 1097 के बारे में भी बताया। डा. सौभाग्या ने बताया कि यदि गर्भवती स्त्री अपने पहले तीन महीनों में एचआईवी संक्रमित पाई जाती है तो उसे आर्ट मेडिसिन पर डाल दिया जाता है, जिससें पैदा होने वाला शिशु स्वस्थ पैदा होता है। नवजात शिशु को संक्रमण से बचाने के लिए कौन सी दवाइयां देनी है। उसके बारे में भी बताया, ताकि इस संक्रमण से बचाया जा सके। एचआईवी/एडस के फैलने के मुख्य कारण, लक्षण व रोकथाम के बारे में बताया गया।

### टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया अपना पहला रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी

**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी ऑटोमोबाइल निमार्ता, टाटा मोटर्स ने आज जयपुर, राजस्थान में अपना पहला रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी (आरवीएसएफ), आरई.डब्ल्यूआई.आरई. - रीसायकल विद रेस्पेक्ट (सम्मान के साथ पुनर्चक्रण) का शुभारंभ किया। यह सस्टेनेबल मोबिलिटी की दिशा में टाटा मोटर्स की वचनबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। माननीय केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी ने इस अत्याधुनिक फैसिलिटी का उदघाटन किया। इसकी क्षमता प्रति वर्ष 15,000 वाहनों की है और यहाँ कालातीत (जिन वाहनों का समय पूरा हो चुका है)वाहनों के सुरक्षित और संवहनीय विघटन के लिए विष-स्तरीय, पर्यावरण-हितैषी पद्धतियों को लागू किया गया है। इसका विकास और परिचालन टाटा मोटर्स के पार्टनर गंगानगर वाहन द्वारा किया जा रहा है, और यहाँ सभी ब्रांड के यात्री और वाणिज्यिक कालातीत वाहनों को स्क्रैप करने की अत्याधुनिक व्यवस्था है। टाटा मोटर के प्रथम आरई.डब्ल्यूआई.आरई. आरवीएसएफ का उदघाटन करते हुए, भारत सरकार के माननीय केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी ने कहा कि, राष्ट्रीय वाहन स्क्रैपिंग नीति को बेकार और प्रदूषक वाहनों को चरणबद्ध रूप से हटाने के लिए एक परितंत्र के निर्माण के द्वारा चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और हरित एवं ज्यादा ईंधन-दक्ष वाहनों से उन्हें बदल कर देश में कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लक्ष्य के साथ लागू किया गया था। मैं वैश्विक मानदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण फैसिलिटी की स्थापना के लिए टाटा मोटर्स को बधाई देता हूँ। हम भारत को पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र के लिए वाहन स्क्रैपिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में काम कर रहे हैं और इस उद्देश्य के लिए हमें भारत में ज्यादा संख्या में इस प्रकार की अत्याधुनिक स्क्रैपिंग और रीसाइक्लिंग यूनिट्स की जरुरत है। आरई.डब्ल्यूआई.आरई. के लॉन्च के विषय में टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक, गिरीश वाघ ने कहा कि, ह्लटाटा मोटर्स में हम मोबिलिटी को अधिक पर्यावरण-हितैषी और चिरस्थाई बनाने के लिए इसके हर पहलू पर गहराई से ध्यान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस आरवीएसएफ (रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी) के उदघाटन के साथ कालातीत वाहनों के उत्तरदायित्वपूर्ण विघटन में एक नई शुरूआत हुई है। वैश्विक मानदंडों और इष्टतम रीसाइक्लिंग पद्धतियों के साथ हम न्यूनतम अपशिष्ट सुनिश्चित करते हुए भावी उपयोग और सामान्य बेहतरी के लिए स्क्रैप से अधिकतम मूल्य उत्पन्न करना चाहते हैं। हम राष्ट्रीय वाहन स्क्रैप एज नीति बनाने में गडकरी जी के दूरदर्शी प्रयासों की सराहना करते है और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पूरे देश में आरई. डब्ल्यूआई. आरई. स्थापित करने की आशा करते हैं। इन विकेन्द्रित फैसिलिटीज से ग्राहकों को लाभ होगा, उत्पन्न आर्थिक मूल्यों का सहभाजन होगा, रोजगार पैदा होंगे और देश के हर हिस्से में पर्यावरण-हितैषी विधि से वाहनों को स्क्रैप करने की जरुरत पूरी होगी।ह्व इस अत्याधुनिक आरई.डब्ल्यूआई.आरई. फैसिलिटी को सभी ब्रांडों के कालातीत यात्री और वाणिज्यिक वाहनों को विघटित करने और प्रदूषण कम करने के लिए डिजाईन किया गया है। परेशानी रहित, कागज रहित परिचालन के लिए यह पूरी तरह डिजिटलीकृत है और इसमें टायरों, बैटरियों, ईंधन, तेल, तरह पदार्थों और गैसों जैसे अवयवों के सुरक्षित विघटन के लिए समर्पित स्टेशंस हैं।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**मो. नं. : 9991270143**

# खेलों से बच्चों का होता है शारीरिक एवं मानसिक विकास: मेघा भंडारी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
सैक्टर-6 स्थित सैमरॉक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढकर हिस्सा लेते हुए अपने अंदर छिपी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने बिस्किट दौड, मेंढक दौड, बौरा दौड व तीन टांग दौड में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में वार्ड आठ से पार्षद मेघा भंडारी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल की डायरेक्टर सीमा चैहान एवं पार्षद मेघा भंडारी ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे बच्चों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया।
पार्षद मेघा भंडारी ने बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी बच्चों के लिए बहुत जरुरी होते हैं। खेलों से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है।

# सैशन जज और सीजेएम ने किया प्लेस ऑफ सेफ्टी मधुबन का औचक निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरपर्सन चंद्रशेखर एवं सीजेएम सुजसबीर कौर ने प्लेस ऑफ सेफ्टी का औचक निरीक्षण किया। सैशन जज और सीजेएम ने प्लेस ओफ सेफ्टी, मधुबन का दौरा किया और वहां रहने वाले बच्चों/कैदियों से व्यक्तिगत तौर पर बातचीत की और उन्हें नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बारे में जागरूक किया। साथ ही कानूनी सेवाएं प्राधिकरण अधिनियम 1987 के



तहत उनके अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया।
सैशन जज चंद्रशेखर ने सभी बच्चों कैदियों के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी स्थापित प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि बच्चों कैदियों को कानूनी सेवाएं प्राधिकरण अधिनियम 1987 के नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके। उन्होंने अधीक्षक को कहा कि वह बच्चों के मानसिक व कौशल में सुधार के लिए समय-समय पर खेल गतिविधियां एवं शिक्षा से संबंधित गतिविधियां संचालित करें, ताकि उनका मानसिक विकास और बौद्धिक विकास में सहयोग हो सके। यह बच्चे अपने आप को खेल की भावना से जोडकर आपने आने वाले जीवन के बारे में बौद्धिक रूप से सोचें और सामान्य रूप से जीवन की धारा के प्रभाव में रहे।

# विद्यार्थियों को शेयर बाजार की बारीकियों से करवाया अवगत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गुरु** नानक खालसा कॉलेज में वाणिज्य विभाग की ओर से शेयर बाजार का परिचय विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भारतीय प्रतिभूमित और विविमय बोर्ड से मोहिता दहिया, नेशन स्टॉक एक्सचेंज अनिकेत राज व एनएसडीएल शुभम कांबोज ने मुख्य वक्ता के रूप में हिस्सा लिया। विद्यार्थियों को शेयर बाजार की बारीकियों से अवगत करवाया गया। उन्होंने कहा कि आप शेयर खरीदते समय सावधानियां बरतें




एवं शेयर बाजार से अपना कैरियर भी बना सकते हैं। उन्होंने शेयर बाजार के जोखिम से भी अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वे किस तरह डीमेट अकाउंट खोल सकते हैं और शेयर मार्किट में निवेश कर सकते हैं।

# स्मैक की तस्करी करते महिला सहित दो काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**स्पेशल** यूनिट असंध की टीम ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले एक पुरुष व एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 104 ग्राम स्मैक व एक गाड़ी बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रजबाहा मलिकपुर रोड पर नाकाबंदी की और असंध बाईपास से मलिकपुर गांव की तरफ से एक आई-10 गाड़ी नम्बर एचआर-32एल-2534 आती दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा उक्त गाड़ी को रुखवा कर गाड़ी में बैठी एक महिला व पुरुष से पूछताछ की गई।

# विज्ञान जीवन के विकास की परिधि: डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**बागवानी** महाविद्यालय महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव व एमएचयू कुलपति डॉ. सुमिता मिश्रा के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ.ज्ञानेंद्र सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बागवानी महाविद्यालय की डीन प्रो. रंजन गुप्ता ने की। डीन प्रो. रंजन गुप्ता ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व पौधा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। गेहूं एवं जौ अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को विज्ञान के बारे में बताते हुए कहा कि शरीर की आवश्यकताएं बहुत सीमित होती हैं, जबकि जीवन की आवश्यकताएं अनंत हैं। उसी तरह अगर विज्ञान आध्यात्मिक के बिना हो तो विनाशकारी साबित हो सकता हैं। जिस चीज को आप सिस्टमैटकली अध्ययन से साथ करना चाहते हैं, वो विज्ञान हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान जीवन के विकास की परिधि हैं। विज्ञान न केवल हमारे लिए है, बल्कि समाज ओर देश के लिए होता है। उन्होंने महान वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन को याद करते हुए कहा कि देश और समाज को दिए गए उनके योगदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता। विज्ञान की सार्थकता तभी है, जो सभी के काम आए। बागवानी महाविद्यालय डीन प्रो. रंजन गुप्ता ने कहा कि आने वाले समय में बागवानी क्षेत्र में बहुत स्कोप है। आज के बच्चे कल का भविष्य हैं, बच्चों में भविष्य में वैज्ञानिक सोच पैदा करने के लिए विज्ञान की तरफ

# फर्जी कागजात: विदेश भगाने के मामले में तीन गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डिटेक्टिव** स्टाफ की टीम द्वारा तीन ऐसे आरोपियों को गिरफतार किया गया है, जिन्होंने मिलीभगत करके फर्जी दस्तावेज बनाकर व अपराधिक हिस्ट्री छुपाकर अपने एक साथी रोहित वासी निगदू को विदेश भेजा था। इस संबंध में टीम द्वारा 24 फरवरी को आरोपी राकेश कुमार वासी संदौली जिला कुरूक्षेत्र, स्टेनली गिल वासी पिहोवा जिला कुरूक्षेत्र को पिहोवा से और 23 फरवरी को आरोपी नरेश वासी फफडाना जिला करनाल को असंध से गिरफतार किया गया। **पुलिस** टीम ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर खुलासा हुआ कि आरोपी राकेश व स्टैनली लोगों को विदेश भेजने के लिए एजेंट का काम करते हैं।
आरोपी विदेश जाने के इच्छुक अपराधिक हिस्ट्री वाले लोगों से संपर्क करते हैं और उनके फर्जी कागजात पर पासपोर्ट बनवाने व अपराधीक हिस्ट्री छुपाने में मदद करने के नाम पर लाखों रुपए में सौदा करते हैं। आरोपी अपने पास लैपटॉप से फर्जी कागजात तैयार करते हैं। आरोपियों के कब्जे से 3 मार्कसीट, 3 पासपोर्ट, एक लैपटॉप, एक प्रिंटर, एसेसरी व तेरह हजार रुपऐ नगदी बरामद की गई है। जांच में यह भी पाया गया कि आरोपी राकेश के खिलाफ पहले भी इसी तरह के अपराध के दो मामले थाना पिहोवा जिला कुरूक्षेत्र में दर्ज हैं। इनमें से एक मामले में आरोपी सजा काट चुका है व दूसरे मामले में फिलहाल जमानत पर बाहर चल रहा था। जांच में खुलासा हुआ कि तीसरा आरोपी नरेश, आरोपी रोहित उर्फ काका पुत्र कृष्ण वासी निगदू का दोस्त है। आरोपी ने अपने दोस्त रोहित को विदेश भेजने व फर्जी कागजात तैयार करवाने में पूर्णरूप से सहयोग किया था। आरोपी के कब्जे से एक करेटा गाडी बरामद की गई है। इस तरीके से उक्त सभी आरोपीयों द्वारा मिलकर आरोपी रोहित उर्फ काका को विदेश भगा दिया गया।
इस वारदात के संबंध में 22 फरवरी को आरोपी रोहित उर्फ काका के खिलाफ थाना निगदू में आरोपी द्वारा पासपोर्ट ऑफिस में पासपोर्ट बनवाते समय गलत जानकारी देकर पासपोर्ट हासिल करने के अपराध में भारतीय दंड संहिता की धारा-177, 420 व पासपोर्ट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# एसडीएम अदिति ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की कक्षा 10वीं की परीक्षाएं जारी हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए मंगलवार को उपमण्डल अधिकारी घरौंडा अदिति द्वारा परीक्षा केन्द्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुटेल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौरा व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अराईपुरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्र पर धारा 144 का पालन किया जा रहा था। विद्यालय व्यवस्था सही पाई गई एवं नकल रहित परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न करवाई जा रही थी।

# मंडल आयुक्त कार्यालय के अधीक्षक रमेश कुमार को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

## आने वाले समय में निजी जीवन सुखमय व्यतीत करें, शुभकामनाएं दीं

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मंडल आयुक्त** डॉ.साकेत कुमार ने कार्यालय के अधीक्षक रमेश कुमार मंगलवार को उनकी लगभग 40 साल की सफल सरकारी सेवा के उपरान्त सेवानिवृत्त के अवसर पर आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि वे आने वाले समय में निजी जीवन सुखमय व्यतीत करें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सरकारी सेवा में आमजन की सेवा करने का काम किया है, उसी प्रकार आने वाले समय में भी समाज सेवा के कार्यों को महत्वता दें।

मंडलायुक्त ने कहा कि रमेश कुमार ने अधीक्षक के पद



पर रहते हुए अच्छे कार्य किये, वे बड़े ही सरल, ईमानदार और कर्मठ अधिकारी रहे। कार्यालय के कार्य के प्रति वे सदैव गंभीर रहते थे। उनकी सफल सेवानिवृत्ति से जहा खुशी है वहीं इस बात का दुख भी है कि उनकी सेवानिवृत्ति से प्रशासन को एक बढि?ा अधिकारी की कमी महसूस होती रहेगी। मंडलायुक्त ने कहा कि अधीक्षक के पद पर रहते हुए रमेश कुमार ने कभी भी शिकायत का मौका नहीं दिया।
इस अवसर पर मंडल आयुक्त कार्यालय के स्टाफ द्वारा विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंडलायुक्त के निजी सचिव दिनेश शर्मा, एएसआर कंवरभान, एडीए संत राम, रीडर शमशेर सिंह, नाजर अमित कुमार, सहायक योगेश कुमार, सुरेन्द्र सैनी, नीरू, विनोद व सहायक राजकुमार, दर्शन सिंह तथा देवेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

गौरतलब है कि रमेश कुमार ने 7 जून 1983 को स्टैनो टाईपिस्ट के पद पर सरकारी सेवाएं शुरू की थी। इसके उपरांत उन्हें सहायक, उप अधीक्षक तथा अधीक्षक के पद पर कार्य करने का अवसर मिला। अपनी सरकारी सेवा के दौरान वे उपायुक्त कार्यालय करनाल, तहसील कार्यालय इंद्री, एसडीएम कार्यालय इंद्री व गन्नौर, उपायुक्त कार्यालय झज्जर में विभिन्न पदों पर रहे तथा अंत में मंडलायुक्त कार्यालय से सेवानिवृत्त हुए।

## संपादकीय

# नई सीएसआर निगरानी नीति की आवश्यकता

भारत दुनिया का इकलौता देश है जहां कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) को कानूनन अनिवार्य बनाया गया है। यह कानून व्यापारिक गतिविधियों से अर्जित धनलाभ में से कुछ भाग को सामाजिक रूप से व्यय करने के प्रावधान करता है। 01 अप्रैल, 2014 से यह कानून लागू है। अब इस कानून और इसके क्रियान्वयन के अनुभवों पर विचार करने की आवश्यकता के नई सीएसआर निगरानी नीति की जरूरत महसूस की जा रही है। यह कानून हमारे हजारों साल पुराने जीवन दर्शन की बुनियाद पर खड़ा है। यह ऐसी बुनियाद है जहां दान और परोपकार का उद्देश्य समाज के वास्तविक जरूरतमन्दों के लिए विकास और उत्कर्ष के अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए होता रहा है। यह कानून सिर्फ भारतीय कंपनियों पर ही लागू नहीं होता है बल्कि उन सभी विदेशी कंपनियों के पर लागू होता है जो भारत में कार्य करती हैं। कानून के अनुसार, एक कंपनी को जिसका सालाना नेटवर्थ 500 करोड़ों रुपये या सालाना इनकम 1000 करोड़ रुपये या वार्षिक मुनाफा 5 करोड़ रुपये का हो तो उसको सीएसआर पर खर्च करना जरूरी होता है। यह खर्च कंपनी के तीन साल के औसत लाभ का कम से कम दो प्रतिशत होना जरूरी है । 2014 से 2021 की अवधि में इस कानून के तहत 126938 करोड़ रुपये धन एकत्रित हुआ। यह रकम शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत विकास, पोषण, ग्रामीण विकास और सामाजिक न्याय जैसे क्षेत्रों में खर्च की गई। इसमें नीतिगत बदलाव की आवश्यकता इसलिए महसूस की जा रही है क्योंकि देश में इस राशि का वितरण आसमान है। तुलनात्मक रूप में ज्यादा वास्तविक जरूरतमंद क्षेत्रों के लिए इससे कोई खास फायदा नहीं मिल पा रहा है। बेशक कानून इस राशि के व्यय के लिए औद्योगिक इकाइयों के स्थानीय क्षेत्रों को प्राथमिकता देता है लेकिन यह भी तथ्य है कि भारत में समग्र विकास की गति भौगोलिक रूप से बहुत असमान है। महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, हरियाणा जैसे राज्य विकास के लगभग सभी संकेतकों पर उत्तर भारत के अन्य राज्यों से अभी भी अग्रणी हैं। सीएसआर के तहत खर्च के आंकड़े इस असमान विकास को कम करने के स्थान पर बढ़ाते नजर आ रहे हैं। अब तक व्यय की गई कुल सीएसआर राशि में 40 फीसदी तो केवल सात राज्यों में ही खर्च हुई है। इसमें पैन इंडिया यानी एक साथ हुए देशव्यापी आवंटन को भी जोड़ लिया जाए तो यह आंकड़ा 60 फीसदी हो जाता जाता है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में 4023 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र में 18605 करोड़ रुपये ,गुजरात में 6221 करोड़ रुपये ,कर्नाटक में 7160 करोड़ रुपये , तमिलनाडु में 5437 करोड़ रुपये ,आंध्र प्रदेश में 5100 करोड़ रुपये एवं तेलंगाना में 2500 करोड़ रुपये सीएसआर के तहत 2014 से अब तक व्यय किए गए हैं। यह ऐसे राज्य हैं जहां औद्योगिक विकास के साथ मानवीय दृष्टि से भी जीवन स्तर समेत अन्य संकेतक देश के अन्य राज्यों से बेहतर हैं। इन राज्यों की कुल आबादी भी खर्च के अनुपात में समान नहीं है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा या पूर्वोत्तर के राज्यों में आधारभूत विकास से लेकर सामाजिक रूप से निवेश की आवश्यकता अत्यधिक है। तथ्य यह है कि 22 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में गुजरात की तुलना में आधा यानी 3288 करोड़ का फंड ही मिल सका।

# नेतृत्व के मुद्दे पर असमंजस में फंसी भाजपा



रमेश सर्राफ धमोरा

> मगर संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले में उनका नाम आने से उनकी छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हाल ही में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोला है। उन्होंने शेखावत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि संजीवनी घोटाले में इनके परिवार के लोग शामिल हैं। गजेंद्र सिंह के पिता, इनकी माता जी, इनकी पत्नी, इनके साले पांचों लोग उसमें शामिल हैं। गहलोत ने कहा कि जिस व्यक्ति के ऊपर भयंकर आरोप हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसे आदमी को मंत्री बना रखा है। प्रधानमंत्री उनकी जांच करें। गहलोत ने कहा कि संजीवनी घोटाले में पीड़ितों में 80 परसेंट राजपूत हैं। मैंने भगवान सिंह रोलसाबसर से बात की है। वे गजेंद्र सिंह शेखावत के गुरु हैं

**राजस्थान** में विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है। मगर भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व के मुद्दे को लेकर लगातार असमंजस में फंसी नजर आ रही है। राजस्थान के आम मतदाताओ को भाजपा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राजस्थान के दौरे कर रहे हैं। इसी दौरान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व राजस्थान भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेता गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बना कर प्रदेश की सक्रिय राजनीति से दूर भेज दिया गया है। राजस्थान में अभी विधानसभा का सत्र चल रहा है। सत्र के दौरान ही विपक्ष के नेता को हटाकर भाजपा आलाकमान ने बता दिया है कि पार्टी राजस्थान को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश में भाजपा को नए सिरे से पुनर्गठित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी के चलते कटारिया को राज्यपाल बनाकर असम भेजा गया है। कटारिया के राज्यपाल बनने से खाली हुए नेता प्रतिपक्ष के पद पर भी अभी तक किसी का मनोनयन नहीं हुआ है। हालांकि नेता प्रतिपक्ष बनने की रेस में प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, कालीचरण सर्राफ, नरपत सिंह राजवी, जोगेश्वर गर्ग, अनिता भदेल सहित कई वरिष्ठ विधायक शामिल है। मगर अंतिम फैसला भाजपा आलाकमान को ही करना है। आलाकमान जिसका नाम तय करेगा वही नेता प्रतिपक्ष बनेगा। हालांकि नेता प्रतिपक्ष के पद पर भाजपा आलाकमान की पसंद के विधायक का ही चयन किया जाएगा। मगर इसका मतलब यह नहीं है कि अभी भाजपा आलाकमान जिसे नेता प्रतिपक्ष बनाएगा। वही अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करेगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व संगठन महासचिव बीएल संतोष अपनी राजस्थान यात्रा के दौरान लगातार कह चुके हैं कि पार्टी राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम व चेहरे पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी के सभी नेता सामूहिक रूप से एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनायेंगे। चुनाव के बाद विधायकों द्वारा नए नेता का फैसला किया जाएगा। भाजपा आलाकमान की यही बात वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों को खटक रही है। उनको लगता है कि जिस तरह से एन





चुनाव के पहले गुलाबचंद कटारिया को सक्रिय राजनीति से बाहर कर दिया गया। उसी तरह से उनको भी पार्टी में पावर लेस किया जा सकता है। इसी चिंता को लेकर वसुंधरा राजे समर्थक खेमा बार-बार उनको नेता घोषित कर उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ने की मांग कर रहा है। हालांकि भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों की मनसा से पूरी तरह वाफिक है। इसीलिए किसी एक नेता के नेतृत्व में चुनाव लड़ने से कतरा रही है। राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भी गुजरात की तर्ज पर बड़ी संख्या में मौजूदा विधायकों के टिकट काटे जाने की चर्चा चल रही है। इससे लंबे समय से राजनीति में सक्रिय बहुत से वरिष्ठ नेताओं को अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर चिंता सता रही है। अपनी राजनीतिक विरासत को बचाए रखने के लिए आलाकमान के राडार पर आए हुए कई भाजपा नेताओं ने तो अंदर खाने दूसरे दलों से भी टिकट लेकर चुनाव लड़ने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक तो खुलकर कह रहे हैं कि हम दूसरे दलों के प्रभावशाली नेताओं का पार्टी में स्वागत करेंगे। कुछ दिनों पहले ही डूंगरपुर से भाजपा के विधायक रहे देवेंद्र कटारा भी आम आदमी पार्टी में शामिल हो चुके हैं। हालांकि भाजपा ने 2018 के चुनाव में खराब परफॉर्मेंस के चलते देवेंद्र कटारा का टिकट काट दिया था। तब कटारा ने निर्दलीय चुनाव लड़कर मात्र 8633 वोट ही प्राप्त किए थे। ऐसे में उनका विशेष जनाधार नहीं बचा है। लेकिन आम आदमी पार्टी तो ऐसे ही नेताओं से अपने संगठन को मजबूत करने में लगी हुई है। राजस्थान भाजपा में इस समय कई गुट बने हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पृष्ठभूमि के नेता हैं और प्रारंभ से ही भाजपा से जुड़े हुए हैं। संभ्रांत छवि के कारण उनकी प्रदेश में शालीन छवि मानी जाती है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष होने के चलते पूरा संगठन ही उनका है। मगर प्रदेश की राजनीति में इस वक्त उनका गुट बहुत मजबूत माना जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पिछले विधानसभा चुनाव में हारने के बाद लगातार पार्टी में हाशिए पर चली गई है। वसुंधरा राजे फिर से मुख्यधारा में आकर पार्टी की कमान संभालने का प्रयास कर रही है। मगर आलाकमान उन्हें तवज्जो देने के मूड में नहीं लग रहा है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री व जोधपुर के सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पसंद माने जाते हैं। इसीलिए उन्हें राजस्थान की राजनीति में तेजी से आगे बढ़ाया गया है। उन्हें वसुंधरा राजे के विकल्प के तौर पर भी प्रस्तुत किया जा रहा है।

मगर संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले में उनका नाम आने से उनकी छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हाल ही में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोला है। उन्होंने शेखावत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि संजीवनी घोटाले में इनके परिवार के लोग शामिल हैं। गजेंद्र सिंह के पिता, इनकी माता जी, इनकी पत्नी, इनके साले पांचों लोग उसमें शामिल हैं। गहलोत ने कहा कि जिस व्यक्ति के ऊपर भयंकर आरोप हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसे आदमी को मंत्री बना रखा है। प्रधानमंत्री उनकी जांच करें। गहलोत ने कहा कि संजीवनी घोटाले में पीड़ितों में 80 परसेंट राजपूत हैं। मैंने भगवान सिंह रोलसाबसर से बात की है। वे गजेंद्र सिंह शेखावत के गुरु हैं। मैंने कहा भगवान सिंह जी इसे समझाओ कि पैसा वापस लौटाए। विदेशों के अंदर पता नहीं कितना पैसा लगा रखा है? इथियोपिया, ऑस्ट्रेलिया और भी पता नहीं कितने देशों में गजेंद्र सिंह का पैसा लगा हुआ है। केंद्रीय मंत्री को यह बात क्लियर करनी चाहिए। क्यों नहीं वह ईडी को जांच दिलवा रहे। गहलोत ने कहा कि सीबीआई तो गजेंद्र सिंह और इन लोगों की जेब में है। संजीवनी क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाइटी के घोटाले में गहलोत ने गजेंद्र सिंह पर निशाना साधते हुए कहा- आप खुद केंद्रीय मंत्री हैं। यदि आप बेकसूर हैं तो गरीबों का पैसा वापस दिलवाने के लिए आगे क्यों नहीं आते? अपनी राजस्थान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 4 महीनों पहले आबू रोड के मानपुर धाम का दौरा किया था। उसके बाद बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम, भीलवाड़ा के मालासेरी धाम का दौरा किया। फिर दोसा में एक्सप्रेस हाईवे का उद्घाटन करने आए। यह सभी क्षेत्र आदिवासी, गुर्जर, मीणा बहुलता वाले क्षेत्र हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा यहां कमजोर रही थी। उसी की भरपाई करने के लिए प्रधानमंत्री स्वयं दौरे कर रहे हैं। हालांकि प्रधानमंत्री द्वारा इन धार्मिक स्थलों के विकास के लिए कोई घोषणा नहीं किए जाने से लोगों में निराशा है।

फिलहाल तो प्रदेश में भाजपा के नेता अपना वर्चस्व जमाने के चक्कर में एक दूसरे को छोटा दिखा रहे हैं। ऐन चुनाव के वक्त इस तरह की हरकतों से भाजपा को आने वाले विधानसभा चुनाव में नुकसान उठाना पड़ सकता है।

मगर इन सब से अनजान भाजपा के नेता एक दूसरे की टांग खिंचाई में ही लगे हुए हैं। जो किसी कैडर बेस पार्टी के लिये अच्छी बात नही मानी जा सकती है।

## कविता

### एक शख्स की तलाश में था

वफा की खातिर एक शख्स की तलाश में था वो,
मुझे देख बगले झांक रहा था वो,

चंद टुकड़ों के लिए बना शातिर,
अपने को संत समझ रहा था वो,

खुद की शक्ल में दूसरा आदमी था वो,
मासूम सी शक्ल के पीछे शैतान था वो,

पल में माशा पल में तोला ऐसा क्यो,
बड़ी मछली बन छोटी को निगल रहा था वो,

खुद की बेटी बेटी है दूसरों की पराई नार,
पितामह बन दूसरों की बेटियों पर बुरी नजर रखता था वो,

आदमी ऊपर से दिखता तो शरीफ है
शराफत का चोंगा पहनकर घूमता है वो।

इंसानियत का बड़ा दुश्मन दिखाई देता है,
आम लोगों को भी बहुत देर से समझ आता है वो।

ईश्वर की लाठी में आवाज नहीं होती,
ईश्वर के हाथों ही बुरी गति को प्राप्त होता है वो

संजीव ठाकुर

# अशांत पंजाब बड़ी चिंता का विषय

**राजेश माहेश्वरी**

**पंजाब** की हवाओं में अशांति तैरने लगी हे। बीते दिनों वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह के समर्थकों द्वारा अजनाला पुलिस थाने पर कब्जा कर लिया गया। जिस तरह सडक पर तलवारों, लाठियों और बंदूकों के साथ सिखों का सैलाब देखा गया और उसने अजनाला पुलिस स्टेशन पर धावा बोल दिया, तो लगा कि पंजाब पुलिस बेबस, लाचार और असहाय हो गई है! उसका मनोबल टूट चुका है। पंजाब में बेकाबू हुए हालातों ने देशभर के लोगों का दिल दहला दिया है। 1995 के बाद बाद काफी हद तक खालिस्तानी घटनाएं कम हो गई थीं, जबकि भारत से बाहर खालिस्तान की मांग को लेकर आंदोलन होते रहे। अब हाल के वर्षों में पंजाब में एक बार फिर यह सिर उठा रहा है। खालिस्तान यानी खालसाओं का अलग देश. इस आंदोलन के तार वैसे तो आजादी के 18 साल पहले 1929 में हुए लाहौर अधिवेशन से ही जुड़े हुए हैं, जिसमें शिरोमणि अकाली दल ने सिखों के लिए अलग राज्य की मांग की थी, लेकिन आजादी के बाद जब भारत और पाकिस्तान अलग हुए तो इस मांग को और हवा मिली। 1947 में ही पंजाबी सूबा आंदोलन शुरू हुआ.।1966 में जब इंदिरा गांधी की सरकार थी, तब पंजाब तीन टुकड़ों में बंटा। सिखों की बहुलता वाला हिस्सा पंजाब, हिंदी भाषियों की बहुलता वाला हिस्सा हरियाणा और तीसरा हिस्सा चंडीगढ़ बना. इसके बावजूद खालिस्तान की मांग जारी रही. अलग राज्य नहीं, अलग देश की मांग। 80 के दशक में पंजाब में हिंसक घटनाएं बढ़ती जा रही थीं। इसके पीछे था, जरनैल सिंह भिंडरावाले, जिसे ऑपरेशन ब्लू स्टार में मार गिराया गया। वर्तमान में दुबई से लौटा अमृतपाल सिंह दूसरा भिंडरावाला बनने के संकेत दे रहा है। भिंडरावाला ही उसका आदर्श है। उसने खुद को स्वयंभू खालिस्तानी घोषित कर दिया है। उसने साफ कहा है कि वह भारतीय नहीं है। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनने के बाद से कानून और व्यवस्था पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। सिंगर सिद्धू मूसेवाला, डेरा सच्चा सौदा के भक्त से लेकर हिंदूवादी नेता सुधीर सूरी की हत्या की बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। खालिस्तानी तत्व भी लगातार सिर उठा रहे हैं। खालिस्तानी तत्व भी लगातार सिर उठा रहे हैं। ऐसे में अमित शाह की हालात को कंट्रोल से बाहर न जाने देने की बात ये साफ कर रही है कि केंद्र सरकार पंजाब के हालात के प्रति उदासीन नहीं है। खालिस्तानियों ने भी पंजाब में नई सरकार बनने के बाद अपनी गतिविधियां तेज कर दी है जिससे चिंताजनक हालात बन रहे है। लाकप्रीय पंजाबी गायक और कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला की दिन दहाड़े की गई हत्या ने पंजाब सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है। गौरतलब है कि सिद्धू मूसेवाला को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही थी इसके बावजूद मान सरकार ने उनकी सुरक्षा व्यवस्था हटा ली थी। एक दिन पहले ही पंजाब सरकार ने सिद्धू मूसेवाला सहित लगभग 400 लोगों की सुरक्षा व्यवस्था हटाई थी। वह भी बगैर किसी समीक्षा के।

## विचार

# नल से जल पहल, करे सुरक्षित कल

**-प्रियंका सौरभ**

**नीति** आयोग की 2018 की एक रिपोर्ट के अनुसार, 600 मिलियन भारतीय अत्यधिक जल संकट का सामना करते हैं और सुरक्षित पानी तक अपर्याप्त पहुंच के कारण हर साल लगभग दो लाख लोगों की मौत हो जाती है। 2030 तक, देश की पानी की मांग उपलब्ध आपूर्ति से दोगुनी होने का अनुमान है, जो लाखों लोगों के लिए गंभीर पानी की कमी और देश के सकल घरेलू उत्पाद में प्त 6% की हानि का संकेत है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि 84% ग्रामीण घरों में पाइप से पानी की सुविधा नहीं है, देश का 70% से अधिक पानी दूषित है। जल जीवन मिशन ने 2024 तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रति दिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति की परिकल्पना की है। यह जल शक्ति मंत्रालय के अधीन है। इसे 2019 में लॉन्च किया गया था। यह 2024 तक हर ग्रामीण घर में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए सरकार के जल जीवन मिशन का एक घटक है। यह योजना एक अनूठे मॉडल पर आधारित है, जहां ग्रामीणों की पानी समितियां (जल समिति) यह तय करेंगी कि वे अपने द्वारा उपभोग किए जाने वाले पानी के लिए क्या भुगतान करेंगे। इस पहल का भारत में ग्रामीण और शहरी समुदायों पर महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक प्रभाव है जैसे बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता से लोगों के स्वास्थ्य में काफी सुधार हो सकता है। उचित स्वच्छता और साफ पानी की आपूर्ति के अभाव में जलजनित रोग फैल सकते हैं। नल से जल पहल से सुरक्षित पेयजल तक पहुंच में सुधार होगा, जिससे जलजनित रोगों की घटनाओं में कमी आ सकती है। सुरक्षित पेयजल तक पहुंच के साथ, लोग उत्पादक गतिविधियों पर अधिक समय व्यतीत कर सकते हैं, जैसे कि खेती, जो ग्रामीण क्षेत्रों में कई लोगों के लिए आजीविका का मुख्य स्त्रोत है। इससे उत्पादकता और आर्थिक विकास में वृद्धि हो सकती है। इस पहल से सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराकर ग्रामीण परिवारों के स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार की उम्मीद है, जिससे जलजनित रोगों की घटनाओं में कमी आएगी। पाइप द्वारा जल आपूर्ति तक पहुंच ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं के लिए समय और प्रयास की बचत करेगी, जो परंपरागत रूप से दूर के स्त्रोतों से पानी एकत्र करने के लिए जिम्मेदार हैं। स्वच्छता तक पहुंच में वृद्धिः इस पहल से स्वच्छता सुविधाओं की पहुंच भी बढ़ेगी, क्योंकि घरेलू शौचालयों के लिए पाइप जलापूर्ति का उपयोग किया जा सकता है। पहल भूजल स्त्रोतों पर निर्भरता को कम करेगी, जो भूजल संसाधनों के संरक्षण में मदद करेगी और समग्र पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान देगी।

नल से जल पहल, जिसका उद्देश्य 2024 तक हर घर में पाइप से पानी की आपूर्ति करना है, कई चुनौतियों का सामना करती है। नल से जल पहल को लागू करने में सबसे बड़ी चुनौती कई क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की कमी है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। पाइप वाली जल आपूर्ति प्रणाली के निर्माण के लिए बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होती है, जिसमें पाइप, पंप और उपचार संयंत्र शामिल हैं। पहल के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण फंडिंग की आवश्यकता होती है, और सरकार को इस पहल के लिए पर्याप्त फंडिंग हासिल करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। पहल की सफलता स्थानीय स्तर पर योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक क्षमता पर भी निर्भर करती है। पानी की आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण चुनौती है, क्योंकि जल स्त्रोतों के संदूषण और प्रदूषण से स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है और पहल की प्रभावशीलता कम हो सकती है। पहल की सफलता पानी के उपयोग, संरक्षण और स्वच्छता प्रथाओं के संदर्भ में लोगों के व्यवहार को बदलने पर भी निर्भर करती है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अंतिम छोर तक पहुंच मॉडल में भ्रष्टाचारी बाधक हैं

**किशन भावनानी**

वैश्विक स्तरपर शासन प्रशासन के सिस्टम का कुशासन रूपी कैंसर भ्रष्टाचार है, जिसकी पीड़ा शायद ही कोई देश होगा, जहां सुशासन को दीमक रूपी कुशासन ने न प्रतिस्थापित किया हो। हर देश के शासन प्रशासन को चलाने के लिए मनीराम प्रमुख होता है जिसकी उत्पत्ति उस देश के करदाताओं द्वारा होती है, जो उनके टैक्स द्वारा दिए गएमनीराम के बल पर सारी नीतियां रणनीतियां क्रियान्वित होती है, जिसके लिए हर देश में उस आने वाले वर्ष के लिए गतवर्ष में ही कर निर्धारण वर्ष के लिए बजट बनाया जाता है, जिसमें कराधान की नीतियां स्ट्रक्चर इत्यादि कोनिर्धारित किया जाता है। इसी बजट में ही सभी वर्गों सहित अंतिम छोर तक बैठे गरीब व्यक्ति के लिए भी योजनाएं शामिल होती है। परंतु बड़े दुर्भाग्य की बात है हम रिचिंग लास्ट माइल की बातें शाब्दिक रूप से बहुत करते हैं, अपने हर संबोधन में हर पार्टी के नेता इसी लास्ट माइल की बात करते हैं। परंतुबदकिस्मती है कि वह लास्ट माइल आज भी जस का तस है, क्योंकि उसे पता ही नहीं चलता कि बजट में उनके लिए क्या है और वह अंदर ही अंदर मिलीभगत से कैंसर रूपी भ्रष्टाचार का शिकार होकर दम तोड़ देता है। इसीलिए हम कह सकते हैं कि अंतिम छोर तक पहुंच मॉडल में भ्रष्टाचारी बहुत बड़े बाधक हैं।हालांकि अंतिमछोर तक पहुंच के लिए ही आकांक्षी जिला कार्यक्रम 500 उपखंड में एक साथ शुरू किया गया है, परंतु कैंसर रूपी भ्रष्टाचार को जब तक जीरो टॉलरेंस नहीं बनाया जाएगा तब तक यह भ्रष्टाचारी हर नीतियों और मॉडल में बाधक सिद्ध होंगे। इसलिए जनता में जागृति फैलाने माननीय पीएम महोदय बजट 2023 में रिचिंग द लास्ट माइल के बजट में किए गए प्रावधानों को इस चौथे वेबीनार के माध्यम से संबोधित किए इसलिए आजहम पीआईबी में उपलब्ध जानकारीकेसहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे रिचिंग द लॉस्ट माइल। साथियों बात अगर हम 27 फरवरी 2023 को चौथे वेबनार अंतिम छोर तक पहुंच (रिचिंग द लास्ट माइल) में पीएम के संबोधन की करें तो उन्होंने केंद्रीय बजट 2023 में घोषित होने वाली पहलों के कारगर क्रियान्वयन के लिये सुझाव और विचार आमंत्रित करने के क्रम में सरकार द्वारा आयोजित 12 बजट-उपरांत वेबिनारों में से यह चौथा वेबिनार में कहा कि इस वर्ष के बजट में जनजातीय और ग्रामीण इलाकों के अंतिम छोर तक पहुंचने के मंत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### बस मरता एक बार है...

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**एक** मास्टर जी जिंदगी भर पढ़ाने के लिए तरसते रहे। तरसते-तरसते इस दुनिया को अलविदा कह गए। मरते समय उन्होंने एक चिट्ठी लिखी थी। वही उनकी अंतिम निशानी और इच्छा थी। उसमें उन्होंने लिखा - मैं जब मर जाऊँ तो नाक के पास अंगुली लगाकर एक बार देख लेना कि कहीं जीवित तो नहीं हूँ। हाँ यह सब जेब देखने के बाद भी कर सकते हो। मतलब के बाद ही बेमतलब की चीजें करने में समझदारी समझी जाती हैं। मेरी सांसें मोहताज थी किसी की, उसे लेने में कोई शर्म नहीं है और न मुझे देने में। हाँ जेब की चीजें खुद से नहीं दे सकता। एटीएम कार्ड पड़ा है। निकाल लेना। तुरंत जाकर पिन झ्र एक तेरह सात दबा देना। वहीं से तुम्हारा मेरा साथ खत्म हो जाएगा। मुझे पैसों की चिंता नहीं है। चिंता तो मेरी चिता की है। एक अंतिम इच्छा है। हो सके तो पूरा कर देना। मेरे शव को दफनाते समय कफन की बजाय पुराने नोटबुक के कागज, पत्र-पत्रिका के पन्नों से मुझे ओढ़ा देना। कम से कम पढ़ने-लिखने के काम तो आयेंगे। कपड़े का क्या है। चिता को छू जाए तो कफन बन जाता है और जीते जी किसी भूखे-नंगे के बदन को ढक दे तो लाज बनकर शान बन जाता है। कम से कम इसी बहाने जाते-जाते कुछ बच्चों को मुस्कुराने का अवसर तो दूँगा। मैं न मुस्कुरा सका तो क्या हुआ, दुनिया में लाखों रुलाने वालों की तरह मैं उनकी गिनती में शामिल होने से बच जाऊँगा। यही एक पुण्य काफी है इस पापी दुनिया से बच बचाकर निकलने का। मुझे मिट्टी में मत दफनाना। वहाँ बड़ी घुटन होगी। जब तक जमीन पर था अधिकारियों की इसी घुटन का शिकार हुआ। अब सांसे तो क्या घुटना भी घुटने के लिए तैयार नहीं है। मिट्टी में कीड़े-मकौड़े होते हैं। यह धीरेःधीरे शरीर खा जाते हैं। यह उनकी आदत है, जबकि अधिकारियों की इनके विपरीत जल्दी-जल्दी खाने की होती है। इस मामले में कीड़े-मकौड़े बेहतर हैं। हो सके तो शव के साथ एक बस्ता धर देना जिसमें पेंसिल, रबड़, छिलनी के साथ-साथ ऐनक भी हो। सबसे जरूरी मोबाइल रखना बिल्कुल मत भूलना। हो सके तो एक साल का रिचार्ज करवा देना। वरना उबिया जाऊँगा। मैं आप लोगों के हाथ जोड़ता हूँ और पैर पड़ता हूँ कि मुझ पर फूल माला पहनाने की गलती भूल से भी मत करना।

# 'केएमपी-केजीपी पर सभी अवैध कट बंद करें'

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**अतिरिक्त उपायुक्त** अंकिता चौधरी ने कहा कि जिला में सडक दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सभी संबंधित विभागों के एकजुट प्रयासों की जरूरत है। इसलिए विभाग अपने से संबंधित कार्यों को तुरंत पूरा करें ताकि सडक दुर्घटनाओं में कमी आ सके। उन्होंने कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) व कुंडली-गाजियाबाद-पलवल(केजीपी) एक्सप्रेस-वे पर अवैध कटों पर चिंता जताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन कटों को तुरंत बंद करवाएं और आगे जो भी व्यक्ति केएमपी व केजीपी पर अवैध कट का निर्माण करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें, ताकि आगे लोग इन कटों को न खोलें और सडक पर यात्रा करने वाले लोगों को दुर्घटना से बचाया जा सके।

अतिरिक्त उपायुक्त मंगलवार को लघु सचिवालय में रोड सेफ्टी व सुरक्षित



स्कूल वाहन पॉलिसी की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे रही थी। उन्होंने एसएसआईआईडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि केएमपी व केजीपी पर लाईटों को लेकर बार-बार शिकायत आती है इसलिए संबंधित अधिकारी तुरंत इन लाईटों को चैक कर सभी लाईटों को ठीक करवाने तथा सुचारू रूप से चालू करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस विभाग द्वारा बताए गए प्रेम नगर के पास जीटी रोड़ पर गन्दा पानी इक्ट्ठा होने के एजेंडे पर अतिरिक्त उपायुक्त ने एमसी व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस जगह का आज ही निरीक्षण कर इस पानी को बंद करवाने का इंतजाम करें ताकि यह पानी जीटी रोड़ पर न आए और जीटी रोड़ पर जाम न लगे।

अतिरिक्त उपायुक्त ने केएमपी-केजीपी पर अवैध पार्किंग को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ऐसी जगह पर अपनी गस्त को बढ़ाएं

**8 जो भी व्यक्ति केएमपी व केजीपी पर अवैध कट का निर्माण करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें**

और वाहन पाकिंग करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके चालान करें। इसके अलावा भी जिला में यातायात के नियमों का पालन ने करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने बहालगढ चौंक पर बिजली खंभों को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस जगह का निरीक्षण कर इन बिजली के खंभों को आवश्यकतानुसार पीछे करवाने का कार्य करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अपने क्षेत्र में आने वाले स्कूलों के वाहनों की लगातार चैकिंग करें और सुरक्षित वाहन पॉलिसी का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडक सुरक्षा को लेकर वे अपनी सभी सडकों का ऑडिट करें और अपने से संबंधित मॉडल रोड़ के कार्यों को भी जल्द पूरा करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश किए कि वे नेशनल हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा की भी चैकिंग करें कि वहां लोगों की सुविधा के लिए सभी वस्तुओं की व्यवस्था है या नहीं। इसके अलावा मीटिंग में उन्होंने अनुपस्थित रहे एनएचएआई अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में एसडीएम सोनीपत राकेश संधू, एसडीएम गोहाना आशीष कुमार, आरटीए शंभू राठी, एसीपी रमेश, पुलिस विभाग से इंस्पेक्टर विकास, जोगिन्द्र, आरटीए कार्यालय से टीएसआई दीपक सरोहा, अभिषेक सहित सभी संबंधित अधिकारी थे।

# संरक्षित क्षेत्रों या जंगलों के भीतर मूल जैव विविधता और विरासत महत्वपूर्ण



**सोनीपत**/गांव मोहाना में लोगों को अपने अधिकार क्षेत्र में विरासत या सौंदर्य संबंधी मूल्यों के साथ प्रमुख जैव विविधता स्थलों/जैव विविधता समृद्ध क्षेत्रों की जानकारी बारे में ग्रामीणों के साथ एक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता हरियाणा जैव विविधता बोर्ड के चेयरमैन पंकज गोयल के मार्गदर्शन में डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर श्यो प्रसाद ने की। उन्होंने सभा में शामिल लोगों को बताया की भारत के जैव विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 37 के तहत परिकल्पित जैव विविधता विरासत स्थलों (बीएचएस) की अवधारणा, इन विलुप्त जैव विविधता समृद्ध क्षेत्रों की रक्षा के लिए उठाए गए सबसे कल्पनाशील कदमों में से एक थी। इस विचार में संरक्षण परिदृश्य को सिंगल-ट्रैक संरक्षित क्षेत्र नेटवर्क से भारत की जैव विविधता के लिए असंख्य अवसरों के बहु-आयामी कैनवास में बदलने की क्षमता ह। इसकी सबसे बुनियादी व्याख्या में, ऐसे स्थल जिन्हें समृद्ध जैव विविधता के साथ अद्वितीय, पारिस्थितिक रूप से नाजुक पारिस्थितिक तंत्र के रूप में जाना जाता है, चाहे वे जंगली हों या पालतू और जिनमें महत्वपूर्ण सांस्कृतिक, नैतिक या सौंदर्य मूल्य हों, उन्हें बीएचएस घोषित किया जा सकता है। इन साइटों का मानव संघ का इतिहास हो सकता है या नहीं हो सकता है और भारत के पहले से मौजूद संरक्षित क्षेत्र नेटवर्क के तहत नहीं हैं। इसके बाद, 2008 में, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने ऐसी साइटों को घोषित करने और प्रबंधित करने के लिए दिशानिर्देश और सूचीबद्ध प्रबंधन नुस्खे जारी किए, इस प्रकार पूरे देश में अवधारणा को लागू करने का मार्ग प्रशस्त किया।जैव विविधता अधिनियम ने कई हजार पवित्र उपवनों के लिए अवसर की एक नई खिड़की खोली, जो दो बार पीड़ित हुए हैं, एक संरक्षित क्षेत्रों के रूप में मान्यता की कमी से और दूसरा, पिछले दशकों में लालची भूमि रूपांतरण के खतरे से। यह रचनात्मक संरक्षण की संभावना का भी परिचय देता है जो किसी अन्य भूमि उपयोग को शुरू करने की लागत की तुलना में अपनी वर्तमान स्थिति में साइट की रक्षा करने में मदद कर सकता है। उदाहरण के लिए, अब एक पंचायत या एक जैव विविधता प्रबंधन समिति के लिए जैविक विविधता अधिनियम के प्रावधानों को लागू करना और इसके संरक्षण के लिए आंदोलन करने के बजाय इसकी जल धारण क्षमता को उजागर करके एक उच्च ऊंचाई वाले उपवन का संरक्षण करना संभव होगा। इस तरह के कानूनी प्रावधान के साथ, इन भूमियों को संभावित रूप से अनंत काल के लिए संरक्षित किया जा सकता है, भले ही वे वर्तमान में किसी अन्य कानून द्वारा संरक्षित न हों। महत्वपूर्ण जानकारी सांझी करने के लिए मोहाना गांव के सरपंच नरेंद्र ने डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर का आभार जताया और गांव की 5 एकड़ भूमि जैव विविधता बोर्ड पंचकूला को जैव विविधता बोर्ड पंचकूला को देने आश्वाशन दिया।

## न्यूज फ्लैश

### पुरानी पैशन बहाल कराने को लेकर राज्य कमेटी की बैठक 03 मार्च को: विनोद शर्मा



**सोनीपत:** हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 कैम्प कार्यालय करनाल मुख्यालय चरखी दादरी की राज्य कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक राज्य चैयरमेन श्री सीताराम सुथार की अध्यक्षता में दिनांक 03 मार्च 2023 को गीता धर्मशाला भट्टू रोड़ फतेहाबाद में होनी निश्चित हुईं है। मीटिंग का संचालन प्रदेश महासचिव धर्मबीर शर्मा करेंगे। प्रदेश कार्यालय सचिव विनोद शर्मा ने बताया कि आगामी 03 मार्च को राज्य कमेटी की बैठक होनी निश्चित हुईं है। बैठक में राज्य प्रधान सत्यपाल वर्मा जी की अगुवाई में प्रदेश में कार्यरत लगभग 100 से ज्यादा ब्रांचों के पदाधिकारी 22 जिलों में गठित जिला कमेटियों के पदाधिकारियों के साथ साथ केन्द्रीय कमेटी में शामिल लगभग 40 राज्य कमेटी पदाधिकारी भाग लेंगे। सम्मेलन में सरकार की वादाखिलाफी कर्मचारियों की मांगों को लेकर आगामी आंदोलन की रुपरेखा तैयार करने बाबत विचार विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में आगामी चुनाव बारे में भी रणनीति बनाई जाएगी। सम्मेलन में कर्मचारियों की मुख्यत मांगों पर विचार विमर्श किया जाएगा और आगामी आंदोलन की रुपरेखा तैयार की जाएगी तथा निकट भविष्य में जल्द ही प्रदेश स्तर पर कर्मचारियों की बहुत बड़ी रैली उनकी मांगों को लेकर की जाएगी। मुख्यत मांगे पुरानी पैशन बहाल करने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने जब तक पक्के नहीं होते तब तक समान काम समान वेतनमान देने सेवा नियमों में संशोधन करने वेतन आयोग की विसंगतियों को दूर करने निजीकरण पर रोक लगाने बारे विभागों में खाली पड़े पदों पर तुरंत प्रभाव से पक्की भर्ती के माध्यम से भरने बारे आदि मांगों को लेकर सम्मेलन में विचार विमर्श किया जाएगा। इसी बैठक को ध्यान में रखते हुए कल 01 मार्च को पब्लिक हेल्थ ब्रांच सोनीपत की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। ताकि आगामी आंदोलन को लेकर पहले ही तैयारी शुरू कर दी जाएं।

### विज्ञान ने मनुष्य के हर सपने को किया है पूरा : सुधीर जैन

**सोनीपत: ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) के चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि वैश्विक कल्याण के लिए विज्ञान का प्रचार-प्रसार बहुत जरूरी है। विज्ञान के विकास व अनवरत उपयोग ने मानवीय गतिविधियों को बेहद आसान बना दिया है। विज्ञान ने मनुष्य के हर सपने को पूरा किया है। विज्ञान के महत्व और आम लोगों के दैनिक जीवन में सुधार के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ही राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर वर्ष मनाया जाता है। इससे पहले स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने विज्ञान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया । इस मौके पर देश के महान वैज्ञानिक सर सीवी रमन को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई । सुधीर जैन ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर वर्ष 28 फरवरी को रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसी दिन सर सीवी रमन ने रमन प्रभाव की खोज की घोषणा की थी, जिसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था । उन्होंने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का थीम वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान रखा गया है । उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए केवल साधन मात्र ही नहीं बल्कि जरूरत बनता जा रहा है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि देश में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करने के साथ ही विज्ञान व तकनीक को जनसाधारण तक उपलब्ध कराना है । विज्ञान के माध्यम से आम नागरिक तकनीक और ऊंचाइयों को हासिल कर सकते है। उन्होंने कहा कि देश व समाज के विकास के लिए विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाना और लोगों में वैज्ञानिक सोच को पैदा करना बहुत जरूरी है । प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि सर सीवी रमन एक महान वैज्ञानिक थे जिन्होंने भौतिक विज्ञान क्षेत्र में अपने कार्यों से देश का नाम रोशन किया। उनका जीवन आज भी युवाओं को विज्ञान के क्षेत्र में कुछ नया करने के लिए प्रेरणा देता है। उन्होंने स्कूली बच्चों का आह्वान किया कि वे विज्ञान विषय का गंभीरता से अध्ययन करें, लैब का पूरा सदुपयोग करें । साथ ही शिक्षकों से भी कहा कि वे भी बच्चों को विज्ञान से जुड़ी रोचक बातें बताएं । इस अवसर पर अध्यापिका निधि, काजल, ज्योति आदि ने भी जीवन में विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला।

# लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप में जीते पदक

**सोनीपत/रमेश कुमार**

**20 फरवरी** 2023 से 24 फरवरी 2023 तक सोनीपत में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस अंडर-18 चैंपियन सीरीज में लिटल एंजल्स के होनहार खिलाड़ी पुष्कर ने एकल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली के वीर सिंह से 6-2, 6-2 स्कोर से खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं युगल मुकाबले के फाइनल मैच में पुष्कर व रिदम ने हरियाणा के यश व निशांत के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए सूपर टाइ



ब्रेक 7-10 के स्कोर से दूसरा स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों के अभिभावकों ने इस जीत का श्रेय स्कूल प्रशासन को दिया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में उपलब्ध उच्च स्तरीय खेल सुविधाओं के कारण ही खिलाड़ी लगातार अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 68 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन श्री तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग, प्रधानाचार्या आशा गोयल व उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने खिलाड़ियों को बधाई दी व उनकी खेल-भावना को सराहते हुए भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# मरीजों को मुफ्त मे मिलेगा एक जगह हर बीमारी का इलाज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत** की अग्रणी समाज सेवी संस्था एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला इकाई सोनीपत के सयुंक्त प्रयास से रविवार दिनांक 05 मार्च 2023 को शम्भूदयाल स्कूल सोनीपत मे सुबह 10 बजे से शाम 2 बजे तक मुफ्त स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जायेगा, सेफ के चेयरमैन वाई के त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि दृष्टि सेवा समिति के सहयोग से दिल्ली के मशहूर आँखों के हस्पताल डॉक्टर श्रॉफ आईं हस्पताल के प्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा आँखों की जाँच की जाएगी मरीजों को मुफ्त दवाई दी जाएगी तथा मोतियाबिंद के मरीजों का मुफ्त मे ऑपरेशन किया जायेगा, सम्मेलन के प्रधान अनिल गुप्ता व महासचिव अरविन्द मित्तल ने बताया कि दांतो की जाँच डॉक्टर वरुण शर्मा व स्वास्थ्य की जाँच सक्सेना हस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा की जाएगी एवं मरीजों को तीन दिन की दवाई मुफ्त मे भी दी जाएगी, इस कैंप मे स्वास्थ्य जाँच के साथ साथ रोटरी ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर भी लगाया जायेगा, संजय सिंगला ने बताया कि आज के इस महंगाई के दौर मे आम आदमी महंगे हस्पतालो मे इलाज करवाने मे अपने आपको असमर्थ पाता अतः संस्था ने हर महीने के पहले रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य जाँच कैम्प लगाने का निर्णय लिया है।

# हार्ट के मरीज को मैक्स अस्पताल शालीमार बाग के डॉक्टरों ने मौत के मुंह से बचाया

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**मैक्स** सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग में दुनिया के सबसे छोटे पंप इम्पेला के जरिए 70 वर्षीय मरीज का जीवन बचाया गया. मरीज को जब अस्पताल में भर्ती कराया गया उस वक्त उनका दिल सिर्फ 10 फीसदी काम कर रहा था और उनका जीवन खतरे में था. नई दिल्ली के शालीमार बाग स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में कार्डियोलॉजी के एचओडी व डायरेक्टर डॉक्टर नवीन भामरी और उनकी टीम ने ये सफल सर्जरी की. उनकी टीम में मैक्स अस्पताल के डॉक्टर देवेंद्र कुमार अग्रवाल, डॉक्टर सुधांशु शेखर परिदा और डॉक्टर सर्वेश प्रजापति रहे और पूरी टीम ने मिलकर ब्लॉकेज हटाते वक्त मरीज के हार्ट को पंप



करने के लिए इम्पेला का उपयोग किया. इम्पेला एक तरह का हार्ट पंप है, जिसका इस्तेमाल मरीज की गंभीर स्थिति के दौरान दिल के फंक्शन को सुचारू रूप से चलाने के लिए किया जाता है. 70 वर्षीय मरीज राजेंद्र कुमार बसोया जब अस्पताल पहुंचे उस वक्त उन्हें सांस में परेशानी हो रही थी, सीने में दर्द हो रहा था. उन्हें ये दिक्कत करीब 10 दिन से हो रही थी, अस्पताल पहुंचने पर उनका बीपी 80 था. मरीज को कुछ अन्य बीमारियां भी थीं. उन्हें डायबिटीज, हाइपोथायरायडिज्म और डिस्लिपिडेमिया की भी प्रॉब्लम थी, वो अंडरवेट थे और वजन सिर्फ 48 किलो था।

# गांधी स्मारक निधि के सचिव आनंद शरण को किया सम्मानित

**समालखा: राजस्थान सरकार** द्वारा नवगठित शान्ति एवं अहिंसा विभाग ने अजमेर में दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय गांधी संस्थाओं के सम्मेलन का आयोजन 2 दिन का किया । इस दो दिवसीय सम्मेलन में भारतवर्ष के लगभग 20 प्रांतों से संस्थाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में पंजाब, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश तथा चण्डीगढ़ की तरफ से गांधी स्मारक निधि,स्वाध्याय आश्रम, पट्टीकल्याणा ने भी भाग लिया। इसमें भाग लेने के लिए गांधी स्मारक निधि पट्टी कल्याणा के सचिव आनंद कुमार शरण के साथ अजय श्रीवास्तव,सुनीता शर्मा,किरण शरण एवं बसंत ने भाग लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने की।

# बाबा रामनाथ महान संत थे, जिन्होंने समाज को आदर्श मार्ग पर चलने की प्रेरणा दीः राजीव जैन

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि बाबा रामनाथ महान संत थे, जिन्होंने समाज को आदर्श मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी और संपूर्ण जीवन धर्म के प्रचार प्रसार में लगा दिया।

ओल्ड अंबाला रोड पर मुखी अस्पताल के निकट बाबा रामनाथ की पुण्यतिथि धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। हवन यज्ञ के बाद संतों के पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। राजीव जैन ने कन्याओं का पूजन कर



आशीर्वाद लिया और कहा कि इस स्थान से बाबा रामनाथ के साथ-साथ तीन संतों का मोक्ष हुआ है इसलिए पवित्र स्थान पर आकर सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। राजीव जैन ने कहा कि संतों के आशीर्वाद से ही समाज में भाईचारा, प्यार, प्रेम और धर्म के प्रति श्रद्धा कायम रहती है, अन्यथा समाज के विभिन्न झंझटौ में फस कर अपने मार्ग से भटक रहा है। उन्होंने कहा कि संत हमारे समाज की ऐसी धूरी हैं जिनमें चारों तरफ लोग जात-पात, धर्म, क्षेत्रवाद, भाषाई विवादों को भूलकर केवल और धर्म मार्ग पर चलकर मानव जीवन को सार्थक करते हैं। बाबा रामनाथ सेवा समिति के पदाधिकारियों ने राजीव जैन का फूल मालाओं से स्वागत किया और राजीव जैन ने धूने पर माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में रवि, चांदनी, बाबा रामनाथ, सोनू , राधेश्याम, मनीष, वीरेंद्र कपिल,रविंदर, शुभम कुमार एंव अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# वामपंथी दलों ने बजट को जन विरोधी बताते हुए फूंका सरकार का पुतला



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**वामपंथी** दलों सीपीआई और सीपीएम ने केंद्रीय बजट एवं हरियाणा सरकार के बजट को जन विरोधी बताते हुए मंगलवार को बस अड्डा के पास ऐलिवेटिड हाईवे के नीचे जीटी रोड पर सरकार का पुतला फूंका। वामपंथी दलों के नेता एवं कार्यकर्ता इससे पहले गीता कालोनी स्थित शिव वर्मा स्मारक में एकत्रित हुए और वहां से प्रधानमंत्री के पुतले को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जीटी रोड पर पहुंचे, वहां पर पुतला फूंका गया। वहीं सीपीएम के जिला सचिव सुनील दत्त ने केंद्रीय एवं हरियाणा सरकार के बजट को जन विरोधी बताते हुए कहा कि बजट में देश में बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने व युवाओं को रोजगार देने को लेकर कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया है। मनरेगा की राशि को कम कर-के ग्रामीण लोगों की आजीविका पर खुला हमला किया गया है। सीपीआई के जिला सचिव पवन सैनी एडवोकेट ने कहा कि साल 2022-23 के लिए खाद्य सब्सिडी का बजट 2.87 लाख करोड़ था जोकि इस साल कम होकर 1.97 लाख करोड़ रह गया है। सरकार अपने वादे अनुसार 2022 तक सभी को घर देने में विफल रही है।

# किसानों ने किया एसडीएम कार्यालय का घेराव

**खरखौदा/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा: मंगलवार** को काफी संख्या में किसान अपने अपने ट्रैक्टरों के साथ खरखौदा एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। किसानों ने एसडीएम ज्योति मित्तल को मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम अपना ज्ञापन भी सौंपा। आपको बता दे कि मंगलवार को शहर के सांपला रोड बाईपास पर एकत्रित होने के बाद किसान अपने ट्रैक्टर लेकर शहर के बीच से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे, और कार्यालय को घेर लिया। पुलिस द्वारा किसानों को अंदर जाने से रोके जाने पर किसानों ने एसडीएम कार्यालय के गेट पर ही धरना शुरू कर दिया। इस दौरान किसान



नेता अभि मन्यु कोहाड़ ने कहा कि सरकार को उनकी बातें माननी ही होंगी। अभि मन्यु कोहाड़ ने इस दौरान कहा कि हरियाणा विधानसभा में 24 अगस्त 2021 को एक प्रस्ताव के माध्यम से भूमि अधिग्रहण कानून 2013 में संशोधन पारित कर दिए गए। जोकि किसान हित में नहीं है। पहले कानून के तहत किसानों को कलेक्टर रेट से 4 गुणा मुआवजा देने, सामाजिक प्रभाव का आकलन व किसानों की सहमति लेने के प्रावधान थे। लेकिन संशोधन के बाद किसान के हित में कुछ नहीं रह गया है। ऐसे में उनकी मांग है कि इस संशोधन को वापिस किया जाए। साथ ही केएमपी को नेशनल हाईवे का दर्जा देकर आर्बिटल रेल कॉरिडोर के लिए अधिग्रहित की गई जमीनों का कलेक्टर रेट दोगुना किया जाए। जिसके बाद भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के अनुसार किसानों को कलेक्टर रेट से 4 गुणा मुआवजा दिया जाए। ऐसा नहीं होने पर किसान रेल लाइन को एक इंच भी बिछने नहीं देंगे।

रामकरण वत्स, प्रेम दहिया सिसाना, मंडी प्रधान नरेश दहिया, सरोहा खाप प्रधान सतीश सरोहा, अतर सिंह प्रधान, प्रवेश दहिया, विकेश दहिया, बुध सिंह कोहाड़, रामनारायण, अतर सिंह, देशपाल दहिया, पवित्र जून, कुलबीर प्रधान, विजय सरोहा, बेदी दहिया, देवेंद्र दहिया, बिजेंद्र दहिया अन्य आदि मौजूद रहे।

# एसडी पीजी कॉलेज में राज्य स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रमों का समापन

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**एसडी पीजी** कॉलेज पानीपत में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रमों का मंगलवार को समापन हो गया। अंतिम दिन विभिन्न ख्याति प्राप्त भारतीय वैज्ञानिकों को याद करने को लेकर रमन मेमोरियल लेक्चर का आयोजन किया गया जिसे भौतिकी विषय के ख्याति प्राप्त प्राध्यापक और कॉलेज के अनुभवी प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने दिया। प्राचार्य ने एमएससी एवं बीएससी के छात्र-छात्राओं से बातचीत भी की और उनसे उनके पाठ्यक्रम और भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा की। इस मौके पर तीन दिवसीय आयोजन के सूत्रधार प्रो राकेश कुमार सिंगला, प्रो मुकेश गुप्ता और डॉ प्रवीन कत्याल, डॉ रवि कुमार, डॉ राहुल जैन, डॉ प्रियंका चांदना, प्रो प्रवीण कुमारी,डॉ चेतना नरूला, डॉ रेणु गुप्ता,डॉ बिंदु रानी, प्रो साक्षी, प्रो अरुण सैनी, प्रो मोहित सैनी व्याख्यान का हिस्सा रहे। कार्यक्रम के अंतिम दिन भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की पुण्यतिथि होने पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

वहीं एसडी पीजी कॉलेज के उन विजेताओं को सम्मानित किया गया जिन्होनें पेपर एंड पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन, पोस्टर मेकिंग और क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया था और विजेताओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र दिए गए।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
अंबाला
(मनीष)
मो. नं. : 9896772006

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं. : 9466035040


# केजरीवाल खुद क्यों नहीं रखते कोई मंत्रालय?

## जिम्मेदारी से बचने के डर से अरविंद केजरीवाल किसी भी विभाग मंत्रालय नहीं संभाल रहे हैं: बीजेपी, क्या 18 विभागों के मंत्री सिसोदिया की जगह पर केजरीवाल कोई मंत्रालय संभालेंगे या नहीं

### सिसोदिया- जैन का इस्तीफा

= भाजपा का कहना है कि जिम्मेदारी से बचने के डर से अरविंद केजरीवाल किसी भी विभाग मंत्रालय नहीं संभाल रहे हैं





**नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल आखिर अपने पास कोई मंत्रालय क्यों नहीं रखते हैं। जबकि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को छोड़कर दिल्ली सरकार में छह मंत्री हैं। इन सभी छह मंत्रियों में 33 विभागों के कामकाज का बंटवारा है। इस बंटवारे में आधे से ज्यादा मंत्रालय तो सीबीआई की हिरासत में पहुंचे उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के पास हैं। अब सियासी गलियारों में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पास मंत्रालय न होने की चर्चा इसलिए भी सबसे ज्यादा हो रही है कि क्या 18 विभागों के मंत्री मनीष सिसोदिया की जगह पर अरविंद केजरीवाल कोई मंत्रालय संभालेंगे या नहीं। हालांकि अरविंद केजरीवाल के मंत्रालय ने संभालने पर भाजपा का अलग तर्क है। उनका कहना है कि जिम्मेदारी से बचने के डर से अरविंद केजरीवाल किसी भी विभाग मंत्रालय नहीं संभाल रहे हैं। वहीं राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नई सरकार में एक भी विभाग की जिम्मेदारी न संभालने वाले अरविंद केजरीवाल को फिलहाल इस कठिन परीक्षा में महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी भी उठानी पड़ सकती है।

**केवल चार मंत्री हैं अरविंद केजरीवाल की कैबिनेट में:** दिल्ली सरकार के उपमुख्यमंत्री और राज्य के आधे से ज्यादा विभागों के मंत्री का पदभार संभालने वाले मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी से राज्य में सियासी संकट खड़ा हो गया है। राजनीतिक विश्लेषकों की नजर में यह सियासी संकट इसलिए सबसे ज्यादा है क्योंकि मनीष सिसोदिया के पास राज्य के सबसे ज्यादा मंत्रालय आते हैं। इन मंत्रालयों का कामकाज कैसे होगा और राज्य पर उसका कितना असर पड़ेगा, इसका आकलन सियासत में किया जाने लगा है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि जब आम आदमी पार्टी के मंत्री सत्येंद्र जैन को जेल हुई, तो उनका मंत्रालय भी मनीष सिसोदिया को दे दिया गया। अब तो मनीष सिसोदिया भी सीबीआई की रिमांड पर हैं। ऐसे में उनके मंत्रालयों का जिम्मा अब किसके पास आएगा।

### केजरीवाल अब सिसोदिया के मंत्रालयों का जिम्मा संभालेंगे!


**चर्चा** यही हो रही है बगैर पोर्टफोलियो वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अब इन मंत्रालयों का जिम्मा संभालेंगे। एक बार फिर से सत्येंद्र जैन की तरह मनीष सिसोदिया के महकमों का भी बंटवारा अन्य मंत्रियों में होगा या किसी और विधायक को मंत्री बनाकर करेंगे। दिल्ली सरकार में नियमत: सात मंत्री हो सकते हैं। इसमें एक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अलावा छह मंत्रियों की कैबिनेट बनी हुई है। सत्येंद्र जैन को जेल होने के बाद महज पांच मंत्री अरविंद केजरीवाल की कैबिनेट में बचे थे। अब मनीष सिसोदिया की हिरासत से महज चार मंत्री ही अरविंद केजरीवाल की कैबिनेट में हैं। 33 विभागों वाली कैबिनेट में अट्ठारह महकमों का कामकाज मनीष सिसोदिया देखते थे। इसके अलावा कैलाश गहलोत के पास चार विभाग, राजकुमार के पास चार, गोपाल राय के पास दो और इमरान हुसैन के पास दो विभागों का पोर्टफोलियो है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि महज चार मंत्रियों से दिल्ली का पूरा कैबिनेट स्ट्रक्चर चलाना और संभालना न



सिर्फ मुश्किल है, बल्कि चुनौतियों भरा भी है। सियासी जानकार एसएस पाराशर कहते हैं कि मनीष सिसोदिया के पास महत्वपूर्ण महकमों में दिल्ली के सभी विकास वाले विभागों से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और वित्त जैसे मंत्रालय हैं। ऐसे में बगैर किसी मंत्री के इन विभागों का काम चलना संभव नहीं लगता। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि ऐसी विपरीत परिस्थितियों में या तो स्वयं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आगे आकर इनमें से कुछ मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभालनी होगी और मंत्रालयों का बंटवारा करना होगा।

### मनीष सिसोदिया के पास था 18 विभाग

**अब** मनीष सिसोदिया के 18 विभागों का बंटवारा कैसे होता है यह तो आम आदमी पार्टी ही तय करेगी। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अगर महत्वपूर्ण विभागों को चार अन्य मंत्रियों के हिस्से में बांट दिया जाता है, तो व्यवस्था काम चलाने जैसी तो हो ही जाएगी। लेकिन बगैर पूर्णकालिक मंत्री के महत्वपूर्ण विभागों को चलाना मुश्किल ही होगा। अब दूसरा रास्ता अरविंद केजरीवाल के पास यह बचता है कि वह नए मंत्री बनाकर मनीष सिसोदिया के मंत्रालयों की जिम्मेदारी उनको दें। राजनीतिक विश्लेषक पाराशर कहते हैं कि सबसे चुनौती भरा काम यही है। क्योंकि नियमों के मुताबिक दिल्ली में मुख्यमंत्री समेत सात मंत्री ही हो सकते हैं। और इस वक्त जेल में बंद सत्येंद्र जैन और सीबीआई के रिमांड पर गए मनीष सिसोदिया समेत सभी छह मंत्री अरविंद केजरीवाल की कैबिनेट में हैं। चूंकि अरविंद केजरीवाल ने सत्येंद्र जैन के जेल होने के बाद भी उनको मंत्रिमंडल से नहीं हटाया था। ऐसे में मनीष सिसोदिया जो आम आदमी पार्टी में नंबर दो की हैसियत रखते हैं, उनके सीबीआई हिरासत में जाने पर मंत्रिमंडल से हटाना नामुमकिन सा ही लगता है।
दरअसल आम आदमी पार्टी लगातार मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को न सिर्फ अवैध बता रही है, बल्कि राजनैतिक करार देते हुए उनको सपोर्ट भी कर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि ऐसी दशा में आम



आदमी पार्टी मनीष सिसोदिया को मंत्रिमंडल से हटा दें, ऐसा नामुमकिन ही लग रहा है। अब सियासत में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि अगर ऐसा नहीं होता है, तो क्या अरविंद केजरीवाल अपने पास सभी पद रखेंगे। इसे लेकर भाजपा सवाल उठा रही है। दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा के प्रवक्ता मोहित शर्मा कहते हैं कि अरविंद केजरीवाल ऐसा हरगिज नहीं कर सकते। इसके पीछे तर्क देते हुए मोहित कहते हैं कि क्योंकि अरविंद केजरीवाल जिम्मेदारियों से डरते हैं। इसके अलावा वह किसी भी तरीके की मुसीबत आने पर वह अपने साथियों के ऊपर जिम्मेदारी डालने का काम भी करते रहे हैं।
मोहित कहते हैं कि वे डरते हैं अगर मंत्री रहते हुए किसी कागज पर दस्तखत कर दिए, तो वह उसमें कहीं फंस न जाएं। इसी डर की वजह से पूरे दिल्ली का विकास अरविंद केजरीवाल रोक रहे हैं।

# भाई मिलकर देते थे झपटमारी की वारदात को अंजाम, गिरफ्तार



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
द्वारका जिले के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने झपटमारी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह दोनों सगे भाई हैं और साथ मिलकर एक गैंग चला रहे थे। आरोपितों ने स्कूटी से दिनदहाड़े मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देकर लोगों की नींद उड़ा रखी थी। इनके पास से पांच स्नैच किए गए मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल की गई चोरी की स्कूटी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, इनमें से अमरनाथ नाम का आरोपी हाल में ही तिहाड़ जेल से बाहर आया था। दोनों की गिरफ्तारी से पुलिस ने पांच मामलों का खुलासा करने का दावा किया है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान अमरनाथ और उसके भाई अमरजीत के रूप में हुई है। ये दोनों मटियाला गांव के निवासी हैं। इनमें से अमरनाथ पर मोहन गार्डन और द्वारका नार्थ थाने में पहले से मामले चल रहे हैं। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी से द्वारका साउथ, बिंदापुर आदि थानों के मामलों का खुलासा

### शिकंजा

= आरोपितों ने स्कूटी से दिनदहाड़े मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देकर लोगों की नींद उड़ा रखी थी

किया है। पुलिस के मुताबिक, लगातार हो रही स्नैचिंग की वारदातों को कंट्रोल करने के लिए एसीपी ऑपरेशन राम अवतार की देखरेख में टीम बनाई। टीम ने कई सीसीटीवी फुटेजों की जांच करने के साथ टेक्निकल सर्विलांस की भी मदद ली। इस दौरान हेड कॉन्स्टेबल मनोज को एक सूचना मिली की एक शातिर स्नैचर अपने भाई के साथ वारदात को अंजाम देता है और वह सेक्टर 3 द्वारका के पास आने वाला है।
सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने ट्रैप लगाकर दोनों आरोपितों को दबोच लिया। पूछताछ में पता चला दोनों सगे भाई हैं और किराए के कमरे में रहते हैं। दोनों आरोपित इसी तरह की वारदातों को अंजाम देते थे और इनके पास से पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए।

# सीबीआई की कैद में सिसोदिया, भाजपा ने की इस्तीफे की मांग

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**सीबीआई** की कैद में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया हैं। वहीं दिल्ली प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता हरीश खुराना ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए सिसोदिया के साथ ही सत्येंद्र जैन के इस्तीफे की मांग की है। लेकिन आज एक सवाल पूछा जाता है, जो मॉरल दृष्टि से भी है, अरविंद केजरीवाल याद कीजिए 2013 की बात जब आप कहां करते थे कि पहले आरोप लगेगा सिद्ध बाद में होगा पहले इस्तीफा होना चाहिए, याद करिए पी चिदंबरम हों, शीला दीक्षित हों, नितिन गडकरी हों तमाम राजनेताओं के ऊपर आरोप लगाए थे। खुराना ने आगे कहा कि दिल्ली सरकार के एक मंत्री आठ महीनें से जेल में है और दूसरे अभी पुलिस रिमांड में हैं और पंजाब में जिस तरह से कुछ मंत्रियों और एमएलए पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं।

# तिहरे हत्याकांड: हत्या करने के लिए तीन चाकू ऑनलाइन मंगाए थे

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली के मोहन गार्डन के विपिन गार्डन इलाके में तिहरे हत्याकांड में नया खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि अभी तक की जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी काफी दिनों से घटना को अंजाम देने की फिराक में था। आरोपी राजेश ने पत्नी सुनीता और बच्चों की हत्या करने के लिए तीन चाकू ऑनलाइन मंगाए थे। शुरूआती जांच में खुलासा हुआ है कि इसमें से एक चाकू का इस्तेमाल आरोपी ने हत्या करने के लिए किया था। साथ ही उसने वारदात के समय ग्लव्स का भी इस्तेमाल किया था। अस्पताल में भर्ती आरोपी का ऑपरेशन हुआ है। उसने अपने हाथ की नस काट ली थी। दो-तीन दिन बाद उसे अस्पताल से छुट्टी मिलने की संभावना है। उसके बाद पुलिस





उससे पूछताछ करेगी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद तीनों शव महिला के परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कोरोना महामारी से पहले आरोपी एक कंपनी चला रहा था लेकिन कोरोना के दौरान उसके साथ काम करने वाले कंपनी छोड़कर चले गए, जिससे उसे काफी नुकसान हुआ। उसने कुछ लोगों को पैसे दिए थे, जिन्होंने वापस नहीं किए, जिससे वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। ऐसे में उसने अपने परिवार के सदस्यों की हत्या कर खुदकुशी करने की साजिश रची। इसके बाद तीन चाकू ऑनलाइन मंगवाए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के बाद पूरी साजिश से पर्दा उठ पाएगा। पुलिस उसके अलावा उन लोगों से भी पूछताछ करेगी, जो उसकी

### खुलासा

= आरोपी राजेश ने पत्नी सुनीता और बच्चों की हत्या करने के लिए तीन चाकू ऑनलाइन मंगाए थे

कंपनी में काम कर चुके हैं। आरोपी ने अपने सुसाइड नोट में कुछ लोगों पर उसे आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था, जिसमें से कुछ लोग उसकी कंपनी में काम करते थे। पुलिस आरोपी के दोस्त से भी पूछताछ करेगी, जिनके व्हाट्सएप ग्रुप पर आरोपी ने सुसाइड नोट भेजा था।

**ससुराल वालों से पैसों की मांग करता था आरोपी:** सुनीता के परिवार वालों ने आरोपी पर ससुराल वालों से पैसे मांगने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि आरोपी ने एक साल पहले अपने ससुर को प्रॉपर्टी पर लोन लेकर उसे पांच लाख देने को कहा था, लेकिन उसके ससुर ने ऐसा करने से मना कर दिया। बावजूद बीच में उसने ससुराल वालों से दो लाख रुपये ले लिए। जब ससुराल वाले उससे पैसे वापस करने के लिए कहते थे तो वह उनसे झगड़ा करता था। सुनीता के भाई मनोज ने बताया कि आरोपी पैसे की मांग करने पर सुनीता के साथ झगड़ा करता था। सुनीता के परिवार वालों ने मामले की सही तरीके से जांच करने की मांग की है। उनका कहना है कि आरोपी और उसके परिवार वालों के बयान की वीडियो रिकॉर्डिंग होनी चाहिए। सुनीता के परिवार ने बताया कि सुनीता ने घटना से पहले फेसबुक पर अपने छोटे बेटे का फोटो अपलोड किया था, लेकिन घटना के बाद उसकी पोस्ट को डिलीट कर दिया गया है।

# शराब नीति घोटाले पर जनजागरुकता अभियान चलाएगी दिल्ली

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली प्रदेश भाजपा आम आदमी पार्टी सरकार की 2021 में लागू की गई शराब नीति से जुड़े विषयों और कथित घोटाले को लेकर राजधानी के घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलायेगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को अब वापस ली जा चुकी इस शराब नीति से जुड़े मामले में सीबीआई ने रविवार को गिरफ्तार किया था। भाजपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा का मकसद है





कि दिल्ली की युवा पीढ़ी और जनता समझे कि किस तरह आप सरकार ने उन्हें नशे की ओर धकेलने की कोशिश की । त्रिवेदी ने कहा कि यह पहला उदाहरण होगा, जहां शराब की एक बोतल के साथ एक बोतल बांटी गई। साथ ही किसी सरकार का शिक्षा मंत्री ही वहां का शराब मंत्री हो, यह भी अबतक अन्यत्र देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि शराब नीति में कमीशन बढ़ाया गया, ठेकों की संख्या बढ़ाई गई, आबादी के बीच स्कूलों के नजदीक ठेके खोले गए और ड्राई डे की संख्या घटाई गई। इन सबका मकसद युवा पीढ़ी को शराब के नशे की ओर धकेलना था। अभियान की जानकारी देते हुए पत्रकार वार्ता में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में 256 मंडल और 3649 बूथ हैं। इन सभी में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता को जागरूक करने का काम करेगा। हम मोहल्ला सभा और आरडब्ल्यूए तक जायेंगे। भाजपा ने हमेशा से इस नीति का विरोध किया था। हमारे प्रयासों से ही कई इलाकों से शराब की दुकानें बंद हुईं।

# रिटायरमेंट फंड से रुपए निकालकर ठगी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** पुलिस की साइबर सेल ने ईंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशन यूनिट (आईएफएसओ) रिटायरमेंट फंड से रुपए निकालकर ठगी के मामले का भंडाफोड़ किया है। घटना की शिकायत सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एनपीएस यूनिट ने की थी, जिसके बाद शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित कॉन्स्टेबल घनश्याम यादव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित पहले भी धोखाधड़ी के मामले में वांछित था। उसने भारतीय बीएसएफ में भर्ती होने वाले दो नए रिक्रूटों को फर्जी अप्वाइंटमेंट लेटर भी दिया था। आरोपित को बीएसएफ ने वर्ष 2019 में बिना कारण बताए अनुपस्थित रहने और अपनी महिला मित्र की दस्तावेजों की मदद से फर्जी आईडी कार्ड बनाने के मामले में निष्कासित कर दिया था। साइबर सेल के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि बीएसएफ के एनपीएस यूनिट ने दिल्ली पुलिस में शिकायत दी थी कि कोरोना काल में करीब 89 ट्रांजेक्शन के जरिए 70 लाख रुपये परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नंबर से निकाल लिए गए हैं। यह पैसे करीब 65 कर्मचारियों के खातों से निकाले गए थे। इस फंड में कर्मचारी 25 फीसदी खुद भुगतान करता है, जबकि शेष भुगतान सरकार द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि आरोपी 122 बटालियन में तैनात था, जिसके दौरान उसे परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नंबर यूनिट के लॉगिन पासवर्ड की जानकारी हो गई थी। 2019 में उसे बाहर किए जाने के बाद उसने लॉगिन पासवर्ड का इस्तेमाल कर अलग-अलग खातों से करीब 70 लाख रुपए निकाल लिए। पुलिस ने बताया कि आरोपित 122 बटालियन में एनपीएस यूनिट में ही तैनात था।

# ई-स्कूटर और साइकिल की सुविधा अगले साल तक

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्लीवासियों को ई-स्कूटर और साइकिल से सफर की सुविधा देने की तैयारी शुरू हो चुकी है। अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी मुहैया करने के लिए हाल ही में हुई बैठक में द्वारका में पायलट परियोजना के तौर पर इस सेवा को शुरू करने का निर्णय लिया गया।

# हैवानियन: म्यांमार की महिला को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** में एक बार फिर विदेशी मूल की महिला के साथ हैवानियत की गई है। कालिंदीकुंज थानाक्षेत्र में म्यांमार मूल की महिला का ऑटो चालक ने अपहरण कर अपने दोस्तों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। चालक ने मुंह पर कपड़ा लगाकर बेहोश कर दिया था। महिला ने पुलिस को मामले



की शिकायत की, जिसके बाद आरोपियों पर सामूहिक दुष्कर्म, किडनैपिंग, मारपीट और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि घटना 22 और 23 फरवरी की है। विदेशी मूल की महिला की ओर से दी गई शिकायत के अनुसार एक ऑटो चालक ने उसे अपने ऑटो में बैठाया। जिसके बाद एक कपड़े को उसके नाक के सामने रख दिया, जिससे महिला बेहोश हो गई। होश आने के बाद पीड़िता ने अपने आप को एक कमरे में पाया, जहां ऑटो चालक समेत उसके चार अन्य साथी मौजूद थे। फिर उन चारों ने पूरी रात उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। महिला के अनुसार आरोपियों ने 23 फरवरी की रात को कार में बैठाकर एक अंजान जगह छोड़ दिया।

# कमला मार्केट पुलिस ने नाबालिग का किया रेस्क्यू

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
मय जिले के कमला मार्केट थाना पुलिस ने एक दुकानदार की सूझबूझ से 17 साल की नाबालिग लड़की को गलत हाथों में जाने से बचा लिया है। पुलिस ने नाबालिग लड़की को रेस्क्यू कर सखी शेल्टर होम भेज दिया है। नाबालिग 12वीं कक्षा की छात्रा है और मुंबई में पढ़ती है। वहां वह भाई के साथ रहती है। डीसीपी संजय कुमार सेन ने बताया कि दिल्ली पुलिस के आईएनईयर स्कीम के तहत दुकानदारों को जो चीजें लगातार समझाई जा रही हैं, उसी का यह नतीजा मिला है कि इस नाबालिग लड़की का रेस्क्यू कर लिया गया है। 26 फरवरी को दोपहर 2:15 बजे के आसपास सिम कार्ड बेचने वाले एक दुकानदार ने कमला मार्केट पुलिस को सूचना दी कि एक लड़की मोबाइल रिचार्ज कराने आई है। मामला कुछ संदेहास्पद लग रहा है, क्योंकि वह क्षेत्र जीबी रोड का था। मामले की सूचना मिलते ही

### मां से थी नाराज

= नाबालिग लड़की को रेस्क्यू कर सखी शेल्टर होम भेज दिया है। नाबालिग 12वीं कक्षा की छात्रा है और मुंबई में पढ़ती है

मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने नाबालिग से पूछताछ कर थाने ले आई। उससे जब आगे की बातचीत की जा रही थी, तो इसी दौरान एक पीसीआर कॉल पुलिस को मिली, जिसमें कॉलर ने कहा कि मेरी बहन घर से भाग गई है, उसे पकड़ने के लिए मदद की जाए। पुलिस के अनुसार जिस लड़की को पूछताछ के लिए लाया गया था, उसने बताया कि वह मूलतः उत्तर प्रदेश के जौनपुर की रहने वाली है। वह मुंबई में 12वीं की कक्षा में पढ़ती है। वहां से वह जौनपुर स्थित अपने घर आई थी, लेकिन घर पर मां से किसी बात को लेकर बहस हो गई। मां ने उसे डांट दिया तो वह किसी को बिना बताए घर छोड़कर दिल्ली आ गई।

# रास नहीं आ रहा जल बोर्ड: जिन मंत्रियों को मिला प्रभार पद से धोना पड़ा हाथ

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**आम** आदमी पार्टी सरकार के मंत्रियों को दिल्ली जल बोर्ड का प्रभार रास नहीं आ रहा है। मुख्यमंत्री व मंत्री लंबे समय तक जल बोर्ड का प्रभार नहीं संभाल पाए हैं। जल मंत्री रहते हुए पहले सत्येंद्र जैन जेल गए और अब जल बोर्ड का प्रभार रहते उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जेल गए है। हालांकि, ये दोनों नेता जल बोर्ड के नहीं, बल्कि अन्य मामले में जेल गए हैं, जबकि जल बोर्ड का प्रभार देखने के दौरान कपिल मिश्रा को



मंत्री पद से बर्खास्तगी का सामना करना पड़ा था। वर्ष 2015 के दौरान दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जल बोर्ड का प्रभार दिया गया, मगर करीब एक साल बाद मंत्री बनाए गए कपिल मिश्रा को सिसोदिया की जगह जल बोर्ड का मंत्री बनाया गया। उनको करीब तीन वर्ष बाद मंत्री से हाथ धोना पड़ा। जल बोर्ड के संबंध में बयानबाजी करने के कारण मुख्यमंत्री उनसे नाराज हो गए थे और उन्होंने मिश्रा को अपनी मंत्रिपद से बर्खास्त कर दिया था।

**कपिल मिश्रा की बर्खास्तगी के बाद केजरीवाल के पास भी रह चुका है प्रभार:** कपिल मिश्रा की बर्खास्तगी के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जल बोर्ड का प्रभार अपने हाथों में लिया। इस तरह उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए पहली बार किसी विभाग का प्रभार संभाला, मगर वर्ष 2020 में विधानसभा चुनाव के बाद दोबारा आप की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जल बोर्ड का प्रभार स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को दे दिया। जैन के गत वर्ष हवाला मामले में जेल जाने के बाद मुख्यमंत्री ने जल बोर्ड समेत उनके पास सभी विभाग उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दे दिए।

# कृष्णा नगर को सुंदर बनाने का हो रहा प्लान

## कई विभागों के अधिकारियों के साथ नगर आयुक्त ने की बैठक

**मथुरा/लोकेश चौधरी**
**कृष्णा नगर** मार्केट के सौंदर्यीकरण के सम्बन्ध में नगर आयुक्त अनुनय झा द्वारा नगर मजिस्ट्रेट एवं सौन्दर्यीकरण के सम्बन्धित सभी विभागों के अधिकारी तथा अभियंताओं के साथ नगर निगम कार्यालय में बैठक ली गयी। बैठक उपरान्त नगर आयुक्त द्वारा कृष्णा नगर सौंख रोड तिराहा से गोवर्धन चैराहा तक के मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को मार्ग पर लगे पोल, विद्युत बॉक्स एवं ट्रांसफार्मर को शिफ्ट अथवा व्यवस्थित किये जाने के लिए सर्वे कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही कृष्णा नगर



रोड के साइड वॉल पर वाल पेंटिंग कराये जाने पर चर्चा की गयी। निरीक्षण के दौरान जिन दुकानों प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा अपने प्रतिष्ठान के सामान होर्डिंग लगाकर आदि लगाकर अतिक्रमण हुआ था। उनसे नगर आयुक्त महोदय द्वारा प्रेमपूर्वक पुनः सामान को हटाये जाने हेतु कहा गया। प्रतिष्ठान मालिक प्रबंधकों को अवगत कराया गया कि भविष्य में पुनः निरीक्षण किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान यदि सामान आदि दुकान से बाहर रखा पाया जाता है तो सामान जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

बैठक एवं निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट मथुरा सौरभ दुबे, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, सहायक नगर आयुक्त राज कुमार मित्तल, डिप्टी कलेक्टर मथुरा सिद्धार्थ चैधरी, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग मनोज कुमार, अधिशासी अभियंता एसपी मिश्र, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य, विपिन कुमार अभियंता विद्युत विभाग, मन्नन खान डिप्टी मैनेजर एनएचआई, आरके माहेश्वरी सहायक अभियंता विद्युत मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण, सुशमा सिंह मनोरंजन विभाग, आलोक त्रिवेदी अभियंता बीएसएनएल, ऋचा कौशिक टाउन प्लानर मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# न्यू मिलाप नगर आंगनवाड़ी में बच्चों का स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**अंबाला (मनीष कुमार)**
**शहर के** न्यू मिलाप नगर स्थित आंगनवाड़ी में सिविल अस्पताल की ओर से आरबीएस की टीम द्वारा 1 से 6 साल तक के बच्चों का हेल्थ चेकअप किया गया। इस दौरान सिविल अस्पताल से आये डॉ. नवनीत ने बताया कि बदलते मौसम के दौरान छोटे बच्चों में कई तरह की बीमारियां आ रही हैं जिनकी समय पर जांच करवा ली जाए ताकि आने वाले समय में बच्चों को किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो। इसके चलते समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर बच्चों के लिए जांच शिविर लगाए जाते हैं। आज यहां पर 1 से 6 साल के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें लगभग 65 बच्चों का चेकअप किया गया। जिसमें बच्चों के खून की जांच की गई व दवाइयां भी वितरित की गयी। टीम में डॉ कविता, दीपमाला,ज्योति व आंगनवाड़ी वर्कर गीता मौजूद रही।

## न्यूज फ्लैश

### बाइक पर जा रहे संजय पर युवकों ने तेजधार हथियारों व डंडों से किया हमला

**अम्बाला (मनीष कुमार)** गत शाम संजय पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सदर पुलिस ने बंटी कंबोज निवासी रणजीत नगर, गौरव निवासी सिंघावाला, मनमीत, रोहित, कर्ण निवासी दुर्गानगर, राजीव, कुलजीत व शैली निवासी रतनगढ़ के खिलाफ आईपीसी की धारा 148, 149, 323, 341, 379बी, 427 व 506 के तहत केस दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी ओर पीड़ित संजय इस समय सिविल अस्पताल अंबाला शहर में गंभीर रूप से घायल है। हमले में उसकी टांग टूट गयी व कंधा उतर गया। पीडित संजय का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में बेहद हलकी धाराओं के तहत केस दर्ज किया है, जबकि हमले में उसकी काफी चोटें आयी है। गौरतलब है कि सिटी मीडिया कर्मचारी संजय जब हीरा नगर में बाइक पर जा रहा था तो दो कारो में आये हमलावरों ने उस पर डंडो, राड व तेजधार हथियारों से हमला कर दिया था। आरोपियो ने संजय से 15 हजार रुपए छीन लिये और उसका मोबाइल भी तोड़ दिया था। बड़ी मुश्किल संजय आरोपियो के चंगुल से निकला था, जिसके बाद उसे सिविल अस्पताल अंबाला शहर में दाखिल करवाया था। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को काबू किया जायेगा।

### आम बजट अगले 25 साल का ब्लूप्रिंट : हेमा मालिनी

**मथुरा।** सांसद हेमा मालिनी ने अमृत काल के पहले आम बजट 2023-24 को एक लोक कल्याणकारी बजट बताया है। यह महज वर्ष 2023-24 के डेवलपमेंट का एजेंडा नहीं है। अगले 25 से 50 साल के लिए बुनियाद रखने वाला ब्लूप्रिंट है। उन्होंने कहा कि यह गांव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। यह ग्राम विकास, कृषि विकास, श्रमिक कल्याण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को समर्पित बजट है। सांसद हेमा मालिनी आम बजट पर प्रेस वार्ता में बजट पर चर्चा कर रही थीं। हेमा मालिनी की प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष मधु शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विवेक चैधरी, आईटी मीडिया प्रभारी आदित्य चतुर्वेदी, चंद्रवीर सोलंकी, जिला सह मीडिया प्रभारी अनूप सारस्वत आदि मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि नागरिकों के लिए बड़े अवसर उपलब्ध कराना, विकास और रोजगार सृजन को मजबूत करना और प्रोत्साहन देना और आर्थिक स्थिरता को मजबूत करना बजट का लक्ष्य है। मोटा अनाज उगाने में भारत लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। भारत श्री अन्न का सबसे बड़ा उत्पादक और सबसे बड़ा निर्यातक देश है। भारत को श्री अन्न का ग्लोबल हब बनाने के लिए हम कटिबद्ध हैं।

### हिस्ट्री टीवी 18 पर देखिए उत्तर प्रदेश का एक ऐसा स्टार्टअप जो कचरे को काम की चीजों में बदल रहा है

**नोएडा।** क्या आप अंदाजा लगा सकते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा कचरा कौन सा आइटम फैलाता है? ये स्ट्रॉ और खाली रैपर नहीं है। डिस्पोजेबल ग्लास भी नहीं हैं। सबसे ज्यादा कचरा फैलाते हैं, सिगरेट बट्स! मिलिए उत्तर प्रदेश के 28 वर्षीय नमन गुप्ता से जिन्होंने इस खतरनाक कचरे से लड़ने का एक बेहद रचनात्मक समाधान ढूंढ निकाला है, ह्याऔएमजी ये मेरा इंडिया के अगले एपिसोड में, इस गुरुवार, 2 मार्च को रात 8 बजे, सिर्फ.हिस्ट्री टीवी 18 पर। फैक्चुअल एंटरटेनमेंट में सबसे कामयाब सीरीज का नौवां सीजन हमेशा की तरह हर गुरुवार को रात 8 बजे असाधारण भारतीयों की ऐसी अविश्वसनीय कहानियाँ लेकर आएगा जो मनोरंजक होने के साथ-साथ प्रेरणा से भरपूर हैं। नमन का नोएडा में स्थित स्टार्टअप 'कोड एफ्टर्स' पर्यावरण पर सिगरेट बट्स के नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए साल 2016 से इसे विभिन्न उपयोगी वस्तुओं में बदलने का प्रयास करता आ रहा है। अब तक उन्होंने अपने कचरे के डब्बों और कूड़ा बीनने वालों के एक नेटवर्क के माध्यम से एकत्र किए गए सिगरेट बट्स को प्रॉसेस करके सॉफ्ट टॉय, कुशन, की-चैन और यहाँ तक कि मच्छर नाशक भी बनाए हैं। इन इनोवेटिव समाधानों के लिए नमन को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। इस स्टार्ट-अप और इस अनोखी पहल के बारे में जानिए ओएमजी ये मेरा इंडिया में, इस गुरुवार, रात 8 बजे, सिर्फ.हिस्ट्री टीवी 18 पर! इस कार्यक्रम में नोएडा के इनोवेटिव स्टार्ट-अप की कहानी के अलावा देश के अलग-अलग कोनों से कई और अद्भुत कहानियों को देखने का मौका मिलेगा जिसमें एक ऐसे व्यक्ति की कहानी भी शामिल है जिसने एक ई-ऑटो में पूरे भारत की यात्रा की है! देखिए ह्याओएमजी ये मेरा इंडिया, हर गुरुवार, रात 8 बजे, सिर्फ हिस्ट्री टीवी 18 पर।

# अम्बाला में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का ठेका खत्म होने से लोगों को भारी परेशानी

**अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
**अम्बाला में** डोर टू डोर कूड़ा उठाने का ठेका खतम होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है! घर में भी कूड़ा इकठा होने से गंदगी फैलने लगी है। गलियों में भी कूड़े के अम्बार लगने शुरू हो गए है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम व नगर परिषद से जल्द ही इसका समाधान करने की अपील की है। वही नगर परिषद सेक्रेटरी राजेश कुमार ने जल्द ही एक टेंडर होने की बात कही है। जब तक टेंडर नहीं होता अपने कर्मचारियों द्वारा कूड़े का उठान कराये जाने की भी बात कही। देश के प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसको साकार करने के लिए समय समय पर स्वच्छता अभियान भी चलाए जाते हैं लेकिन अब प्रधानमंत्री का वो सपना अधूरा नजर आता है क्योंकि शहर को स्वच्छ रखने के लिए नगर निगम व नगर परिषद द्वारा घर घर कूड़ा उठाने के लिए ठेका दिया गया था ताकि लोग अपने घर का कूड़ा इधर उधर न फेंक कर ट्राली में डालें लेकिन अभी काफी दिनों से ये ठेका खत्म होने के कारन घर से कूड़े का उठान न होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घर से कूड़ा उठाकर लोग इधर उधर फैक रहे है जिसके कारन न केवल शहर गंधा हो रहा है बल्कि गलियों में भी कूड़े के ढेर लगने शुरू हो गए है। वहीं गंदगी भी फैलने लगी है जिसकी वजह से बीमारियां फैलने का खतरा भी लोगों को सताने लगा है। लोगों ने नगर निगम व नगर परिषद से जल्द ही इसका समाधान करने की अपील की है। लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी ने जो स्वच्छ भारत का सपना देखा है उसको साकार करने के लिए नगर परिषद जल्द इस समस्या का समाधान करें।

# गोरखपुर से आई बिमला को अल्कोहल ब्लॉक इंजेक्शन ट्रीटमेंट दिया

**अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**छावनी** के नागरिक अस्पताल के दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव शर्मा ने अपनी टीम के साथ गोरखपुर से आई 52 वर्षीय बिमला देवी को अल्कोहल ब्लॉक इंजेक्शन ट्रीटमेंट दिया है। इस ट्रीटमेन्ट के बाद अब महिला पूरी तरह से ठीक है महिला ने बताया गोरखपुर में भी डॉक्टर से इलाज करवाया परन्तु चेहरे में दर्द कम नही हुआ जिसके बाद महिला की अम्बाला में रह रही बेटी सुहाना ने उन्हें अम्बाला कैंट के नागरिक अस्पताल के दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव शर्मा को चेक करवाया। जिसके बाद पहले महिला बिमला को 15 दिन दवाई खिलाई और फिर अल्कोहल ब्लॉक इंजेक्शन लगाया गया। जिसके बाद से महिला के चेहरे का दर्द बिल्कुल खत्म हो गया है।

# बेसहारा गोवंशों को लेकर अंबाला शहर नगर निगम में पहुंचे गोरक्षा दल

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**शहर में** सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गौवंशों को लेकर गौरक्षा दल सहित अन्य संगठनो के समाजसेवी नगर निगम कार्यालय में पहुंचे। यहां निगम गेट पर पशुओं को बांधकर नगर निगम के खिलाफ धरना दिया। शहर की धार्मिक और समाजसेवी संस्थाओं ने एक हफ्ते पहले नगर निगम को अल्टीमेटम दिया था। इसके बावजूद कोई कदम नहीं उठाया गया। प्रदर्शन में ब्राह्मण समाज, बजरंग दल, वंदे मातरम दल के अलावा अन्य धार्मिक व समाजसेवी संस्थाएं शामिल हैं। गौरक्षक दल के मोनू चावला ने बताया कि कुछ दिन पहले इस संबंध में डिप्टी मेयर राजेश मेहता से संस्थाएं मिली थीं। शहर से पशु



हटाने के लिए चेतावनी दी थी कि अगर निगम रविवार तक इस तरफ ध्यान नहीं देता तो सोमवार को पशुओं को लेकर प्रदर्शन करेंगे, लेकिन इन्होंने कोई कदम नहीं उठाया। एजेंसी ने गोवंश पकड़ने में नहीं दिखाई दिलचस्पी-मोनू चावला ने कहा कि सड़कों पर बेसहारा पशुओं की भरमार के चलते हादसे हो रहे हैं। नगर निगम ने पशुओं को सड़कों से हटाने के लिए वर्कऑर्डर तो दिया है, लेकिन एजेंसी सड़कों से पशुओं को हटाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर अभी भी नगर निगम ने कोई कदम नहीं उठाया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# मेयर मदान, पंवार, सहित नेताओं ने पूर्व सीएम हुड्डा से की मुलाकात

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**मंगलवार सुबह** सोनीपत विधायक सुरेंद्र पंवार,मेयर निखिल मदान ने सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत एवं सभी निगम पार्षदों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत एवं सभी निगम पार्षदों को पूर्ण बहुमत से चुनाव जीतने की बधाई दी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि विजयी होने के लिए पर्याप्त संख्या बल होने के बावजूद भाजपा प्रत्याशियों की हार होना इस बात का परिचायक है कि आज



आम जनता के साथ साथ भाजपा के जन प्रतिनिधि भी सरकार की कार्यशैली से खुश नहीं है। इसी के चलते रोजाना सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और नेता पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो रहे है। नगर निगम चुनावों में कांग्रेस की जीत होना इस बात का संकेत है कि भाजपा का कुशासन अब खत्म होने वाला है और आगामी चुनावों में देश प्रदेश में कांग्रेस की जन हितैषी सरकार बनने वाली है। मेयर निखिल मदान ने कहा कि नगर निगम चुनावों में कांग्रेस की जीत कांग्रेस पार्षदों की एकजुटता का परिणाम है जिन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिए गए संदेश का पालन किया और चुनाव में विजय हासिल की।

यह चुनाव प्रदेश की राजनीति में बड़े बदलाव का कारण बनेगा और आने वाले समय में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी और हरियाणा प्रदेश दोबारा से नंबर 1 बनेगा। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कांग्रेस की जीत का श्रेय भूपेंद्र सिंह हुड्डा को दिया और कहा कि चुनाव जीतने के बाद शहर के विकास को और गति मिलेगी। नव निर्वाचित सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर अब मेयर निखिल मदान के साथ मिलकर सोनीपत का भरपूर विकास करवाएंगे। यह जीत लोगों का कांग्रेस पार्टी की नीतियों में और भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में विश्वास का परिचायक है। इस दौरान पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद सुरेंद्र नैय्यर,पार्षद नीतू दहिया, पार्षद सूर्या दहिया, पार्षद रेनू सैनी, पार्षद नवीन तंवर, पार्षद मोनिका नागर,सुरेंद्र छिक्कारा, अर्जुन दहिया ,युवा जिला अध्यक्ष ललित पंवार,राजेश दहिया, अनिल नागर, प्रवीन सैनी,पूर्व पार्षद राकेश नरवाल,बिन्नी भारद्वाज,प्रिंस सरोहा ,संजय कुमार,रणदीप खोखर,रवि दहिया ,सुमित खंडेलवाल सहित बड़ी तादाद में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मैरिंगो एशिया हेल्थकेयर ने गुरुग्राम में 250 बेड्स वाले अस्पताल डब्ल्यू प्रतीक्षा हॉस्पिटल में 100% हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया

**गुरुग्राम।** मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने गुरुग्राम में 250-बेड वाले हॉस्पिटल फैसिलिटी डब्ल्यू प्रतीक्षा हॉस्पिटल की 100% हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर दिल्ली एनसीआर में अपनी पहुंच का विस्तार किया है। मैरिंगो एशिया हेल्थकेयर मान्यता प्राप्त, नैदानिक रूप से मजबूत अस्पतालों का अधिग्रहण या उनके साथ साझेदारी करती है और उसका परिचालन करने के लिए मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ब्रांड के तहत एकीकृत किया जाता है। यह अस्पताल श्रृंखला टर्शरी और क्वाटर्नरी केयर प्रदान करने, मेडिकल स्पेशियलिटीज में 'उत्कृष्टता केंद्र' बनाने और 'रोगी पहले' दृष्टिकोण अपनाने पर ध्यान केंद्रित करती है। डब्ल्यू प्रतीक्षा हॉस्पिटल एक मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल है, जो गुरुग्राम के सेक्टर 56 में स्थित है जो गुरुग्राम और दिल्ली के सभी हिस्सों में भी आसानी से पहुँचा जा सकता है।। यह अस्पताल एनएबीएच मान्यताप्राप्त है और स्थानीय आबादी की जरूरतों को पूरा करने के अलावा अंतरराष्ट्रीय रोगियों को भी आकर्षित करता है। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और ग्रुप सीईओ डॉ. राजीव सिंघल ने कहा, डब्ल्यू प्रतीक्षा हॉस्पिटल का अधिग्रहण दिल्ली-एनसीआर और इसके आस-पास के क्षेत्रों के रोगियों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं और उपचार प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। इस हॉस्पिटल फैसिलिटी में हाल ही में 100 से अधिक बेड्स का विस्तार किया गया है, जिससे हम अब अधिक सब-स्पेशियलिटीज और एडवांस्ड उपचार की पेशकश करने में सक्षम होंगे जो मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स समूह की पहचान है।

# यूनिट प्रधान पद के चुनाव के लिए ऊर्जा भवन में हुई मीटिंग

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**यूनिट प्रधान** पद के चुनाव के लिए ऊर्जा भवन में मीटिंग संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता विकास मंगल जोनल ऑर्गनाइजर ने की। मंच का संचालन यूनिट सेक्रेटरी रविंद्र ने किया। इलेक्शन कमेटी में सरकल सेक्रेटरी सरदार तरलोचन सिंह मौजूद रहे उनकी देख रेख में इलेक्शन सिलेक्शन में बदला और सभी सब यूनिटों व यूनिट बॉडी ने भाईचारे और एकता का परिचय देते हुए भाई सुदेश कुमार को यूनिट प्रधान चुना। सुदेश प्रधान ने आश्वासन दिया कि वह कर्मचारियों के इस प्यार और विश्वास को हमेशा बनाए रखेंगे और ज्यादा से ज्यादा कर्मचारियों के लंबित पड़े कार्यों को करवाएंगे। इस मौके पर यूनिट में चेयरमैन हैप्पी पांचाल ने इस कार्यक्रम में उपस्थित इलेक्शन कमेटी, अध्यक्ष व सभी कर्मचारियों का अपने शायराना अंदाज में स्वागत व धन्यवाद कुछ ऐसे किया।

# सफाई कर्मचारियों को 1 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भेदभाव पूर्ण : प्रधान नरेश शास्त्री

**अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान पालिका के सफाई कर्मचारियों को 1 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने की मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा को भेदभाव पूर्ण बताया है। शास्त्री ने कहा कि नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर लंबे समय से 1000 रुपया स्वच्छता भत्ता देने व अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहा है, आंदोलन के मद्देनजर ही मुख्यमंत्री ने पालिका के सफाई कर्मचारियों को 1 हजार रुपये स्वच्छता भत्ता देने की घोषणा की है। लेकिन प्रदेश के अन्य सरकारी विभागों, निगम, बोर्ड, कॉरपोरेशंस, यूनिवर्सिटी एवं ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को इस लाभ से वंचित कर सफाई कर्मचारियों में भेदभाव किया है, सरकार इस भेदभाव को दूर करते हुए प्रदेश के सभी सफाई कर्मचारियों एवम सीवर मेनो को भी 1 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दे। शास्त्री ने सरकार पर वार्ता हीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि विगत 12 फरवरी को मुख्यमंत्री के आवास करनाल पर पालिका कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान जिला प्रशासन करनाल द्वारा जल्द मुख्यमंत्री के साथ बैठक करवाने के लिखित दिए गए आश्वासन को झूठा बताते हुए कड़े शब्दों में निंदा की है। शास्त्री ने चेतावनी दी है कि जल्द ही बैठक का समय नहीं दिया तो संघ प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगा। शास्त्री ने बताया कि पालिका कर्मचारियों के लगातार आंदोलन के दबाव में हरियाणा सरकार ने 29 अक्टूबर के फैसले में मानी गई मांगों के कुछ पत्र जारी किए हैं। लेकिन पालिका परिषद व निगम के अधिकारी इन पत्रों को लागू नहीं कर रहे हैं।

# मांगे न मानी तो शिक्षक संघ करेगा मूल्यांकन बहिष्कार

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मथुरा की एक आवश्यक बैठक प्रांतीय मंत्री डॉ दिनेश सिंह राणा के आवास पर जिला अध्यक्ष मनोज सिंह छौंकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रांतीय मंत्री डॉ दिनेश सिंह राणा ने विगत दिनों लखनऊ में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में बैठक में उपस्थित सभी लोगों को अवगत कराया। जिलाध्यक्ष मनोज छौंकर ने कहा कि उपरोक्त लखनऊ में आयोजित बैठक में वहां उपस्थित सभी लोगों से विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि सरकार लगातार शिक्षा और शिक्षकों की

# आश्रम की वृद्ध माताओं ने जमकर खेली फूलों की होली

**8 वृद्ध माताओं के जीवन में ना कोई खुशी ना ही कोई चाहत बेरंग हो चुकी जिंदगी में होली ने खुशियों के रंग भरे**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
**राधाकुंड** में स्थित मैत्री विधवा आश्रम पर निराश्रित माताओं द्वारा कन्हैया के संग फूलों की होली खेली। विधवा माताओं ने अपने बेरंग जीवन में कन्हैया के साथ रंग और फूल बरसाए, जीवन के अंतिम पड़ाव पर वृद्ध माताओं के जीवन में ना कोई खुशी ना ही



कोई चाहा बेरंग हो चुकी जिंदगी में होली ने खुशियों के रंग भरे तो विधवा माताओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई।एक दूसरे के गालों पर गुलाल लगाया और कन्हैया के ऊपर फूलों की पंखुड़ियां बरसाए, मैत्री विधवा आश्रम में रह रही निराश्रित माताओं ने जब होली खेली तो उन्हें ऐसा लगा सारे संसार की खुशियां उन्हें मिल गई। मैत्री विधवा आश्रम में सदियों पुरानी

# जुआ के बडे अड्डे पर बल्देव पुलिस का छापा

**मथुरा।** थाना बलदेव पुलिस जुआ के बडे अड्डे पर छापेमारी कर 17 जुआरियों को दोबच लिया। ये लोग दुर्गा पैलेस के अंदर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने फड से 224560, 18 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। मौके से मिली तीन मोटर साइकिलों को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। सत्यपाल उर्फ छोटू पुत्र दामोदर निवासी नरायन गली थाना महावन, संजीव शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा निवासी मोहल्ला इमलियान थाना सादाबाद जिला हाथरस, योगेश कुमार पुत्र लालाराम निवासी असरोही थाना इगलास जिला अलीगढ़, बंटी कुमार पुत्र उदयवीर निवासी रुदायन थाना सासनी जिला हाथरस, कन्हैया सिंह पुत्र राजवीर सिंह निवासी अवैरनी थाना बलदेव जिला मथुरा, विश्वनाथ पुत्र गिरफ्तार किया है।

# कैंटोनमेंट बोर्ड अंबाला द्वारा फील्ड मार्शल पार्क का किया उद्घाटन

**8 इंजीनियर सतीश गुप्ता को उनके कार्यों से प्रभावित होकर उन्हें कमेंडेशन बैच लगा कर सम्मानित किया**

**अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**कैंटोनमेंट** बोर्ड अंबाला द्वारा नवनिर्मित "फील्ड मार्शल के.एम करिअप्पा पार्क" का उद्घाटन जी.ओ.सी-इन-सी वेस्टर्न कमांड लेफ्टिनेंट जनरल नव कुमार खंडूरी पी.वी.एस.एम., वी.एस.एम, एस.एम के कर कमलों द्वारा हुआ। कार्यक्रम में जी.ओ.सी 2 कोर प्रतीक शर्मा , स्टेशन कमांडर एवं



छावनी बोर्ड अध्यक्ष ब्रिगेडियर रंजीत सिंह , छावनी बोर्ड कार्यकारी अधिकारी विनीत लोटे , मनोनीत सदस्य अजय बवेजा , ए.ई सतीश गुप्ता , राजस्व सुप्रीडेंट नरेश शर्मा , सैनिटरी सुप्रीडेंट संजय बंसल आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जी.ओ.सी-इन-सी वेस्टर्न कमांड लेफ्टिनेंट जनरल नव कुमार खंडूरी ने कैंटोनमेंट बोर्ड अंबाला के इंजीनियर सतीश गुप्ता को उनके कार्यों से प्रभावित होकर उन्हें कमेंडेशन बैच लगा कर सम्मानित किया।

# सांसद डॉ हर्षवर्धन ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन





**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**चाँदनी चौक** लोकसभा में सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत मेजर ध्यानचंद खेल परिसर में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ हर्षवर्धन ने किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गोयल देवराह , जिला अध्यक्ष राज कुमार भाटिया व कुलदीप सिंह साथ रहे। क्रिकेट टूर्नामेंट में लोकसभा की कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं जिनके बीच आगामी एक सप्ताह तक प्रतिदिन दो-दो टीम के बीच मुकाबला होगा और में दो सर्वश्रेष्ठ टीम फाइनल में खेलेंगी। उद्घाटन सत्र में कमला नगर व कोहट इन्क्लेव की टीम के बीच सांसद डॉ हर्षवर्धन ने टॉस करा मैच शुरू करवाया। इस दौरान सांसद डॉ हर्षवर्धन पूरे मैच में उपस्तिथ रहे और सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। चाँदनी चौक लोकसभा में सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए डॉ हर्ष वर्धन ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलो और फिट रहो को एक आंदोलन के रूप में खेल आयोजन के लिए सभी सांसदों को प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के अन्य क्षेत्रों के साथ खेल और खिलाड़ियों पर विशेष ध्यान दिया है जिसके लिए बजट में इजाफा कर खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं और अच्छे ट्रेनर की व्यवस्था की है। जिसके परिणाम स्वरूप पिछले कई वर्षों में हमारे खेल में सुधार हुआ है और विश्वस्तरीय खेलों में पदक जीतने के साथ देश की ख्याति भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से हर आयु वर्ग के लोगों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर जोड़ना जरूरी है। खेलने से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के साथ जीवन मे अनुशासन आता है। इस अवसर पर चाँदनी चौक लोकसभा से भाजपा के प्रवीण जैन, मंजीत सिंह, डॉ वीरेंद्र गोयल, शिवम छाबड़ा, कुलदीप चौधरी, विनोद शर्मा , इम्तियाज अहमद, डॉ आशीष हांडा सहित पार्षद व जिला मण्डल के पदाधिकारी उपस्तिथ रहे।



**डॉ. हर्षवर्धन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद:** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलो और फिट रहो को एक आंदोलन के रूप में खेल आयोजन के लिए सभी सांसदों को प्रेरणा दी है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के अन्य क्षेत्रों के साथ खेल और खिलाड़ियों पर विशेष ध्यान दिया है।



**राजकुमार भाटिया, जिला अध्यक्ष, केशवपुरम जिला भाजपा:** चाँदनी चौक लोकसभा में अगले दस दिनों तक चलने वाले तेहर-चौदह तरह के खेलों के खेल महाकुम्भ में आरडब्ल्यूए, सामाजिक संगठन व जन-जन की भागीदारी रहे टीम डॉ हर्षवर्धन का प्रयास रहेगा। इन खेलों के आयोजन से हम नवीन संयोजन की विधा भी सीखेंगे।

# सिख समुदाय से माफी मांगे परमजीत सिंह सरना: जगदीप सिंह

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने अकाली नेता परमजीत सिंह सरना से हरियाणा गुरुद्वारा कमेटी के गठन में दोहरी भूमिका निभाने के लिए सिख समुदाय से माफी मांगने को कहा है तथा गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में श्री अखंड पाठ साहिब रखवाकर अकाल पुरख से क्षमा प्रार्थना करने को कहा है। आज यहां एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सरदार हरमीत सिंह कालका और सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा है कि सरदार परमजीत सिंह सरना ने अमृतसर में बयान दिया



है कि हरियाणा कमेटी के गठन में उनकी भूमिका के लिए उन्हें खेद है और वह इस संबंध में क्षमा की प्रार्थना करेंगे। यह आश्चर्य की बात है कि सरदार परमजीत सिंह सरना ने दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष होने के नाते हरियाणा में अलग गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बनाने के प्रयासों के तहत कमेटी के लाखों रुपये खर्च कर दिए, कभी इस मामले में बैठकें होती थीं, कभी किताबें छपती थीं और कभी अन्य खर्चे होते थे। यहां तक कि अध्यक्ष के तौर पर सरदार सरना ने कांग्रेस नेता व तत्कालीन अध्यक्ष सोनिया गांधी व डॉ. मनमोहन सिंह को पत्र भी लिखा और दावा किया कि हरियाणा से चुने जाते शिरोमणि कमेटी के 11 सदस्यों में से 7 अलग कमेटी के पक्ष में हैं।

उन्होंने आगे कहा कि अब जब सरदार सरना अकाली दल में शामिल हो गए हैं तो उन्हें अपनी भूमिका पर पछतावा होने लगा है। दिल्ली के इतिहास में आज तक इस तरह के धोखेबाज सिख नेता नहीं हुए हैं।

# गरीबों व असहायों की सहायता के लिए सभी को आगे आना चाहिए: शास्त्री

## सत्य पर चलने वाले को हमेशा ही मिलती है सफलता: राम निवास

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**जहांगीरपुरी** के समाजसेवी राम निवास शास्त्री ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए जरूरतमंदों और असहायों की सहायता करनी चाहिए। जिससे की सभी का कल्याण हो सके। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी निर्धन व असहायों की मदद के लिए आगे रहे। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि आगे बढ़ो और शिक्षा



के महत्व को समझों और शिक्षित बनो, संघर्ष करों तभी आप आगे निकल सकते हो। उन्होंने आगे बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।

समाजसेवी राम निवास शास्त्री ने एक बात पर विशेष जोर देते हुए कहा कि एक रोटी कम खाओं, मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलाये, जिससे की बच्चे शिक्षित होकर आपका और समाज का नाम रोशन करें।

# विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला द्वारा हिंदू नववर्ष महोत्सव का होगा आयोजन

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**विश्व हिंदू परिषद** नरेला जिला द्वारा हिंदू नववर्ष महोत्सव का आयोजन आगामी 15 से 22 मार्च तक नरेला के रामलीला ग्राउंड में किया जा रहा है। जिसको लेकर आयोजकों की ओर से गणमान्य को निमंत्रण पत्र दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला पदाधिकारियों ने दिल्ली नगर निगम नरेला जोन उपायुक्त अंजलि सहरावत व बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार को निमंत्रण पत्र दिया। व आयोजन स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की। विहिप जिला मंत्री राजेश जैन ने बताया कि नरेला के रामलीला ग्राउंड में




15 से 22 मार्च तक होने वाले भव्य हिंदू नववर्ष महोत्सव को लेकर समाज के सभी लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है, वे सभी लोग भी सादर आमंत्रित हैं जिन तक यह सूचना पहुंच रही है। जिला उपाध्यक्ष मनोज बंसल ने बताया कि भव्य हिंदू नववर्ष महोत्सव का निमंत्रण बाहरी उत्तरी जिला उपायुक्त रवि कुमार व दिल्ली नगर निगम नरेला जोन उपायुक्त अंजलि सहरावत को दिया गया है। साथ ही आयोजन स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला उपायुक्त रवि कुमार से विस्तृत बात की वही आयोजन स्थल पर दिल्ली नगर निगम से संबंधित होने वाले कार्यों को लेकर नरेला जोन उपायुक्त को अवगत कराया। नरेला जिला अध्यक्ष सुरेंद्र गर्ग ने बताया कि भव्य हिंदू नववर्ष महोत्सव के तहत होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियां अंतिम चरण में है। सभी भक्त और विहिप कार्यकर्ता पूर्ण उत्साह के साथ कार्य की तैयारियों में लगे हुए हैं। भव्य हिंदू नववर्ष महोत्सव के लिए समाज के सभी लोगों को सप्रेम निमंत्रण दिया जा रहा है। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष सुरेंद्र गर्ग, जिला उपाध्यक्ष डॉ विजयंत, जिला उपाध्यक्ष मनोज बंसल, जिला मंत्री राजेश जैन, बालसंस्कार प्रमुख सत्य प्रकाश अग्रवाल, वनवासी कल्याण आश्रम अध्यक्ष सुभाष खत्री (आर.एस.एस) हरिश्चंद्र प्रखंड सोशल मीडिया प्रमुख रजत शर्मा, हरिश्चंद्र प्रखंड से निपुण गुप्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संदीप जैन मौजूद रहे।




मोदी के 'मन की बात' का कार्यक्रम त्रिनगर मंडल में निगम पार्षद मीनू वीरेंद्र गोयल के कार्यालय में रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी अनुराधा गुप्ता का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी, बेगराज खटाना, मोहनलाल गौड, पूर्व मंडल अध्यक्ष जय भगवान गुप्ता मौजूद रहे।

# जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य ही लगाये: सत्यपाल शर्मा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
शालीमार बाग के समाजसेवी व जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कहा कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम सभी अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाये, जिससे की क्षेत्र हरा-भरा नजर आये। श्री शर्मा ने आगे कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। श्री शर्मा ने आगे कहा कि मानव जीवन में वृक्षों का



बहुत अधिक महत्व है। वृक्ष पर्यावरण संतुलित रखने के साथ-साथ मानव के खाद्य सामग्री और औषधियां देते हैं। इसलिए सभी पौधारोपण करें और उसकी रक्षा की भी जिम्मेवारी भी ले।



जहांगीरपुरी वार्ड में कार्यों का जायजा लेते हुए आप नेता सुरेश शर्मा व अन्य।

# अशोक विहार: 'प्रेरणा' संस्था ने किया कीर्तन दरबार एवं ट्राई साईकिल का वितरण

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**अशोक** विहार की प्रमुख सामाजिक संस्था 'प्रेरणा' के तत्वाधान में अशोक विहार सेंट्रल मार्किट में सेवा और भक्ति का अनुठा संगम देखने को मिला। एक ओर जहां संस्था द्वारा विकलांगों के बीच दर्जनों साईकिल रिक्शा/व्हील चेयर आदि का वितरण किया गया। तो वहीं, दूसरी सामाजिक एकता व भाईचारों का के रूप में विशाल कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध रागी भाई चमनजीत सिंह व सहयोगियों ने कीर्तन की प्रस्तुति कर संगत को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर अशोक विहार के विभिन्न गुरूद्वारों के रागियों ने भी भजन कीर्तन प्रस्तुति की। इस अवसर पर अतिथि





के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद डॉ. हर्षवर्धन, विजय गोयल, भाजपा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष विरेन्द्र सचदेवा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधायकविजेन्द्र गुप्ता, विधायक राजेश गुप्ता, पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता समेत दर्जनों पार्षद व सैंकड़ों सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक संगठन के प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। कीर्तन दरबार में लगभग 10 हजार लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। समारोह का संयोजन पूर्व विधायक व प्रेरणा सामाजिक संस्था के चेयरमैन डॉ. महेन्द्र नागपाल, एवं प्रधान योगेश वर्मा (निगम पार्षद) ने किया। समारोह में दिल्ली गुरूद्वारा प्रबंधंक कमेटी के सदस्य स. करताल सिंह चावला (विक्की चावला), स., गुरूमीत सिंह शंटी, स. हरविन्दर सिंह समेत वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी गुरूद्वारों के पदाधिकारियों समेत सिख संगत ने प्रमुखता से भाग लिया। कीर्तन दरबार की विशेष जानकारी देते हुए संस्था के चेयरमैन व पूर्व विधायक डॉ. महेन्द्र नागपाल ने बताया कि दरबार की सुन्दर लाईटिंग व्यवस्था व सजाबट समारोह में चकाचौंध करने वाली थी। कीर्तन दरबार में महिलाओं व पुरूषों की बैठने की अलग-अलग व्यवस्था की गई थी। भजन-कीर्तन के दौरान उनका रागियों ने दरबार में समां बांध दिया। जोड़ा सेवा, जल सेवा व भंडारा सेवा के कार्यकर्ता अपनी भक्ति भाव से सेवाएं प्रदान कर रहे थे। सुरक्षा व यातायात का बंदोबस्त भी चुस्त-दुरूस्त था।

पुलिस व वोलंटियरों का सहयोग भी काफी सराहनीय रहा। समारोह में हिन्दू, सिक्ख संगत के अलावा मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की।

## ऑस्ट्रेलियाई टीम स्मिथ और लाबुशेन पर बहुत ज्यादा निर्भर: मैकग्रा

चेन्नई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने यहां कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत में चल रही चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला में स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन पर बहुत अधिक निर्भर है। उन्होंने कहा कि श्रृंखला में वापसी के लिए पूरे बल्लेबाजी क्रम को एकजुट होकर प्रदर्शन करना होगा। भारत ने चार मैचों की श्रृंखला के शुरुआती दो मुकाबलों को जीत कर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। 'एमआरएफ पेस फाउंडेशन' में कोचिंग के निदेशक मैकग्रा ने यहां कहा, ''मुझे लगता है कि वे इस समय (स्टीव) स्मिथ और मार्नस (लाबुशेन) पर बहुत अधिक निर्भर है। ट्रेविस हेड के लिए यह साल अच्छा रहा है और अब पूरी बल्लेबाजी इकाई को एकजुटता दिखानी होगी।'' ऑस्ट्रेलिया के लिए 124 टेस्ट में 563 विकेट लेने वाले 53 साल के इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, '' मुझे लगता है कि वे भारत में स्पिन से निपटने की योजना पर अडिग नहीं रहे। पहले टेस्ट में, वे बहुत रक्षात्मक थे जबकि दूसरे टेस्ट में, वे बहुत आक्रामक थे। उन्हें बीच का रास्ता निकाल कर क्रीज पर अधिक समय बिताने पर ध्यान देना होगा।''मैकग्रा ने आगे कहा कि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क और हरफनमौला कैमरून ग्रीन की गैरमौजूदगी ने टीम के संतुलन को प्रभावित किया, लेकिन साथ ही नागपुर में पहले टेस्ट के लिए हेड को बाहर करने जैसे चयन फैसलों पर भी सवाल उठाया।

## अरविंद नें रचा जीता लगातार तीसरी बार जीता नेशनल रैपिड ब्लिट्ज़ का दोहरा खिताब

जम्मू। भारत के ग्रांड मास्टर अरविंद चितांबरम नें लगातार तीसरी बार नेशनल रैपिड और ब्लिट्ज़ दोनों के खिताब अपने नाम करते हुए एक नया इतिहास बना दिया है और वह ऐसा करने वाले भारतीय शतरंज इतिहास के पहले खिलाड़ी बन गए है । दो दिन पहले ही रैपिड का खिताब जीतने वाले अरविंद नें शतरंज के सबसे छोटे फॉर्मेट ब्लिट्ज़ मे 11 राउंड मे सभी राउंड जीतकर बेमिशाल अंदाज में खिताब अपने नाम किया । अरविंद नें यह खिताब एक राउंड पहले ही जीतना तय कर



लिया था जब उन्होंने अंतिम राउंड में पद्मिनी राऊत को पराजित किया और 10 अंक बना लिया । महाराष्ट्र के नुबेरशाह शेख रैपिड के बाद ब्लिट्ज़ में भी दूसरे स्थान पर रहे ,8.5 अंको पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर उन्होंने तीसरे स्थान पर रहे तामिलनाडु के अविनाश रमेश को पीछे छोड़ा । 8 अंको पर टाईब्रेक के आधार पर पांडिचेरी के श्रीहरी एल ,दिल्ली के आराध्य गर्ग ,बंगाल के मित्रभा गुहा ,तेलंगाना के राजा ऋत्विक आर , महाराष्ट्र की दिव्या देशमुख ,और गोवा के औदि अमेय क्रमशः चौथे से नौवे स्थान पर रहे जबकि 7.5 अंक बनाकर पद्मिनी राऊत शीर्ष 10 में जगह बनाने में कामयाब रही ।

## ऑस्ट्रेलिया के दो बड़े 'योद्धा' हुए तैयार, तीसरे टेस्ट में दिखाएंगे दम

इंदौर ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के लिए तीसरा टेस्ट करो या मरो स्थिति जैसा है। मेहमान टीम चार टेस्ट मैचों की सीरीज के शुरुआती दो मैचों में एकतरफा हार का सामना करती नजर आई। अब अगला मैच 1 मार्च से इंदौर शुरू होगा, जिसमें मेहमान टीम हर हाल में वापसी करना चाहेगी। लेकिन राह मुश्किल है क्योंकि उनके कप्तान पैट कमिंस निजी कारणों से वापस लौट चुके हैं तो वहीं डेविड वार्नर समेत भी अन्य 6 खिलाड़ी लौट गए। अब कमान स्टीव स्मिथ के हाथों में है। उनके लिए अच्छी खबर यह है कि उनके दो बड़े 'योद्धा' तीसरे टेस्ट में उतरने को तैयार हैं जो फिलहाल बाहर थे।



**तीसरे टेस्ट में दिखाएंगे दम**

जी हां...लगातार झटके खाने के बाद अब मेहमान टीम के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। दरअसल, पहले दो टेस्ट में चूकने वाले मिचेल स्टार्क और कैमरन ग्रीन तीसरे टेस्ट में खेलने के लिए तैयार हैं। दोनों को उंगली की चोट से उबरने के बाद खेलने के लिए मंजूरी दे दी गई है। हालांकि स्टार्क पूरी तरह से चोट से नहीं उबर पाए हैं, लेकिन फिर भी उन्होंने मैदान पर उतरने के लिए जोश दिखाया है। वहीं कैमर की बात करें तो पहले उनकी उपलब्धता पर सस्पेंस बना हुआ था , लेकिन अब वह पूरी तरह से फिट हैं। उन्होंने फ्रैक्चर हुई उंगली की सर्जरी कराई थी और ऑलराउंडर को पूरी तरह ठीक होने के लिए समय की जरूरत थी। ग्रीन ने कहा कि वो दूसरा टेस्ट खेलने के करीब थे, लेकिन एक अतिरिक्त सप्ताह मिलने से वो पूरी तरह फिट हो गए हैं और आखिरी दो मैचों में उपलब्ध रहेंगे।

# फॉलोऑन खेलने के बाद जीतने वाली चौथी टीम बनी न्यूजीलैंड-वेलिंगटन टेस्ट में कीवी ने इंग्लैंड को 1 रन से हराया, दूसरी पारी में 483 रन बनाए

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 1 रन से हरा दिया। इसके साथ ही फॉलोऑन खेलने के बाद जीतने वाली दुनिया की चौथी टीम बनी। साथ ही न्यूजीलैंड टेस्ट में 1 रन के अंतर से जीतने वाली दूसरी टीम भी है। आखिरी दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 210 रन बनाने थे। लेकिन टीम 209 रन ही बना पाई। इससे पहले न्यूजीलैंड ने फॉलोऑन खेलते हुए दूसरी पारी में 483 रन बनाए थे। इंग्लैंड को जीत के लिए पहली पारी की बढ़त के आधार पर जीत के लिए दूसरी पारी में 258 रन की जरूरत थी। इंग्लैंड ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक 1 विकेट पर 48 बना लिए थे। इंग्लैंड ने पहली इनिंग में 8 विकेट के नुकसान पर 435 रन बनाकर पारी घोषित



कर दी थी। जबकि न्यूजीलैंड ने 209 रन बनाए थे। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड की तरफ से निल वेगनर ने 4 और कप्तान टिम साउदी ने 3 विकेट हासिल किए।।

**इंग्लैंड ने 32 रन के अंदर गंवा दिए 4 विकेट**

इंग्लैंड ने पांचवें दिन 48 रन से आगे खेलते हुए पारी में 32 रन जोड़ने के अंदर ही 4 विकेट गंवा दिए। ओली रॉबिनसन 53 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। उनका विकेट टिम साउदी ने लिया। वह 2 रन ही बना सके।

वहीं बेन डकेट भी 59 रन के स्कोर पर आउट हो गए। उसके बाद ओली पोप भी 80 के स्कोर पर चलता बने। वहीं इसी स्कोर पर हैरी ब्रूक भी बिना एक गेंद खेले ही रन आउट होकर पवेलियन चले गए।

**रूट और बेन स्टोक्स ने इंग्लैंड के लिए 121 रन की साझेदारी की**

हालांकि उसके बाद जो रूट और बेन स्टोक्स ने टीम की पारी को संभाला। दोनों के बीच 121 रन की साझेदारी हुई। लंच तक इंग्लैंड ने 5 विकेट पर 168 रन बना लिए थे। बेन स्टोक्स 201 रन पर आउट हो गए। उन्होंने 116 गेंदों पर 33 रन बनाया। उनके जाने के बाद 202 रन पर इंग्लैंड का सातवां विकेट गिरा और जो रूट भी 95 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

**फोक्स ने खेले 35 रन की पारी**

उनके लौटने के बाद कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक पाया, हालांकि बेन फोक्स ने पारी को संभालने की कोशिश की, पर वह टीम को जीत नहीं दिला पाए। वे 251 रन पर आउट हो गए। उन्होंने 57 गेंदों पर 35 रन की पारी खेली। आखिरी विकेट पर इंग्लैंड को जीत के लिए 6 रन की जरूरत थी। पर जेम्स एंडरसन भी 256 रन पर आउट हो गए। इस तरह इंग्लैंड को 1 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

## इंदौर में बैटिंग पिच मिलने की उम्मीद :गिल और राहुल ने साथ की नेट प्रैक्टिस; विराट कोहली ने कराई कैचिंग

इंदौर। इंदौर के होलकर स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट बुधवार से खेला जाएगा। मैच से पहले दोनों ही टीमों ने इंदौर पहुंच कर प्रैक्टिस शुरू कर दी है। टीम इंडिया के बैटर्स केएल राहुल और शुभमन गिल ने अलग-अलग नेट में एक ही समय पर बैटिंग प्रैक्टिस की।

इस दौरान विराट कोहली अपने साथी खिलाड़ियों को स्लिप में कैच प्रैक्टिस कराते नजर आए। आगे स्टोरी में हम जानेंगे कि मुकाबले से पहले होलकर स्टेडियम की पिच कैसी नजर आ रही है और दोनों ही टीमों में मैच से पहले प्रैक्टिस सेशन के क्या माहौल रहे।

**गिल ने सबसे पहले प्रैक्टिस शुरू की**

भारत के ओपनिंग बैटर शुभमन गिल सबसे पहले स्टेडियम पहुंचे। स्टेडियम में घुसते ही उन्होंने पैड बांधे, बैट उठाया और बैटिंग प्रैक्टिस शुरू कर दी। हेड कोच राहुल द्रविड़ ने कुछ देर तक उन्हें बैटिंग करते हुए देखा। कुछ देर बाद ही टीम के



बाकी खिलाड़ियों ने भी नेट प्रैक्टिस शुरू कर दी।

बैटर केएल राहुल ने भी बैटिंग प्रैक्टिस की। वह और गिल दोनों एक ही समय पर अलग-अलग नेट में बैटिंग करते नजर आए। गिल ने जहां जडेजा, अक्षर समेत अन्य स्पिनर्स के सामने बहुत देर बैटिंग की तो वहीं, राहुल ने लेफ्ट आर्म पेसर्स के सामने बैटिंग की।

**आउट ऑफ फॉर्म हैं राहुल**

तीसरे टेस्ट से पहले केएल राहुल का फॉर्म टीम इंडिया के लिए चिंता की बात है। राहुल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी सीरीज के 2 मैचों में 20, 17 और एक रन की पारियां ही खेल सके हैं। उन्होंने जनवरी 2021 को आखिरी बार टेस्ट में साउथ अफ्रीका के खिलाफ फिफ्टी प्लस स्कोर बनाया था। आखिरी फिफ्टी के बाद से राहुल 10, 12, 23, 22, 2, 10, 20, 1 और 17 रन के स्कोर ही बना सके हैं। वह 5 टेस्ट से फिफ्टी और 6 टेस्ट से शतक नहीं जड़ सके हैं। ऐसे में टीम मैनेजमेंट उन्हें हटा कर शुभमन गिल को मौका दे सकती है।

**कोहली ने कराई कैच प्रैक्टिस**

होलकर स्टेडियम में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली और रोहित शर्मा ने भी एक ही समय पर नेट प्रैक्टिस की। रोहित जहां स्पिनर्स के खिलाफ लंबे-लंबे शॉट्स लगाते दिखे तो वहीं कोहली ऑफ स्पिनर्स के सामने लगातार डिफेंस करते दिखे। बैटिंग प्रैक्टिस के बाद कोहली ने अपने साथी प्लेयर्स को स्लिप कैचिंग की प्रैक्टिस भी कराई। कोहली खुद इंटरनेशनल क्रिकेट में 300 कैच लेने से महज एक कैच दूर हैं।

## धोनी और धवन ने मुझे मेरे बुरे दौर से उबरने में मदद की: ईशांत शर्मा

नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने शिखर धवन और महेन्द्र सिंह धोनी की तारीफ करते हुए कहा कि इन दोनों ने उनके बुरे दौर से उबरने में उनकी मदद की। उन्होंने क्रिकबज के 'राइज ऑफ न्यू



इंडिया' शो में कहा, मेरा सबसे खराब लम्हा 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली में हुआ मैच था। मुझे नहीं पता कि इससे बुरा पल मेरे लिए कभी हो सकता है या नहीं। यह मेरे लिए बहुत कठिन था। मैंने मैच में बहुत रन दिए। जिस चीज ने मुझे सबसे ज्यादा चोट पहुंचाई वह यह थी कि मैं टीम की हार का कारण था। मैं उस समय अपनी पत्नी को डेट कर रहा था और मैंने अभी उससे बात की थी और मुझे लगता है कि मैं लगभग रोया था मैं उसे हर दिन फोन करता था और फोन पर यह कहते हुए रोता था कि टीम मेरी वजह से हारी। ईशांत ने खुलासा किया कि कैसे धोनी और धवन उनके कमरे में आए और उन्हें प्रोत्साहित किया। ईशांत ने यह भी स्वीकार किया कि इस मैच के बाद सभी के बीच यह धारणा हो गई थी कि वह एक अच्छे सफेद गेंद गेंदबाज नहीं है। उन्होंने कहा, अच्छी बात यह हुई कि माही भाई (एमएस धोनी) और शिखर धवन मेरे कमरे में आए और कहा, 'देखो, तुम अच्छा कर रहे हो,' उस एक मैच की वजह से यह धारणा बन गई कि मैं सफेद गेंद का गेंदबाज नहीं हूं। ईशांत आखिरी बार 2016 में भारत के लिए खेले थे और तब से तीनों प्रारूपों में से किसी में भी चयन के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया गया।

## ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर ने शादी की :महाराष्ट्र के कर्जत में हुई वेडिंग सेरेमनी, पत्नी रितिका के साथ पहुंचे रोहित; श्रेयस ने डांस किया

मुंबई। टीम इंडिया के ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर ने गर्लफ्रेंड मिताली पारुलकर से शादी कर ली है। ठाकुर ने महाराष्ट्र के कर्जत में शादी की। रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और युजवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री वर्मा समारोह में शामिल हुए। रोहित के साथ पत्नी रितिका भी पहुंचीं। मुंबई रणजी ट्रॉफी टीम के कोच अभिषेक नायर और कई दूसरे प्लेयर भी शार्दूल के विवाह समारोह में शामिल हुए।

**श्रेयस अय्यर का डांस**

इस दौरान शार्दूल के टीममेट श्रेयस अय्यर डीजे की धुन पर डांस करते नजर आए। रोहित और मुंबई टीम के दूसरे प्लेयर्स ने भी संगीत सेरेमनी में डांस किया।

**झिंगाट पर झूमे थे शार्दूल**

शार्दूल की हल्दी सेरेमनी 25 फरवरी को हुई थी। 26 को संगीत



सेरेमनी के दौरान उन्होंने सैराट फिल्म के 'झिंगाट' गाने पर डांस किया था। संगीत सेरेमनी में श्रेयस अय्यर ने भी डांस किया। मराठी रीति-रिवाज से हुई शादी

31 साल के शार्दूल ने मराठी रीति-रिवाज से शादी की। मिताली और शार्दूल मराठी ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आए। ठाकुर परिवार और दोस्तों के साथ डांस करते भी दिखे। इंटरनेट पर दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ उनके फोटोज भी वायरल हुए।

**कौन हैं मिताली?**

मिताली बिजनेसवुमन हैं। उन्होंने 'द बेक्स' कंपनी की स्थापना की। ये मुंबई और ठाणे में है। उनकी कंपनी बेकरी आइटम्स सप्लाई करती है। 2020 में मिताली ने 'ऑल द जैज- लग्जरी बेकर्स' कंपनी भी खोली थी। इस पर भी बेकरी आइटम्स की बिक्री होती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, शार्दूल और मिताली गोवा में डेस्टिनेशन वेडिंग करने वाले थे, लेकिन शार्दूल की क्रिकेट में व्यस्तता के बाद दोनों ने महाराष्ट्र में ही शादी की। शादी में 250 से 300 रिश्तेदारों को ही बुलाया गया। मुंबई में ही रिसेप्शन रखा जाएगा। मिताली ने बताया था कि शार्दूल मुंबई में लीग क्रिकेट खेलने में व्यस्त थे। 24 फरवरी को आखिरी मैच खेलने के बाद 25 को ही वह परिवार के साथ जुड़ सके।

## एमबाप्पे और मेस्सी के गोल से पीएसजी ने मार्सिले को हराया

पेरिस। काइलियान एमबाप्पे के दो और लियोनल मेस्सी के एक गोल से फ्रेंच लीग में शीर्ष पर चल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने खिताब के दावेदारों में शामिल मार्सिले को 3-0 से हराया। एमबाप्पे लीग में 17 गोल के साथ शीर्ष पर चल रहे हैं। उन्होंने पीसीजी की ओर से सर्वाधिक 200 गोल दागने के एडिनसन कवानी के क्लब रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। पीएसजी को इसी महीने फ्रेंच कप में मार्सिले के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था। टीम इस मुकाबले में एमबाप्पे के बिना खेली थी और उन्हें इस स्टार खिलाड़ी की कमी खली। इस बार टीम में नेमार नहीं थे लेकिन उसे ब्राजील के इस स्टार खिलाड़ी की कमी नहीं खली। इस मुकाबले में जीत दूसरे स्थान पर चल रहे मार्सिले को गत चैंपियन पीएसजी से सिर्फ दो अंक की दूरी पर पहुंचा देती लेकिन अब वह शीर्ष पर चल रही इस टीम ने आठ अंक पीछे है जबकि 13 दौर का खेल बाकी है।

# बांग्लादेश का दौरा विश्व कप से पहले इंग्लैंड के लिए आदर्श चुनौती : जोस बटलर

ढाका। इंग्लिश क्रिकेट टीम के सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि आगामी बांग्लादेश दौरे पर धीमी और नीची विकेट पर खेलना इस साल के अंत में भारत में होने वाले विश्व कप के लिए आदर्श तैयारी है।

इंग्लैंड को बांग्लादेश में तीन वनडे और तीन ट्वेंटी-20 मैच बुधवार से मीरपुर में खेलने हैं।

बटलर ने ढाका में संवाददाताओं से कहा, यह ठीक उसी तरह की चुनौती है, जिसकी हमें विश्व कप के करीब जरूरत है, शायद उन परिस्थितियों में खुद को परखने के लिए एक टीम के रूप में हमें सबसे कठिन लगेगी। हम धीमी और नीची विकेट की उम्मीद कर रहे हैं, जो वास्तव में



हम चाहते हैं, कठिन परिस्थितियों में खुद को परखने के लिए हमारे लिए अच्छी तैयारी होगी। इंग्लैंड अपने कुछ बहु-प्रारूप खिलाड़ियों के बिना दौरे पर गई है, टेस्ट टीम वर्तमान में न्यूजीलैंड में दूसरा मैच खेल रही है, लेकिन बटलर ने कहा कि उनके पास अभी भी एक संतुलित गेंदबाजी आक्रमण होगा।

उन्होंने कहा, आम तौर पर विकेट धीमा होगा, लेकिन जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड जैसे गेंदबाज हमारे पास हैं, जिनके पास शानदार स्पीड है, वे इन विकेटों पर तेजी से गेंदबाजी कर सकते हैं।

हमारे पास टीम में अच्छी विविधता है। दाएं हाथ, बाएं हाथ, तेज गति वाले गेंदबाज हैं, जो स्विंग कर सकते हैं।

बता दें कि भारत अक्टूबर और नवंबर में 50 ओवरों के विश्व कप की मेजबानी करेगा।

# आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2023 की मोस्ट वैल्यूएबल टीम में ऋचा घोष को मिली जगह

दुबई। आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2023 की मोस्ट वैल्यूएबल टीम में भारतीय युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष को जगह मिली है। घोष के अलावा अन्य कोई भी भारतीय खिलाड़ी इस टीम में जगह नहीं बना पाया है, वहीं खिताब विजेता ऑस्ट्रेलियाई टीम की चार खिलाड़ियों को टीम में चुना गया है। टीम



में ऑस्ट्रेलिया की ओर से प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट एश्ले गार्डनर, एलिसा हीली, डार्सी ब्राउन और मेगन शुट्ट को शामिल किया गया है, जबकि इंग्लैंड के नेट साइवर-ब्रंट को कप्तान के रूप में चुना गया है। टीम को विशेषज्ञों के एक पैनल द्वारा चुना गया था जिसमें कमेंटेटर इयान बिशप, मेलानी जोन्स और एबोनी रेनफोर्ड-ब्रेंट, पत्रकार फिरदोस मोंडा शामिल थे, विशेषज्ञ पैनल में आईसीसी महिला क्रिकेट प्रबंधक स्नेहल प्रधान संयोजक के रूप में कार्यरत थीं। icc-cricket.com पर चलाए गए एक फैन वोट ने भी चयन में योगदान दिया।

**आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 की (बल्लेबाजी क्रम में) की मोस्ट वैल्यूएबल टीम इस प्रकार है:**

1.तज़मिन ब्रिट्स (दक्षिण अफ्रीका- 37.20 की औसत से 186 रन),

2.एलिसा हीली (विकेटकीपर,ऑस्ट्रेलिया- 47.25 की औसत से 189 रन और चार शिकार),

3.लौरा वोल्वार्ड्ट (दक्षिण अफ्रीका- 46.00 की औसत से 230 रन),

4. नेट साइवर-ब्रंट (कप्तान) (इंग्लैंड- 72 की औसत से 216 रन),

5.एश्ले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया-36.66 की औसत से 110 रन और 10 विकेट),

6.ऋचा घोष (भारत- 68 की औसत से 136 रन),

7.सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड-7.54 की आर्थिक दर से 11 विकेट),

8.करिश्मा रामहरैक (वेस्टइंडीज- 10 की आर्थिक दर से 5 विकेट),

9.शबनीम इस्माइल (दक्षिण अफ्रीका- 8 विकेट),


10. डार्सी ब्राउन ऑस्ट्रेलिया-7 विकेट),

11. मेगन शुट्ट (ऑस्ट्रेलिया-10 विकेट)

12वीं खिलाड़ी: ओरला प्रेंडरगैस्ट (आयरलैंड) 27.25 की औसत से 109 रन और 3 विकेट।

# भारतीय पिचों पर डिफेंस पर भरोसा जरूरी, सही शॉट खेलेंगे तो रन आएंगे : भरत

इंदौर। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीकर भरत ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले कहा कि भारतीय पिचों पर खेलते हुए किसी भी खिलाड़ी को अपने डिफेंस पर भरोसा करना जरूरी होता है। भरत ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''रोहित भाई ने मुझसे कहा कि मैं (दिल्ली टेस्ट में) छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने जाऊंगा। मैं ऑस्ट्रेलिया के ऑलआउट होते ही बल्लेबाजी के लिये तैयार हो गया था। एक खिलाड़ी के तौर पर आप कभी नहीं सोच सकते कि आपको बल्लेबाजी का मौका नहीं मिलेगा। सौभाग्य से उस दिन मुझे बल्लेबाजी मिली। ऑस्ट्रेलिया ने दिल्ली में खेले गये दूसरे टेस्ट में भारत के सामने सिर्फ 115 रन का लक्ष्य रखा था, हालांकि इस लक्ष्य तक पहुंचते हुए भारत ने चार विकेट गंवा दिये। अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे भरत ने मौका मिलने पर 22 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के के साथ 23 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने कहा, ''आपके खेलने के रवैये से कोई परेशानी नहीं होती। इन पिचों पर शॉट चयन महत्वपूर्ण होता है। अगर आप सही शॉट खेलेंगे तो रन आते रहेंगे। डिफेंस पर भरोसा करना ही सफलता की कुंजी है। भारत के शीर्ष विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के चोटग्रस्त होने पर भरत को टीम में जगह दी गयी है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध इसी सीरीज में पदार्पण किया है, हालांकि इसके बावजूद कप्तान रोहित शर्मा ने उनपर काफी



भरोसा जताया है। भरत ने रोहित के साथ अपने संबंध पर कहा, ''मेरी रोहित भाई से बात हुई। उन्होंने कहा कि मैं बल्लेबाज के करीब रहता हूं इसलिये मैं अंपायर समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के मामले में फैसला ले सकता हूं। उन्होंने कहा है कि मुझे जो भी लगे, मैं उसपर खुलकर अपनी राय रखूं। भरत ने बताया, ''रोहित भाई ने कहा है कि मुझे इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं कि फैसला हमारे पक्ष में जायेगा या नहीं, बस अपने ऊपर भरोसा करके बात आगे रखनी है।' भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट एक मार्च से यहां होल्कर स्टेडियम पर खेला जायेगा।

## जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रो लीग मैचों में भारत की अगुवाई करेंगे हरमनप्रीत

नई दिल्ली। ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह आगामी एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) हॉकी प्रो लीग मैचों में मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी और विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह टीम के उपकप्तान होंगे। टीम में अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और युवा पवन शामिल हैं, जिन्होंने कृष्ण बहादुर पाठक की जगह ली है। पाठक अपनी शादी के कारण टीम से बाहर रहेंगे। हरमनप्रीत के साथ जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, जरमनप्रीत सिंह, सुमित, मंजीत और मनप्रीत सिंह टीम की रक्षापंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगे जबकि मिडफील्ड में हार्दिक, विवेक सागर प्रसाद, मोइरंगथम रबीचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, दिलप्रीत सिंह, शमशेर सिंह और राज कुमार पाल जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। युवा एस कार्थी, सुखजीत सिंह, अभिषेक और गुरजंत अग्रिम पंक्ति को मजबूती प्रदान करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के डेविड जॉन और बीजे करियप्पा को शिवेंद्र सिंह के साथ आगामी मैचों के लिए अंतरिम कोच के रूप में नामित किया गया है। जिन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम में चयन नहीं हुआ है, उन्हें रविवार से बेंगलुरु में शुरू हुई तीसरी हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 में खेलने के लिए राष्ट्रीय कोचिंग शिविर से मुक्त कर दिया गया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 01 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

**न्यूज फ्लैश**

## कृषि मंत्री ने केरल में वेगा 2023 प्रदर्शनी का किया निरीक्षण

**देहरादून:** केरल प्रवास के दूसरे दिन मंगलवार को कृषि मंत्री ने केरल के तिरुवनन्तपुरम में कृषि विभाग, केरल की वेगा 2023 के प्रदर्शनी हाल का निरीक्षण किया। इसमें देश के विभिन्न राज्यों के 200 से अधिक लगाए गए थे। इसमें उत्तराखंड से भी कृषि विभाग के अधीन उत्तराखंड जैविक उत्पाद परिषद द्वारा भी स्टाल लगाया गया था। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केरल सरकार में पशुपालन और डेयरी मंत्री जे चिनचुरानी से भी भेंट की और उन्हें सगन्ध से निर्मित उत्पादों का स्मृति चिन्ह भेंट की और उन्हें उत्तराखंड आने का आमंत्रित भी किया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विभिन्न राज्यों के स्टॉलों के निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यहां पर आकर उत्तर से दक्षिण पूर्व से पश्चिम सभी राज्यों के विभिन्न उत्पादों को देखने का मौका मिला और समझने का अवसर मिला। मंत्री जोशी ने कहा कि मुझे यहां आने का मौका मिला है क्योंकि आज ब्रांडिंग पैकेजिंग और मार्केटिंग का जमाना है। उन्होंने कहा आज हमारे किसान भाई अच्छी पैकेजिंग कर अपने उत्पाद को बाजार में ला रहे हैं आज किसानों को उनके उत्पाद का सही दाम मिल रहा है। उन्होंने कहा आज हम ऑर्गेनिक की ओर बढ़ रहे हैं इसलिए हमें ऑर्गेनिक की ओर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है।मंत्री जोशी ने आयोजकों को कार्यक्रम के आयोजन की बधाई दी और कहा उत्तराखंड के उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा उत्तराखंड सरकार एक संकल्प के साथ कार्य कर रही है जब हमारा राज्य 25 वर्ष का होगा तो हम ऑर्गेनिक और मिलेट्स में अपने उत्पाद को दोगुना करेंगे। इस दिशा में प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर उत्तराखंड जैविक उत्पाद परिषद के एमडी विनय कुमार भी उपस्थित थे।

## मधुमक्खियों के हमले में नर्सिंग आफिसर घायल

**ऋषिकेश:** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में अपनी सुबह की ड्यूटी करके जौलीग्रांट अपने घर लौट रहे एक नर्सिंग आफिसर पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। देहरादून रोड वन विभाग चौकी के समीप हुई इस घटना के बाद वहां से गुजर रहे वाहन रुक गए। युवक को हिमालयन हास्पिटल जौली ग्रांट में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। आज भोर में होश आने के बाद नर्सिंग आफिसर ने अपने बारे में बताया तब अस्पताल के लोगों को घटना की जानकारी हुई। सोमवार की दोपहर करीब 2.30 बजे एम्स में नर्सिंग आफिसर के पद पर तैनात राहुल नौटियाल (26 वर्ष) निवासी जौली ग्रांट, डोईवाला, देहरादून अपने घर लौट रहा था। देहरादून रोड वनविभाग चौकी से कुछ दूरी पर स्कूटी सवार राहुल नौटियाल पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। आसपास से गुजर रहे वाहन चालकों ने अपने वाहन वहीं खड़े कर दिए। कुछ लोगों ने इस युवक की मदद करनी चाही, लेकिन मधुमक्खियां कार सवार इन व्यक्तियों के कार में भी घुस गईं। इसके बाद 108 सेवा की मदद से राहुल को हिमालयन हास्पिटल जौलीग्रांट लाया गया। अठुरवाला जौली ग्रांट निवासी राहुल के पिता ओमप्रकाश नौटियाल ने बताया कि हिमालयन हास्पिटल की इमरजेंसी में राहुल के शरीर से चिकित्सकों ने मधुमक्खी के करीब 300 डंक निकालें। उसके कान के भीतर से भी जिंदा मधुमक्खी निकाली गई। उसकी हालत गंभीर बनी है। राहुल को आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

# अधिकारी दें ध्यान, लोग न हों परेशान : सीएम योगी

**मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनीं 350 लोगों की समस्याएं, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण का अधिकारियों को निर्देश**

**गोरखपुर/टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देने का निर्देश दिया है। उन्होंने आम लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराने पर भी जोर दिया। गोरखनाथ मंदिर में लहगे जनता दर्शन में दो टूक शब्दों में कहा, "लोग परेशान नहीं होने चाहिए। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की मंशा रखने वालों के इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करें।" योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कर्रवाई करें। हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप होना चाहिए। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में सीएम ने लगभग 350 लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान कुछ महिलाओं के साथ आए उनके बच्चों को आशीर्वाद व दुलार देने के साथ उन्होंने चॉकलेट गिफ्ट कर खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।



**इलाज में मदद देगी सरकार:** जनता दर्शन में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार वाले आवेदन भी आए थे। मुख्यमंत्री ने इन्हें सरकार से इलाज में मदद देने को आश्वस्त किया। इलाज में धन की बाधा नहीं आने देने की बात भी कही।

**गोवंश को खिलाया गुड़-चना:** गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुनने के पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परम्परागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन व अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेकने के बाद सीएम योगी ने गोशाला में भी कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उनकी आवाज पर गोवंश उनके पास यूं चले आए जैसे घर के मुखिया के बुलाने पर बच्चे चले आते हैं। उन्होंने गोवंश को दुलारा और अपने हाथों से गुड़-चना खिलाया।

## बजट सत्र: तैयारियां जोरों पर–कुलदीप पठानिया



**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**

**हिमाचल** प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि बजट सत्र के आयोजन को लेकर विधान सभा सचिवालय पूरी तरह से सजग है तथा तैयारियां जोरो पर चल रही हैं। उन्होंने कहा कि सत्र के आयोजन में कोई कमी न रहे इस बावत विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों तथा लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग विद्युत तथा अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी कर दिये गये हैं। पठानिया ने कहा कि विशेषकर लोक निर्माण विभाग तथा लोक निर्माण विद्युत के अधिकारी विधान सभा सचिवालय भवन तथा परिसर में चल रहे विकासात्मक तथा मुरम्मत कार्यों में तेजी लायें तथा परिसर को सुन्दर व स्वच्छ बनाने में कोई कोताही न बरतें व समय रहते कार्य पूर्ण करें। गौरतलब है कि 14वीं विधान सभा का दूसरा सत्र 14 मार्च, 2023 से आरम्भ होगा तथा यह सत्र 6 अप्रैल, 2023 तक चलेगा। पठानिया ने कहा कि बजट सत्र के दौरान सदस्यों द्वारा सदन में पूछे जाने वाले प्रश्न भी सदस्यों से प्राप्त हो रहे हैं। पठानिया ने कहा कि यह सत्र बहुत महत्वपूर्ण है तथा सभी सदस्यों को प्रश्नों के माध्यम से तथा सदन में चर्चा के दौरान अपने–अपने निर्वाचन क्षेत्र से सम्बधित समस्याओं को पूरजोर तरीके से उठाना चाहिए तथा सरकार को अपने अनुभव व वरिष्ठता के आधार पर तर्कों सहित बहुमुल्य सुझाव देने का प्रयास करना चाहिए।

## उल्टा चोर कोतवाल को डांटे: कमलनाथ



**भोपाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मध्यप्रदेश में** सत्ता और विपक्ष के बीच जुबानी जंग जारी है। मुख्यमंत्री शिवराज और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ हमलावर स्थिति में हैं और एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। मंगलवार को कमलनाथ ने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए बड़ा हमला बोला है। कमलनाथ ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री शिवराज को घेरते हुए निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि शिवराज जी, कम से कम आप के श्री मुख से लोकतंत्र और संविधान की बातें अच्छी नहीं लगती। सत्ता के लालच में लोकतंत्र का गला घोटने के आप अनुपम उदाहरण हैं। आपकी बातें सुनकर मुझे 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' वाली कहावत याद आ जाती है। कमलनाथ ने सवाल साधते हुए कहा कि आप अपने अंतर्मन में झांकने के बजाय दूसरों से सवाल करते हैं। मध्य प्रदेश की जनता आपसे पूछती है कि आपने मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना के लाभार्थी नवविवाहित दंपतियों को, जिनके पास पक्का मकान नहीं है, उन्हें रियायती दरों पर पक्का मकान देने की घोषणा की थी। क्या यह योजना भी आपकी झूठ मशीन की भेंट चढ़ गई?

**निशाना साधा**

**शिवराज जी, कम से कम आप के श्री मुख से लोकतंत्र और संविधान की बातें अच्छी नहीं लगती**

**कांग्रेस झूठ परोसने की दुकान:** इससे पहले मुख्यमंत्री चौहान ने कांग्रेस और कमलनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्यपाल पर कांग्रेस की टिप्पणी को लोकतंत्र की गरिमा गिराने वाली बात बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ परोसने की दुकान है। राज्यपाल संवैधानिक पद है, राज्यपाल जी पर अशोभनीय टिप्पणी कर कमलनाथ जी ने लोकतंत्र की गरिमा गिराने का काम किया है।

## संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रामदूत को चढ़ाया 51 मन लड्डू

**संघ प्रमुख ने रामदूत को चढ़ाया 51 मन लड्डू, मां विंध्यवासिनी से राष्ट्र के उत्थान की कामना कर गए**

**मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया**

**विंध्य दरबार** में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत मंगलवार की सुबह मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन कर प्रयागराज प्रस्थान कर गए। सीएम योगी आदित्यनाथ के निमार्णाधीन ड्रीम प्रोजेक्ट को भी देखा और कुछ महत्वपूर्ण जानकारी ली। विंध्याचल के महुआरी कलां स्थित देवरहा बाबा आश्रम पर शिव-शक्ति व भक्ति का समागम दिखा। दरअसल, शक्ति नगरी मां विंध्यवासिनी धाम में काशी विश्वनाथ भगवान शिव की नगरी के कारीगर ने शुद्ध देशी घी के 51 मन लड्डू बनाए और उसे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रामदूत भगवान हनुमान को चढ़ाया। सोमवार की शाम विंध्याचल के महुआरी कला स्थित देवरहा बाबा आश्रम पहुंचे मोहन भागवत ने देवरहा हंस बाबा के सत्संग में बाबा के विचारों को सुना। रात्रि विश्राम कर मंगलवार की सुबह आश्रम स्थित हनुमान मंदिर में 51 मन लड्डू चढ़ा पूजन-अर्चन किया और कैलाश मानसरोवर को शीघ्र भारत वापस लाने व अखंड भारत को विश्वगुरू बनाने की कामना की। साथ ही आश्रम में नवनिर्मित मानस भवन का उद्घाटन किया, फिर मोहन भागवत ने देवरहा हंस बाबा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद विंध्यधाम पहुंचकर मां विंध्यवासिनी के चरणों में शीश नवाया। पांच पुरोहितों ने मंत्रोच्चारण के बीच पूजन कराया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी, प्रांत प्रचारक रमेश जी, विभाग प्रचारक परितोष, केशव, शैलेश, संतोष, अनिल, स्वयंसेवक आदि थे।



## पत्नी को डराने के लिए पति ने लगाई फांसी, फंदा कसने से हुई मौत

**कानपुर:** कोहना थाना क्षेत्र में पत्नी ने शराब के लती पति को शराब पीने के लिए मना किया तो उसने डराने के गले में फांसी का फंदा डाल लिया। यह देख पत्नी मिन्नतें करने लगी और इसी बीच संतुलन बिगड़ने से पति के गले में पड़ा फंदा कस गया। अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुराना कानपुर निवासी 28 वर्षीय अमित दुबे एक क्लीनिक में काम करता था। बीते साल ही 10 फरवरी 2022 को शुक्लागंज निवासी श्वेता से उसकी शादी हुई थी। देर रात अमित नशे की हालत में घर आया तो पत्नी श्वेता ने शराब पीने के लिए मना किया।

## विद्युत विभाग की लापरवाही पड़ रही भारी

**कुशीनगर/टीम एक्शन इंडिया**

**लगभग** आठ माह पूर्व बनी नगरपालिका की गांधी चौक सुंदरीकरण योजना विद्युत विभाग की लापरवाही से आगे नहीं बढ़ पा रही है। जबकि नगरपालिका ने विद्युत लाइन शिफ्टिंग के लिए 14 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया है। शिफ्टिंग का कार्य न होने से सुंदरीकरण योजना पर नगरपालिका व कुशीनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (कसाडा) हाथ पर हाथ धरे बैठा है। सुंदरीकरण योजना रोडवेज से शुरू होकर गांधी चौक होते हुए अमिय त्रिपाठी चौक तक के लिए बनी है। जिसके लिए विद्युत लाइन व पोल उखाड़कर दूसरी तरफ करना अनिवार्य है।

## सरकारी राशन में प्लास्टिक के चावल मिले

**औरैया/टीम एक्शन इंडिया**

**जिले के** अछल्दा विकासखंड क्षेत्र के गांव ऐली में अजीब-ओ-गरीब मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि राशन के तहत दिए गए चावलों में प्लास्टिक के चावलों की मिलावट की गई है। रुरुगंज चौकी क्षेत्र के ऐली गांव के संदीप, देवेद्र, विक्रांत, छोटे, सोनू, निशादेवी, वीनू पम्मी, सीमा आदि लोगों का कहना है कि वे सरकारी राशन की दुकान से बीते रविवार को चावल लेकर आए थे। महिला सीमा ने बताया कि मंगलवार की सुबह चावल पकाने के पूर्व चावल बिन कर साफ करने लगीं, तो उसमें भिन्न चावल दिखाई दिया, जो सफेद और उससे मोटा था। शक होने पर चावल के दाने को दांतों के बीच रखा तो उसमें कुछ अलग से अंतर लगा और वह फट गया। उसे सिल पर पिसा तो वह पिसा नहीं। उसने पांच किलो चावल में सौ ग्राम तक प्लास्टिक के दाने वाला चावल निकला। इसके बाद चावलों को देखा गया तो वे प्लास्टिक के दाने थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राशन के तहत दिए जा रहे चावलों में प्लास्टिक के चावलों की मिलावट कर कोटेदार द्वारा दिया जा रहा है। मामले में ऐली गांव के सरकारी राशन डीलर मुस्तकीम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जो सरकारी चावल आया है वही वितरण किया जा रहा है इसमें क्या कमी है इसकी जानकारी नहीं है।



**प्रतिमा का अनावरण**

**प्रतिमा का अनावरण 2023 आईसीसी विश्व कप के दौरान किया जाएगा।**

## वानखेड़े स्टेडियम में लगेगी सचिन की आदमकद प्रतिमा

**मुंबई/टीम एक्शन इंडिया**

**प्रशंसकों** को जल्द ही वानखेड़े स्टेडियम में क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर की आदमकद प्रतिमा देखने को मिलेगी। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले ने मंगलवार को इस खबर की घोषणा की। प्रतिष्ठित स्टेडियम में किसी खिलाड़ी की प्रतिमा स्थापित करने का यह पहला उदाहरण होगा। प्रतिमा का अनावरण 2023 आईसीसी विश्व कप के दौरान किया जाएगा। इसे एमसीए लाउंज के बाहर गोलाकार प्लेटफॉर्म पर खड़ा किया जाएगा।



एमसीए वानखेड़े में मास्टर ब्लास्टर का स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है और प्रतिमा उत्सव का एक हिस्सा है। देश भर के क्रिकेट स्टेडियमों में, कुछ ही आदमकद मूर्तियाँ हैं। अब तक पूर्व भारतीय कप्तान कर्नल सीके नायडू की केवल तीन अलग-अलग प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। वे इंदौर में होल्कर स्टेडियम, नागपुर में विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) स्टेडियम और आंध्र में वीडीसीए स्टेडियम में स्थित हैं। मास्टर ब्लास्टर एमसीए में अमोल काले के साथ मौजूद थे और पत्रकारों से बातचीत की।

सचिन ने कहा, "यह फैसला मेरे लिए एक सुखद आश्चर्य है, 1998 में यह सब वानखेड़े में शुरू हुआ था। मेरे लिए यात्रा यहीं से शुरू हुई थी। मैंने अपना पहला रणजी मैच यहीं खेला था। बहुत पहले, आचरेकर सर ने मुझे यहाँ फटकार लगाई थी और उसके बाद से मैं एक गंभीर क्रिकेटर बन गया। मैंने अपना आखिरी मैच इसी स्थान पर खेला था। यहां मेरे लिए जीवन पूरी तरह से बदल गया है। मेरे पास इस जगह की अद्भुत यादें हैं, कुछ यादगार और कुछ बहुत अच्छी नहीं। यह मेरे लिए एक बड़ा क्षण है।"

**सम्मान**

**मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले ने मंगलवार को इस खबर की घोषणा की**

